


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 148 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद अमावस्या 2082 शनिवार, 23 अगस्त-2025

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

### संभल मस्जिद विवाद में यथास्थिति के आदेश

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संभल मस्जिद विवाद में 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। उन्होंने हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत मस्जिद समिति की ओर से दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में संभल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा गया था।

# 'वोट चोरी' को घुसपैठ से जोड़ने की कोशिश

## > भाजपा का सबसे बड़ा चुनावी एजेंडा होगा भ्रष्टाचार



### बेगूसराय में पीएम ने किया 6 लेन ब्रिज का उद्घाटन

गयाजी, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पीएम ने बेगूसराय में गंगा नदी पर बने 6 लेन औंटा-सिमरिया ब्रिज का उद्घाटन किया। नीतीश कुमार के साथ प्रधानमंत्री पुल पर घूमे। उन्होंने अपने गले से गमछा निकाला और हाथ से घुमाकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद रहे।

ब्रिज के नीचे बने घाट पर प्रधानमंत्री के स्वागत में सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहे। पीएम को देखने के लिए लोगों की भीड़ भी घाटों पर नजर आई। प्रधानमंत्री करीब 37 मिनट तक ब्रिज पर रुके।

गयाजी, 22 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के गयाजी में साफ कर दिया कि भ्रष्टाचार के विरूद्ध लड़ाई और घुसपैठ का मामला भाजपा-जदयू का सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा होगा। केंद्र सरकार ने संसद में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्रियों के जेल जाने पर उनको पद से हटाने का कानून लाने का प्रस्ताव किया है। विपक्ष इसका विरोध कर रहा है। पीएम ने विपक्ष के इस विरोध को भी जमकर भुनाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस इस कानून का विरोध केवल इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उन्हें अपने जेल जाने का डर है।

मोदी ने बार-बार लोगों को 'लालटेन युग' में बिहार में दुर्दशा होने की बात कही। उन्होंने कहा कि लालटेन युग में बिहार की धरती लाल हो जाती थी। यह कहकर वे राजद के उसी दौर को याद दिलाने की कोशिश कर रहे थे, जब बिहार में संगठित अपराध अपने चरम पर था। नई पीढ़ी के बहुत से मतदाताओं को वह दौर याद नहीं होगा। लेकिन पीएम ने अपने भाषणों से लोगों को उसी दौर की याद दिलानी चाही। इससे साफ है कि वे अभी भी कथित जंगलराज को अपनी राजनीतिक ताकत बनाकर रखना चाहते हैं। भाजपा बिहार विधानसभा चुनावों में इसका लाभ लेने की कोशिश करेगी। प्रधानमंत्री ने जिस तरह बिना किसी भ्रष्टाचार के लोगों को नौकरी दिए जाने का मामला उठाया, उससे भी वे राजद कार्यकाल में नौकरी के बदले भूमि लिए जाने के मामले की याद दिला रहे थे। इसके जरिए भी लोगों को यही बताने की कोशिश की गई कि राजद कार्यकाल में किस तरह भ्रष्टाचार होता था। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव इसी समय बिहार में वोट अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। वे लोगों को याद दिला रहे हैं कि जनता के वोट का अधिकार छीना जा रहा है।

# 'भारत के शिखर पर पहुंचने तक किसी को आराम का अधिकार नहीं'



तिरुवनंतपुरम, 22 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ी है और उन्होंने देश के लोगों से आह्वान किया कि वे देश को दुनिया के हर क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें। हालांकि, उन्होंने इस बात पर निराशा भी जाहिर की कि केरल आज भी वहीं है जहां वह 11 साल पहले था, और उन्होंने कम्युनिस्ट विचारधारा के कारण पैदा हुए ठहराव को राज्य को पीछे धकेलने के लिए जिम्मेदार ठहराया।

**मोदी सरकार की तारीफ की :**

केरल में आयोजित एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में अमित शाह ने कहा, भारत लंबे समय तक आर्थिक अस्थिरता का शिकार रहा।

अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में, भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी। कांग्रेस सरकार अपने 10 वर्षों में केवल एक ही अच्छी बात कर पाई कि उन्होंने इसे 12वें स्थान पर नहीं जाने दिया। पिछले 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री मोदी ने देश को 11वें स्थान से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना दिया है। शाह ने कहा, जब तक हम शिखर पर नहीं पहुंच जाते और एक महान भारत का निर्माण नहीं कर लेते, तब तक किसी को भी आराम करने का अधिकार नहीं है। जब आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने एक लक्ष्य रखा था कि आजादी के 75 से 100 वर्ष की इस यात्रा में, सभी 1.4 अरब नागरिक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें और देश को दुनिया के हर क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचाएं।

# 'बंगाल में केंद्र का पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है'

कोलकाता, 22 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज बिहार के बाद बंगाल के दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने सबसे पहले कोलकाता मेट्रो के तीन नए रूट का शुभारंभ किया और इसके बाद जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने राज्य की टीएमसी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है, चुनौती ये है कि बंगाल के लिए जो पैसा हम सीधे राज्य सरकार को भेजते हैं, उसमें से ज्यादातर हिस्सा लूट लिया जाता है... वो पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है, यही वजह है कि गरीब कल्याण की कई योजनाओं में बंगाल देश के दूसरे राज्यों से पीछे है।' पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा, 'राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। अपराध और भ्रष्टाचार टीएमसी सरकार की पहचान बन गए हैं। जब तक राज्य में टीएमसी सत्ता में है, तब तक कोई विकास नहीं होगा...असली बदलाव तभी आएगा जब टीएमसी सत्ता से बाहर हो जाएगी...अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को सत्ता में नहीं, बल्कि जेल में होना चाहिए।' इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, 'पश्चिम बंगाल जनसंख्या की दृष्टि से देश के सबसे बड़े राज्यों में से एक है, इसलिए जब तक पश्चिम बंगाल की ताकत नहीं बढ़ेगी, विकसित भारत की यात्रा सफल नहीं होगी।

# मतदाता सूची से बाहर लोग आधार कार्ड समेत 11 दस्तावेजों से कर सकते हैं आवेदन

## सुप्रीम कोर्ट ने दी मंजूरी



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 85 हजार नए मतदाता वोटर लिस्ट में जोड़े गए हैं। साथ ही चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स के जरिए अभी तक सिर्फ दो आपत्ति दर्ज कराई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कोई भी व्यक्ति खुद से या राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स की मदद से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है और उन्हें भौतिक तौर पर फार्म जमा करने की जरूरत नहीं है।

अदालत ने कहा कि आवेदन में फार्म 6 के साथ आवेदक आधार कार्ड समेत 11 दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज जमा कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि बिहार की सभी 12 राजनीतिक पार्टियों को अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को निर्देश जारी करने चाहिए कि वे लोगों की मदद करें, उन्हें जागरूक करें, ताकि लोग मतदाता सूची से नाम कटने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन कर सकें। पीठ ने कहा कि सभी राजनीतिक पार्टियों को अगली सुनवाई पर स्टेटस रिपोर्ट जमा करनी होगी, जिसमें उन्हें बताना होगा कि उन्होंने कितने लोगों की ऑनलाइन फॉर्म भरने में मदद की। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है।

# 'यूएन मिशन में महिलाओं की भागीदारी का भारत प्रबल समर्थक'

## > रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का बयान



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में संयुक्त राष्ट्र की महिला सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में राजनाथ सिंह ने यूएन मिशन में में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी की सराहना की। रक्षा मंत्री ने ये भी कहा कि भारत, संयुक्त राष्ट्र मिशन में महिलाओं की भागीदारी का प्रबल समर्थक है।

संयुक्त राष्ट्र की महिला सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, आज यहां संयुक्त राष्ट्र के 15 देशों की सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति संयुक्त राष्ट्र की एकता और सहयोग की उसकी भावना को दर्शाती है। संयुक्त राष्ट्र ने शांति अभियानों में महिला अधिकारियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किए हैं। महिला अधिकारी शांति अभियानों में बहुमूल्य दृष्टिकोण लाती हैं। वे अक्सर स्थानीय समुदायों के साथ गहरा विश्वास बढ़ाने में सक्षम होती हैं और उनकी उपस्थिति यौन हिंसा को रोकने, मानवीय सहायता तक पहुंच में सुधार और लैंगिक समानता को बढ़ाने में मददगार साबित हुई है। महिला शांति सैनिक रोल मॉडल के रूप में काम करती हैं, स्थानीय महिलाओं और लड़कियों को प्रेरित करती हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता होने के नाते, भारत महिलाओं की भागीदारी और मिशनों में एकीकरण का प्रबल समर्थक रहा है। हमारी विरासत 1960 के दशक में कांगो में महिला चिकित्सा अधिकारियों के साथ शुरू हुई, और आज भी हम लैंगिक असमानताओं को पाटने के लिए ठोस कदम उठा रहे हैं। हम महिला अधिकारियों को शांति अभियानों के लिए तैयार करते हैं, और हम अपने सशस्त्र बलों और शांति अभियानों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों को भी मजबूत कर रहे हैं।

# वक्फ पंजीकरण के खिलाफ अर्जी पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

## > असम पुलिस को यूट्यूबर पर कार्रवाई से रोका


नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने उम्मीद पोर्टल पर वक्फ बाय यूजर और सभी वक्फ संपत्तियों के अनिवार्य पंजीकरण के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। केंद्र ने छह जून को सभी वक्फ संपत्तियों की जियो-टैगिंग के बाद डिजिटल सूची बनाने के लिए एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 (यूएमईईडी) केंद्रीय पोर्टल लॉन्च किया था। इस पोर्टल पर पूरे भारत में सभी पंजीकृत वक्फ संपत्तियों का विवरण छह महीने के भीतर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाना है।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हमने इस मामले में पहले ही आदेश सुरक्षित रख लिया है। वकील ने कहा कि समस्या यह है कि समय बीतता जा रहा है और केंद्र ने संपत्तियों के पंजीकरण के लिए छह महीने का समय दिया है। इस पर सीजेआई ने कहा कि आप इसे पंजीकृत कराएं। कोई भी आपको पंजीकरण से मना नहीं कर रहा है। इस पहलू पर बाद में विचार किया जा सकता है। वहीं 22 मई को मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने वक्फ मामले में तीन प्रमुख मुद्दों पर अंतरिम आदेश सुरक्षित रखा था। इनमें से एक मुद्दा वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 में निर्धारित अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ के रूप में घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति से संबंधित है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को असम पुलिस को पत्रकार व यूट्यूबर सिद्धार्थ वरदराजन समेत अन्य पत्रकारों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के संबंध में कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आदेश तब पारित किया जब पत्रकारों की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता नित्या रामकृष्णन ने कहा कि असम पुलिस अदालत द्वारा पारित पूर्व आदेशों की अवहेलना कर रही है।

# शिक्षक समेत दो सरकारी कर्मचारी निकले लश्कर-ए-तैयबा के मददगार

## एलजी मनोज सिन्हा ने किया बर्खास्त



श्रीनगर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आतंकवादी संगठनों से सबंध रखने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई है, जो राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के कर्मचारी को बर्खास्त करने का अधिकार देता है। खुर्शीद अहमद राथर-करनाह, कुपवाड़ा में कार्यरत एक शिक्षक। सियाद अहमद खान- केरन, कुपवाड़ा में भेड़ पालन विभाग में सहायक स्टॉकमैन। जांच एजेंसियों के अनुसार, दोनों कर्मचारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम कर रहे थे। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों ने इनके खिलाफ पुख्ता सबूत जुटाए हैं, जिनमें आतंकियों को सहायता पहुंचाने, आतंकी गतिविधियों में शामिल होने और देशविरोधी तत्वों के साथ संपर्क होने जैसी गंभीर बातें सामने आई हैं। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि वह आतंकवाद और उससे जुड़ी किसी भी गतिविधि के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है। ऐसे मामलों में कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

### ऑनलाइन गेमिंग मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

#### कर्नाटक के विधायक के ठिकानों पर छापेमारी की

बेंगलूरू, 22 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी से जुड़े धन शोधन मामले में कर्नाटक के कांग्रेस विधायक केसी वीरेंद्र पप्पी और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर कई जगहों पर छापेमारी की। पप्पी चित्रदुर्ग विधानसभा सीट से विधायक हैं। कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, विधायक और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर ऑनलाइन सट्टेबाजी और गेमिंग से जुड़े एक मामले में छापेमारी की जा रही है। प्रवर्तन निदेशालय के बेंगलूरू क्षेत्रीय कार्यालय के मुताबिक, मामले में चित्रदुर्ग जिले (छह परिसर), बेंगलूरू शहर (10 परिसर), जोधपुर (तीन परिसर), हुबली (एक परिसर), मुंबई (दो परिसर) और गोवा (पांच कैसीनो पपीज कैसीनो गोल्ड, ओशन रिवर्स कैसीनो, पपीज कैसीनो प्राइड, ओशन 7 कैसीनो और बिग डैडी कैसीनो सहित आठ परिसर) में 30 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

# नया आयकर विधेयक राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद बना कानून

## > 1 अप्रैल 2026 से देश में होगा लागू

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयकर विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है, यह पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। आयकर अधिनियम 2025, अगले वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। नया अधिनियम पुराने कर कानूनों को सरल बनाएगा और कानून में शब्दों की अधिकता को कम करेगा, जिससे इसे समझना आसान हो जाएगा। आयकर विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आयकर अधिनियम, 2025 को 21 अगस्त, 2025 को माननीय राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हो गई है। यह 1961 के अधिनियम का स्थान लेने वाला एक ऐतिहासिक सुधार है, जो एक सरल, पारदर्शी और अनुपालन-अनुकूल प्रत्यक्ष कर व्यवस्था की शुरुआत करता है।

आयकर विधेयक, 2025, 12 अगस्त को संसद की पारित किया गया। नया अधिनियम कोई नई कर दर लागू नहीं करता है और केवल भाषा को सरल बनाता है, जो जटिल आयकर कानूनों को समझने के लिए आवश्यक था। नया कानून अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटाता है तथा आयकर अधिनियम 1961 में धाराओं की संख्या 819 से घटाकर 536 कर देता है तथा अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर देता है। नये आयकर अधिनियम में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है, तथा पहली बार इसमें स्पष्टता बढ़ाने के लिए 1961 के कानून के सघन पाठ के स्थान पर 39 नई सारणियां और 40 नए सूत्र शामिल किए गए हैं।

# छोड़ दो कुत्ते : सुप्रीम कोर्ट

## ✻ शेल्टर होम भेजे गये आवारा कुत्ते फिर शहरों में छोड़े जायें




नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के संबंध में अदालत का पहले दिया गया निर्देश यथावत रहेगा। कोर्ट ने अब इस आदेश में कुछ संशोधन कर दिया है। इन बदलावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि आक्रामक व्यवहार वाले या रेबीज से ग्रस्त कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों को नसबंदी के बाद आश्रय स्थलों से छोड़ा जा सकता है। हालांकि, आक्रामक व्यवहार वाले या रेबीज से ग्रस्त कुत्तों को आश्रय स्थलों में ही रखा जाएगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने जो पांच बातें कहीं, उसे जानिए...**

> आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा और उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। आक्रामक कुत्तों और रेबीज से ग्रस्त कुत्तों को नहीं छोड़ा जाएगा।

> आवारा कुत्तों को सड़कों पर खाना नहीं खिलाया जा सकता। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित भोजन क्षेत्र बनाएगा।

> सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने पर संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी।

> निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें बताया जाएगा कि आवारा कुत्तों को केवल ऐसे क्षेत्रों में ही खाना खिलाया जाएगा।

> नगर निकायों की ओर से विशेष रूप से नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे।

**पूर्व आदेश की समीक्षा करते हुए मुद्दे के दायरे का विस्तार किया :**

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने अदालत के एक पूर्व आदेश की समीक्षा करते हुए इस मुद्दे के दायरे का विस्तार किया और आदेश दिया कि सभी समान मामलों को अंतिम राष्ट्रीय नीति के लिए शीर्ष अदालत को स्थानांतरित कर दिया जाए। अदालत ने पहले सभी आवारा कुत्तों को इकट्ठा करने का आदेश दिया था, जिसका उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर की सड़कों को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाना था। पशु कार्यकर्ताओं और मशहूर हस्तियों के विरोध के बीच अदालत ने इस मुद्दे पर फिर से विचार करने का फैसला किया और इस सप्ताह की शुरूआत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**कोर्ट ने क्या कहा?**

न्यायमूर्ति नाथ ने कहा, नगरपालिका अधिकारियों को पैरा 12, 12.1 और 12.2 का पालन करना होगा और आवारा कुत्तों को छोड़ने पर लगी रोक हटानी होगी। उन्हें कृमिनाशक दवा दी जाएगी, टीका लगाया जाएगा, आदि और उन्हें उसी क्षेत्र में वापस भेज दिया जाएगा।

आक्रामक व्यवहार वाले या रेबीज से ग्रस्त कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा और उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा। अदालत ने यह भी कहा कि आवारा कुत्तों को किसी भी हालत में सार्वजनिक रूप से भोजन कराने की अनुमति नहीं दी जा सकती और नगर निकायों को नगरपालिका वार्डों में समर्पित भोजन क्षेत्र बनाने का आदेश दिया।

# इसरो ने दिखाई 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' की झलक

**2028 में अंतरिक्ष में जाएगा पहला मॉड्यूल**

नई दिल्लीनई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) ने शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का पहला मॉडल प्रदर्शित किया। यह प्रदर्शन राजधानी दिल्ली में शुरू हुए दो दिवसीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस समारोह के दौरान हुआ। दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में लगाया गया 3.8 मीटर 8 मीटर आकार का बीएएस-01 का मॉडल आकर्षण का मुख्य केंद्र बना रहा। भारत ने घोषणा की है कि वह 2028 तक बीएएस का पहला मॉड्यूल अंतरिक्ष में स्थापित करेगा। इससे भारत उन चुनिंदा देशों की सूची में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपनी कक्षा प्रयोगशाला है।

## संसद की सुरक्षा में सेंध



### दीवार कूदकर परिसर में घुसा शख्स; सुरक्षा बलों ने पकड़ा

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक हुई है। एक व्यक्ति पेड़ के सहारे दीवार कूद कर सुबह लगभग 5.50 बजे संसद भवन में घुस गया। रेलभवन की तरफ से दीवार कूदकर नई संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच गया था। संसद भवन में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। नई दिल्ली, पुलिस उपायुक्त, देवेश महला ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान रामा के रूप में हुई है और वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। शुक्रवार सुबह करीब 5.50 बजे उसने संसद भवन की चहारदीवारी फांदने का प्रयास किया, लेकिन सीआईएसएफ और दिल्ली पुलिस के जवानों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है और आगे की पूछताछ और सत्यापन प्रक्रिया जारी है।

## जुआ रैकेट का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड सहित 12 जुआरी गिरफ्तार

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिणी पश्चिमी जिले के स्पेशल स्टाफ ने एक जुआ रैकेट का भंडाफोड़ कर मास्टरमाइंड सहित 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों से जुए में लगाई मोटी रकम भी बरामद की है। पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि स्पेशल स्टाफ व वसंत विहार थाना पुलिस को क्षेत्र में बड़े जुए रैकेट के बारे में सूचना मिली थी। इस पर संयुक्त टीमों ने आरोपितों के बारे में जानकारी इकट्ठा की। इस दौरान पता चला कि वसंत विहार स्थित कुसुमपुर पहाड़ी के एक मकान में जुआ खेला जा रहा है।

पुलिस टीम ने मकान पर छापेमारी कर मास्टरमाइंड सहित 12 जुआरियों को गिरफ्तार किया। इनमें मास्टरमाइंड हरीश उर्फ क्रांति के अलावा योगेश, सचिन, इरफान, पन्ना लाल, चंदन, शाहिद खान, प्रकाश सिंह, सोनू, मुकेश, अंकित शामिल हैं। सभी आरोपित वसंत विहार, किशनगढ़, खानपुर, फरीदाबाद, करोल बाग, त्रिलोकपुरी, गाजीपुर, बदरपुर, कालकाजी, मैदानगढ़ी और साकेत के रहने वाली हैं। पुलिस ने इनसे जुए में लगाई 15 लाख 32500 रुपये, ताश के पत्तों के 13 पैकेट सहित जुए से संबंधित अन्य सामग्री बरामद की है।

## मंदिर के पास धरती ने उगला 'खजाना मिले चांदी के 45 सिक्के

मुरैना, 22 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के मुरैना में मंदिर के पास खुदाई चल रही थी। तभी वहां से जमीन में गढ़े 45 चांदी के सिक्के मिले। इन्हें देख गांव वालों की आंखें चौंधिया गईं। सूचना पर पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी भी गांव में पहुंचे। उन्होंने फिर ग्रामीणों और मजदूरों की मौजूदगी में सिक्के जब्त कर उनकी जांच शुरू कर दी है। घटना कैलारस तहसील के सागौरिया गांव की है। यहां बुधवार को मिट्टी की खुदाई के दौरान 500 ग्राम वजनी 45 चांदी के सिक्के मिले। जैसे ही ये खबर फैली गांव के बाकी लोग भी सिक्के देखने के लिए पहुंचे। फिर पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। पुलिस के साथ राजस्व विभाग के अधिकारी भी गांव में पहुंचे। उन्होंने सभी सिक्कों को एकत्रित किया। फिर उन्हें जांच के लिए भेजा।

## लगातार पांचवें दिन मिली बम की धमकी

### सुबह-सुबह ईमेल देखकर मचा हड़कंप



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में बम की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। आज लगातार पांचवें दिन बम की धमकी का ईमेल आया है। द्वारका सेक्टर-7 स्थित एक स्कूल को ईमेल के ज़रिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह 7 बजे सूचना मिली और पुलिस व दमकल की टीमें मौके पर मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली के 50 से ज्यादा स्कूलों को गुरुवार को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। इसके बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने स्कूलों में तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि किसी भी स्कूल में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। काफी स्कूलों में बच्चों को घर भेज दिया गया था। इससे पहले बुधवार को दिल्ली के 55 से ज्यादा स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। इनमें द्वारका स्थित राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल शामिल हैं। पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू किया। हालांकि, किसी भी स्कूल में तलाशी लेने के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# बंगाल में चुनाव आयोग के 4 अधिकारी निलंबित

## वोटर लिस्ट में गड़बड़ी करने का आरोप

कोलकाता, 22 अगस्त (एजेंसियां)। चुनाव आयोग के निर्देश पर पश्चिम बंगाल सरकार ने मतदाता सूची संशोधन में गड़बड़ी के आरोप में चार अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। निलंबित किए गए अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी गई है, लेकिन इनमें से किसी भी अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। सरकार का कहना है कि इस तरह चुनाव आयोग (ईसी) के निर्देशों का आंशिक रूप से पालन हो रहा है।

यह निलंबन मुख्य सचिव मनोज पंत के नई दिल्ली में चुनाव आयोग के समक्ष पेश होने के ठीक एक हफ्ते बाद हुआ है। आयोग ने उन्हें 21 अगस्त की समयसीमा निर्धारित कर उन अधिकारियों को निलंबित करने के



साथ-साथ उन पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। अधिकारियों को निलंबित करने के मामले में राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार ने निलंबन के निर्देश पर कार्रवाई की है और विभागीय कार्यवाही भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ अभी तक कोई भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। जानकारी के अनुसार, बरुईपुर पूर्व और मोयना विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के आरोपों के बाद अधिकारियों के निलंबन किए गए हैं। सचिवालय अधिकारी ने बताया कि निलंबित किए गए अधिकारियों में दक्षिण 24 परगना और पूर्व मिदनापुर जिलों के दो निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और दो सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एयरो) शामिल हैं। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार जिन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हुई हैं उनमें बरुईपुर पूर्व से देबोत्तम दत्ता चौधरी (ईआरओ) और तथागत मंडल (एयरो) शामिल हैं। इसके अलावा मोयना से बिप्लब सरकार (ईआरओ) और सुदीप्त दास (एयरो) शामिल हैं। इन अधिकारियों पर आरोप है कि इन्होंने मतदाता सूची संशोधन प्रक्रिया के दौरान लॉगिन क्रेडेंशियल साझा की है और डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल का भी उल्लंघन किया है। अधिकारी ने बताया कि आयोग का मानना है कि इस तरह का मामले चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता के लिए सीधा खतरा है। आयोग ने कहा कि वह राज्य सरकार की प्रतिक्रिया पर भी कड़ी नजर रख रहा है।

# हरक सिंह रावत का कड़क अंदाज

## सनसनीखेज खुलासे, बोले-भाजपा ने खनन माफिया के पैसे से बनाई 30 करोड़ की एफडी

देहरादून, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सीबीआई और ईडी जांच एजेंसियों की पकड़ ढीली पड़ते ही पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत की पूरी अकड़ भी दिखने लगी है। उन्होंने खुलासा किया कि भाजपा ने खनन माफिया के पैसे से बैंक में 30 करोड़ की एफडी बनाई। डॉ रावत के वायरल वीडियो में वह राज्य सरकार की खनन नीति पर भी गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

एक दिन पहले ही उन्होंने सीबीआई और ईडी की जांच में क्लीन चिट मिलने का दावा किया और उसके बाद उन्होंने कांग्रेस भवन में मीडियाकर्मियों के समक्ष सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला बोला। वायरल वीडियो में डॉ। रावत कह रहे हैं, मैं सच कहूं, भाजपा को चलाने के लिए जो 30 करोड़ की एफडी बनी है, मैंने भी उसमें एक करोड़ रुपये दिए हैं। मैं उस समय वन मंत्री था।

मैंने भी खनन माफिया से लाकर पैसा दिया मेरे में भी दोष है, मैं तो कहता हूं मेरी भी जांच होनी चाहिए। वह यहीं चुप नहीं होते हैं। कहते हैं, 30 करोड़ की एफडी में किस-किस ने पैसा दिया है, ईडी ईमानदारी से जांच कर ले तो, पूरी भाजपा जेल में होगी। मैं वन मंत्री था तो मैंने रामनगर और हल्द्वानी में जाकर खनन ठेकेदारों से कहा कि 10-10 लाख के चेक लाओ। हरक कहते हैं कि भाजपा सरकार खनन पर अपना डंका पीट रही है, लेकिन खनन पट्टों के आवंटन सही नहीं है।

## सीएम रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर हंगामा नारेबाजी करने पहुंचे शख्स को पुलिस ने पकड़ा



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में शुक्रवार को एक बार फिर हंगामा हो गया। एक शख्स उनके कार्यक्रम में नारेबाजी करने पहुंचा था, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। इससे दो दिन पहले बुधवार को जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने रेखा गुप्ता पर हमला कर दिया था। हमले के आरोपी को दिल्ली पुलिस ने पकड़ लिया है और पूछताछ कर रही है। पूछताछ के बाद गुजरात जाकर भी कुछ लोगों को पकड़ा गया है।

इन लोगों ने दिल्ली की मुख्यमंत्री पर हमला करने वाले व्यक्ति को पैसे दिए थे। जनसुनवाई के दौरान हुए हमले के बाद रेखा गुप्ता पहली बार लोगों के बीच पहुंची थीं। इस बार उनकी सुरक्षा बढ़ी हुई थी। गांधी नगर में अशोक बाजार एसोसिएशन के 50 साल पूरे होने के कार्यक्रम में वह पहुंची थीं। उनकी सुरक्षा पहले की तुलना में बहुत ज्यादा बढ़ी हुई थी। उनकी सुरक्षा में सीआरपीएफ, दिल्ली पुलिस और त्रिपुरा पुलिस के जवान शामिल थे। मंच के बाद सुरक्षा के लिए डी एरिया भी बनाया गया था, जिसमें दर्जनों सुरक्षा कर्मी मौजूद थे।

घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें सुरक्षाकर्मी हंगामा कर रहे व्यक्ति को घटनास्थल से दूर ले जाते नजर आ रहे हैं। इस कार्यक्रम के लिए सीएम की सुरक्षा में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। ऐसे में कोई भी अप्रिय स्थिति नहीं बनी। दिल्ली सीएम के पास पहले से ही जेड प्लस सिक्योरिटी थी। इसमें अब सीआरपीएफ के जवान भी शामिल कर लिए गए हैं। हमले के बाद रेखा गुप्ता ने अपने घर की बजाय विधानसभा में सुनवाई करने का फैसला किया है। इससे उनकी सुरक्षा के साथ समझौता नहीं होगा।

## स्कूल टीचर को छात्र ने मारी थी गोली, आरोपी के पिता गिरफ्तार

ऊधमसिंह नगर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर जिले स्थित काशीपुर में गुरु नानक स्कूल में हुई फायरिंग की घटना के बाद पुलिस लगातार कार्रवाई में जुटी हुई है। इस मामले में शुक्रवार को पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा के निर्देशन में चल रही जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी छात्र के पिता जगजीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी गुलजारपुर, थाना काशीपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी के पिता ने स्वीकार किया कि उसका नाबालिग बेटा घर से ही तमंचा और कारतूस लेकर स्कूल गया था। इतना ही नहीं, जगजीत सिंह ने यह भी बताया कि तीन जिंदा कारतूस घर के पास छुपा कर रखे गए। इस खुलासे के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर घर के पास से 315 बोर के तीन जिंदा अवैध कारतूस बरामद कर लिए।

# सिद्धारमैया ने विधानसभा में भाजपा शासित राज्यों की 20 भगदड़ की घटनाओं का जिक्र कर योगी को भी घेरा



बंगलूरू, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शुक्रवार को भाजपा शासित राज्यों में हुई 20 भगदड़ों का जिक्र किया। उन्होंने ऐसी घटनाओं के लिए सामूहिक उन्माद को जिम्मेदार ठहराया। यह बात उन्होंने 4 जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास हुई भगदड़ पर चर्चा के दौरान कही, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी। सदन में मुख्यमंत्री ने भगदड़ की एक सूची पढ़ी, जिसमें 3 अगस्त, 2008 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के नैना देवी मंदिर में हुई भगदड़ शामिल थी, जब प्रेम सिंह धूमल मुख्यमंत्री थे। इसके बाद 2008 में जोधपुर में हुई भगदड़ का जिक्र आया, जिसमें 250 लोग मारे गए थे। उन्होंने जिन भगदड़ों का जिक्र किया, उनमें 2013 में रतनगढ़, 2021 में हरिद्वार, 2023 में मध्य प्रदेश के सीहोर और 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में हुई भगदड़ शामिल है, जिसमें 121 लोग मारे गए थे। उन्होंने इस साल जनवरी में कुंभ मेले के दौरान प्रयागराज में हुई भगदड़ का भी जिक्र किया, जिसमें 39 लोगों की जान चली गई थी।

मुख्यमंत्री ने 2022 में गुजरात के मोरबी में हुए पुल हादसे का भी जिक्र किया, जिसमें 135 लोग मारे गए थे। मुख्यमंत्री ने कहा, 'मेरे 42 साल के राजनीतिक जीवन में ऐसी घटना कभी नहीं हुई। मैंने कभी भगदड़ में 11 लोगों को मरते नहीं देखा। मुझे बहुत दुख हुआ है। मैंने उसी दिन अपना दुख व्यक्त किया था।' उन्होंने कहा कि लोगों ने आईपीएल मैच में आरसीबी की जीत को बंगलूरू का गौरव माना। इससे पैदा हुआ जन उन्माद ही भगदड़ के पीछे था।

सिद्धारमैया ने कहा, 'लोकतंत्र में हमें कभी-कभी लोगों की उम्मीदों के आगे झुकना पड़ता है। यही लोकतंत्र की निशानी है।' उन्होंने बताया कि उन्हें आरसीबी के विजय समारोह में शामिल होना था। इससे पहले, गृह मंत्री जी परमेश्वर ने विधानसभा में बंगलूरू भगदड़ पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि भगदड़ में 11 लोगों की जान चली गई थी। हमने पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया और सेवानिवृत्त उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति जॉन माइकल डी'कुन्हा से भगदड़ पर रिपोर्ट मंगवाई। उन्होंने कहा कि हम भगदड़ में गई जानों को वापस तो नहीं ला सकते, लेकिन हम भीड़ प्रबंधन विधेयक लेकर आए हैं।

# आरएसएस के गुणगान पर फंसे डीके

## विधानसभा में सुनाई प्रार्थना, डिप्टी सीएम को देनी पड़ गई सफाई

बेंगलूरू, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने गुरुवार को राज्य विधानसभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का प्रार्थना गीत 'नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे' की कुछ पंक्तियां पढ़ीं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो को लेकर बीजेपी अब कांग्रेस को घेरने में लगी है। शुक्रवार को बीजेपी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके अधिकांश नेता अब आरएसएस की प्रशंसा कर रहे हैं। वहीं विवाद बढ़ने पर डीके शिवकुमार को अपनी सफाई पेश करनी पड़ी।

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर कहा, नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे। डीके शिवकुमार को कल कर्नाटक विधानसभा में आरएसएस का प्रार्थना गीत गाते हुए दिखाई दिए। राहुल गांधी और गांधी वाड्रा परिवार के करीबी सहयोगी अब



सीधे आईसीयू/कोमा मोड में हैं। भंडारी ने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में प्रधानमंत्री द्वारा आरएसएस का ज़िक्र करने पर कांग्रेस की आलोचनाओं का भी ज़िक्र किया। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर कांग्रेस के भीतर आंतरिक मतभेदों की ओर इशारा किया और आरोप लगाया कि पार्टी में कोई भी अपने सांसद राहुल गांधी को गंभीरता से नहीं लेता। वीडियो पर विवाद होने पर शिवकुमार ने अपनी सफाई पेश की और कहा, मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं। एक नेता के तौर पर मुझे अपने विरोधियों और दोस्तों को जानना चाहिए। मैंने उनके बारे में अध्ययन किया है। (भाजपा से) हाथ मिलाने का कोई सवाल ही नहीं है। मैं कांग्रेस का नेतृत्व करूंगा। मैं जन्म से लेकर आजीवन कांग्रेस के साथ हूं।

यह घटना गुरुवार को विधानसभा में एक बहस के दौरान हुई, विपक्ष के नेता आर अशोक ने शिवकुमार की ओर इशारा करते हुए ज़ोर दिया कि राज्य सरकार को आरसीबी भगदड़ की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए। उपमुख्यमंत्री शिवकुमार ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें भाजपा की चालों के बारे में सब पता है, और फिर उन्होंने आरएसएस के राष्ट्रगान की कुछ पंक्तियां पढ़ीं। विधानसभा को संबोधित करते हुए, डीके शिवकुमार ने स्वीकार किया कि एक गलती (आरसीबी भगदड़) हुई थी, लेकिन सरकार ने तुरंत कार्रवाई की।

## भारतीय विद्रोही समूहों पर कार्रवाई, एकल पंक्ति बाड़ का निर्माण

# बीएसएफ-बीजीबी डीजी की बैठक में उठेंगे मुद्दे





नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बीएसएफ (भारत) और बीजीबी (बांग्लादेश) के बीच 56वां महानिदेशक स्तरीय सीमा समन्वय सम्मेलन, बीजीबी द्वारा ढाका, बांग्लादेश में 25 से 28 अगस्त 2025 तक आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन के दौरान, बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी के नेतृत्व में भारत का बीएसएफ प्रतिनिधिमंडल, बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफज्जमां सिद्दीकी के नेतृत्व वाले बीजीबी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात करेगा। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा होगी। खासतौर पर, बांग्लादेश में भारतीय विद्रोही समूहों के खिलाफ कार्रवाई और एकल पंक्ति बाड़ का निर्माण, बीएसएफ-बीजीबी के महानिदेशकों की बैठक में ऐसे कई मुद्दों पर बातचीत होगी। बीएसएफ के मुताबिक, यह सम्मेलन सीमा संबंधी मुद्दों पर चर्चा करने और दोनों सीमा सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय के लिए आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन के दौरान, बांग्लादेश स्थित बदमाशों/नागरिकों द्वारा बीएसएफ कर्मियों और भारतीय नागरिकों पर हमले/हमले की रोकथाम, सीमा पार अपराधों को रोकने के तरीके, एकल पंक्ति बाड़ का निर्माण, बांग्लादेश में भारतीय विद्रोही समूहों (आईआईजी) के खिलाफ कार्रवाई, सीमा बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दे, समन्वित सीमा प्रबंधन योजना (सीबीएमपी) के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए संयुक्त प्रयास, विश्वास निर्माण उपाय (सीबीएम) और अन्य मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

पिछला बीएसएफ-बीजीबी सीमा समन्वय सम्मेलन 17 से 20 फरवरी 2025 तक नई दिल्ली (भारत) में आयोजित किया गया था। तब से, महानिदेशक बीएसएफ और महानिदेशक बीजीबी के बीच बैठकें 1993 तक भारत और बांग्लादेश में बारी-बारी से प्रतिवर्ष आयोजित की जाती रहीं। 7 से 9 अक्तूबर, 1993 तक ढाका (बांग्लादेश) में भारत और बांग्लादेश के गृह सचिवों के बीच हुई चर्चाओं के दौरान, इस बात पर सहमति हुई कि बीएसएफ और बीजीबी के बीच महानिदेशक स्तर की बैठकें द्विवार्षिक होंगी।

# प्रियंका और मोइनुद्दीन ने कई व्यापारियों को फंसाया, बड़ा लालच दिया फिर शिकार बनाया

इंदौर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। इंदौर क्राइम ब्रांच ने आधा दर्जन से अधिक पीड़ितों की शिकायतों के आधार पर मुंबई निवासी गुलाम मोइनुद्दीन और उसकी पत्नी प्रियंका के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि दोनों ने करीब 5 करोड़ 70 लाख रुपए की ठगी की है। इन शिकायतों में कई व्यापारियों के ठगे जाने की बात भी सामने आई है। शिकायतकर्ताओं के अनुसार, आरोपी से परिचय बेंगलुरु के कुलबर्गा में एक सहकारी संस्था की ओपनिंग के दौरान हुआ था। आरोपी ने शेयर मार्केट में निवेश कराने का लालच दिया। शुरुआत में 5 प्रतिशत ब्याज देने और आगे चलकर 15 से 20 प्रतिशत प्रॉफिट देने का वादा किया गया। इतना ही नहीं, रुपए चार माह में दोगुना करने



की बात भी कही गई। पीड़ित रेखा सोलंकी, रामपाल पाल, हेमंत कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि आरोपी ने "सनराइज गुरु कैपिटल इंडिया" के नाम से अनुबंध किया और करोड़ों रुपए निवेश करवाए। इस काम में उसकी पत्नी प्रियंका भी शामिल थी। दोनों ने रुपए लौटाने के बजाय फरार होने का रास्ता चुना। पुलिस जांच में सामने आया है कि गुलाम मोइनुद्दीन ने अलग-अलग लोगों से रुपए लिए। कुछ रकम चेक और कुछ आरटीजीएस के जरिए विभिन्न खातों में ट्रांसफर करवाई गई। आरोपी ने अपनी पत्नी प्रियंका और रिश्तेदारों के अकाउंट का भी उपयोग किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिसंबर 2023 से आरोपी पीड़ितों के संपर्क में था। शिकायत दर्ज होने के बाद क्राइम ब्रांच ने दंपती के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## बिहार चुनाव से पहले आरजेडी को बड़ा झटका

### पीएम मोदी के मंच पर दिखे लालू यादव की पार्टी के दो विधायक, मचा हड़कंप!

पटना, 22 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा चुनावी साल में आरजेडी को तगड़ा झटका लगा है। दरअसल बिहार के गयाजी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे के दौरान आरजेडी के दो विधायक उनके मंच पर नजर आए। नवादा विधायक विभा देवी और राजौली विधायक प्रकाश वीर पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक प्रोटोकॉल के तहत स्थानीय विधायक को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बुलावा भेजा जाता है। लेकिन, यह पहला मौका है जब आरजेडी के विधायक चुनावी साल में एनडीए के मंच पर नजर आए हों, जहां मंच से खुद आरजेडी पर जमकर हमला बोला गया। नवादा की विधायक विभा देवी और राजौली से विधायक प्रकाश वीर पहले से ही पार्टी से नाराज चल रहे थे। पिछले कुछ महीनों में दोनों कई बार पार्टी लाइन से अलग हटकर बयान दे चुके हैं। अब पीएम मोदी के मंच पर उनकी मौजूदगी को आरजेडी के अंदरूनी असंतोष के रूप में देखा जा रहा है। बिहार की राजनीति में यह घटनाक्रम बेहद अहम माना जा रहा है। एक तरफ जहां आरजेडी के शीर्ष नेता बीजेपी और एनडीए पर लगातार हमला बोल रहे हैं,

## खड़े ट्रक से टकराई बेकाबू कार, मां-बेटे की मौत

छतरपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। ओरछा रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत फोरलेन पर कैंड़ी गांव के समीप दोपहर करीब 12 बजे भीषण सड़क हादसे में मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि भाई-बहन सहित तीन घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से ग्वालियर रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची ओरछा रोड थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। साथ ही शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# महिला समेत 4 ने खुद को बताया सीबीआई अधिकारी, देखते ही देखते लूट लिए 2.3 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में करोड़ों की लूट का मामला सामने आया है। विवेक विहार में एक महिला समेत लुटेरों के एक गिरोह ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारी बनकर एक व्यापारी के कार्यालय से लगभग 2.3 करोड़ रुपये लूट लिये। मामले की अधिक जानकारी देते हुए पुलिस ने कहा कि शिकायतकर्ता मनप्रीत गाजियाबाद के इंदिरापुरम के रहने वाले हैं। वह फाइनेंस, प्रॉपर्टी डीलिंग एवं घरों के निर्माण कार्य से जुड़े हैं। पुलिस ने कहा कि मनप्रीत का कहना है कि विवेक विहार स्थित इमारत में लगभग 2.5 करोड़ रुपये की व्यावसायिक कमाई रखी थी।

उन्होंने 19 अगस्त को अपने दोस्त रविशंकर से कहा कि वह वहां से 1.10 करोड़ रुपये लेकर उनके आवास आए। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने कहा, 'जैसे ही शंकर नकदी से भरा बैग लेकर बाहर निकला, दो कारों में एक महिला समेत चार लोगों ने उसे रोक लिया और खुद को सीबीआई अधिकारी होने का दावा किया। उन्होंने उसके साथ मारपीट की और बैग छीन लिया।' अधिकारी ने कहा कि आरोपियों ने शंकर को उन्हें संपत्ति के अंदर ले जाने के लिए मजबूर किया, जहां उन्होंने मनप्रीत के कर्मचारी दीपक माहेश्वरी की पिटाई की और वहां रखी शेष नकदी लूट ली। पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया। इनकी पहचान एनजीओ के सचिव और असम के मूल निवासी पापोरी बरुआ (31) और तुगलकाबाद निवासी दीपक (32) के रूप में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

सुविचार

जिंदगी कोई पेनड्राइव नहीं, कि मनपसंद गानें बजाये जाये.. जिंदगी तो रेडियो जैसी है.. कब कौन सा गाना बज जाये पता ही नहीं चलता..!

## आरोग्यश्री पर संकट, 360 निजी अस्पतालों ने सेवा बंद करने की दी धमकी



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में हजारों गरीब मरीज (जो महंगे निजी स्वास्थ्य बीमा का खर्च नहीं उठा सकते) उनके लिए हर छह महीने में आरोग्यश्री पैनल वाले अस्पतालों में इलाज के लिए जाना एक बड़ी मुसीबत बन गया है। राज्य सरकार और निजी अस्पतालों के बीच लंबित चिकित्सा बिलों के भुगतान विवादों के कारण आरोग्यश्री-सूचीबद्ध अस्पतालों में महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का बार-बार बंद होना और बंद होना एक बड़ी समस्या बन गई है। मरीज़ ऐसे अस्पताल की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर हैं जो उनका आरोग्यश्री कार्ड स्वीकार करे।

इस बार, 360 से अधिक निजी अस्पतालों, जिनमें से अधिकांश जिलों में स्थित हैं और व्यक्तिगत डॉक्टरों द्वारा संचालित हैं, ने 1300 करोड़ रुपये से 1400 करोड़ रुपये तक के मेडिकल बिलों के भुगतान न होने के कारण आरोग्यश्री लाभार्थियों को सभी चिकित्सा सेवाएं वापस लेने की धमकी दी है। तेलंगाना नेटवर्क हॉस्पिटल्स एसोसिएशन (टीएएनएचए) के अध्यक्ष डॉ.वी. राकेश कहते हैं, जनवरी में भी ऐसी ही स्थिति थी। तब स्वास्थ्य मंत्री और अन्य अधिकारियों ने जल्द समाधान का वादा किया था। छह महीने बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं बदला है। सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि चिकित्सा बिलों के भुगतान में अत्यधिक देरी और आरोग्यश्री स्वास्थ्य पैकेजों को संशोधित करने की अनिच्छा, हैदराबाद के अधिकांश कॉर्पोरेट अस्पतालों को आरोग्यश्री बीमा योजना में शामिल न किए जाने के प्रमुख कारण हैं।

हैदराबाद में कॉर्पोरेट अस्पतालों के पास पर्याप्त धन है और वे आरोग्यश्री स्वास्थ्य बीमा योजना के बिना भी वित्तीय रूप से जीवित रह सकते हैं, लेकिन 100 से 200 बिस्तरों की क्षमता वाले छोटे और मध्यम आकार के अस्पतालों के मामले में ऐसा नहीं है। डॉ. राकेश कहते हैं, भुगतान में देरी करना किसी निजी अस्पताल (खासकर ज़िलों में स्थित अस्पताल) के लिए आर्थिक रूप से सबसे बुरा काम है। हमारे कई सदस्य अस्पताल वित्तीय बोझ के कारण बंद होने के कगार पर हैं। आरोग्यश्री ट्रस्ट को यह सुनिश्चित करना होगा कि चिकित्सा बिलों के शीघ्र भुगतान के लिए एक ग्रीन चैनल स्थापित हो।

निजी अस्पतालों की मांगें :

* आरोग्यश्री ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन का पुनः मसौदा तैयार करना
* चिकित्सा पैकेज संशोधित करें
* हरित चैनल के माध्यम से नियमित भुगतान सुनिश्चित करें
* निजी अस्पतालों के लिए निवारण प्रणाली स्थापित करना
* देय राशि का निरस्तीकरण/कटौती रोकें

## पुलिस आयुक्त, हैदराबाद ने क्षेत्रीय साइबर सेल के प्रदर्शन की समीक्षा की



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। महानिदेशक एवं पुलिस आयुक्त, हैदराबाद सी.वी. आनंद द्वारा पिछले 2 महीनों में 7 क्षेत्रीय साइबर सेल (जेडसीसी) के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए आज एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में छह प्रमुख मानदंडों एनसीआरपी याचिका निपटान, धन वापसी तंत्र, मामलों का पता लगाना, जन जागरूकता अभियान, समन्वय पोर्टल के माध्यम से अंतर-राज्यीय समन्वय, सीसीटीएनएस पर आईआर अपलोड पर समीक्षाकी गई। पुलिस आयुक्त ने क्षेत्रीय अपराध केंद्रों द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। याचिका निपटान में 65.15 प्रतिशत की वृद्धि, 2025 में 8,209 याचिकाओं का निपटारा, जबकि 2024 में यह संख्या 4,970 थी। 2025 में 768 मामलों में कुल 1,41,72,664 रुपये की धन वापसी राशि में 87.03 प्रतिशत की वृद्धि, सीसीटीएनएस पर आईआर अपलोड में 680 प्रतिशत की वृद्धि, जो बेहतर दस्तावेज़ीकरण प्रथाओं को दर्शाता है।

समीक्षा के दौरान, पुलिस आयुक्त ने क्षेत्रीय साइबर सेल के सामने आने वाली जमीनी स्तर की चुनौतियों को समझने के लिए क्षेत्रीय विकास अधिकारियों, उप निरीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों से सीधे बातचीत की। उन्होंने उनकी आवश्यकताओं को ध्यानपूर्वक सुना, परिचालन संबंधी कमियों की पहचान की और यह सुनिश्चित किया कि उनकी न्यूनतम आवश्यकताओं का तुरंत समाधान किया जाए। इस सक्रिय दृष्टिकोण ने न केवल कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि साइबर अपराध से प्रभावी ढंग से निपटने में अग्रिम पंक्ति के अधिकारियों को सशक्त बनाने के लिए विभाग की प्रतिबद्धता पर भी बल दिया। पुलिस आयुक्त ने साइबर अपराध के मुद्दों के लिए क्षेत्रीय साइबर सेल (जेडसीसी) से संपर्क करने के बारे में नागरिकों में बढ़ती जागरूकता की सराहना की और एक सुरक्षित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में इस तरह की जागरूकता के महत्व पर बल दिया।

पुलिस आयुक्त ने इन परिणामों को प्राप्त करने में जेडसीसी टीमों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की। उन्होंने अधिकारियों को साइबर धोखाधड़ी के मामलों का त्वरित निवारण सुनिश्चित करने के लिए बैंकों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं और न्यायिक एजेंसियों के साथ समन्वय को और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में पी विश्व प्रसाद, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, अपराध, दारा कविता, पुलिस उपायुक्त, (साइबर अपराध), एसीपी और एसएचओ आरजी शिवा मारुति, एसीपी जयपाल रेड्डी, सभी 7 जोनल जिले और एसआई, सीसीपीएस इंस्पेक्टर और एसआई उपस्थित थे।

## नाबालिग लड़की की हत्या का मामला पुलिस ने सुलझाया

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कुकटपल्ली पुलिस ने गुरुवार को 11 साल की एक लड़की की नृशंस हत्या का खुलासा करते हुए खुलासा किया कि यह अपराध दसवीं कक्षा के एक छात्र ने किया था। अधिकारियों ने गुरुवार को मीडिया को मामले का विवरण दिया।

मामले के विवरण के अनुसार, पुलिस ने बताया कि आरोपी, जो पीड़िता के साथ ही एक ही इमारत में रहता था, चोरी करने के इरादे से उसके घर में घुसा था। जब लड़की ने उसे ऐसा करते देखा, तो उसने चाकू से उस पर 20 वार किए, जो जानलेवा साबित हुए। घटना का पता तब चला जब लड़की के पिता (जो दोपहर के भोजन के लिए घर लौटे थे) ने अपनी बेटी को खून से लथपथ पाया। स्तब्ध होकर, उन्होंने शोर मचाया, जिससे पड़ोसियों का ध्यान आकर्षित हुआ, जिन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मामला दर्ज किया गया और जांच के लिए कई विशेष टीमें गठित की गईं। शुरूआती मुश्किलों और सबूतों के अभाव के बावजूद, पुलिस ने आखिरकार जांच के दौरान मिले एक अहम सुराग के जरिए आरोपी तक पहुंच ही ली। लगातार कोशिशों के बाद, नाबालिग संदिग्ध को पकड़ लिया गया और उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। इस मामले ने पिछले पांच दिनों में व्यापक जन आक्रोश और अभियान छेड़ दिया है। पुलिस ने कहा कि इस गिरफ्तारी के साथ ही हत्या की गुत्थी सुलझ गई है।

जय श्री राम । श्री गणेशाय नमः । (स्थापना: दि. 13.01.2010) जय श्री राम
शनिवार दिनांक 23-08-2025
भाद्रपद (पिठौरी) अमावस्या
यादेवी श्री आईजी गौशाला
शुभस्थल : एन एच 44,मेडचल रोड, कल्लाकल।
गौशाला प्रांगण में भोजन प्रसादी एवं भजनों का कार्यक्रम रहेगा।
गौशाला में चारा भेट करने वाले गौ भक्तों का दोपहर 1:00 बजे सम्मान किया जाएगा
गौशाला प्रांगण में पधार कर दान पुण्य कर दर्शन,पूजा,सेवा का लाभ लेवे।
सम्पर्क : नारायणलाल :8712311785 , सिरवि वी ताराराम पंवार :9246368842
Gpay / phone pay : 9246368842
CHOUDHARY BROTHERS
HNo : 1-307, NH 44, OPP BUS DEPOT, MEDCHAL
SOHANLAL : 9032160794
BEAUTIFUL HOMES

ॐ शिव मंदिर गौशाला, पालमाकुल, शमशाबाद — OM SHIV MANDIR GOSHALA, MAHAVEER CO.OP.URBAN BANK LTD, Shamsherganj Branch, C/A No. 003103000000072, IFSC CODE: HDFC0CMCUBL
शिव मंदिर गौशाला, शमशेरगंज, हैदराबाद — SHIV MANDIR GOSHALA, AP MAHESH BANK CO.OP.URBAN BANK LTD, Begum Bazar Branch, C/A No. 002001200018617, IFSC CODE: APMC00002
गौमाता को हरी घास की सेवा कर पुण्य के भागी बनें।
आज शनिवार, 23 अगस्त 2025 को भाद्रपद अमावस्या है।
जो पुरुष गौओं की सेवा करता है और सब प्रकार से उनका अनुगमन करता है, उस पर संतुष्ट होकर गौएँ उसे अत्यंत दुर्लभ वर प्रदान करती है। गौओंके साथ मन से भी कभी द्वेष न करें, उन्हें सदा सुख पहुँचाये, उनका यथोचित सत्कार करें और नमस्कार आदि के द्वारा उनका पूजन करते रहे। जो मनुष्य जितेन्द्रिय और प्रसन्नचित होकर नित्य गौओंकी सेवा करता है, वह समृद्धि का भागी होता है।
Digital Donation are accepted on Google Pay/Phone Pay 9959271866
FOR MORE DETAILS CONTACTS 9849710223, 9848097776, 9247888983, 7989734546
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GOPAL BALDAWA GROUP

श्री धर्मसाई गौशाला
धर्मगिरी, शमशाबाद, आरआर डिस्ट्रीक तेलंगाना-501218
सस्नेह निमंत्रण
दर्श अमावस्या
आज शनिवार, 23 अगस्त 2025 को भाद्रपद अमावस्या है।
गौ माता पूजन : सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर गौ सेवा, दान पुण्य के भागीधार बने
C/o Sree Dharmasai Temple, Dharmagiri, Shashabad
SRI DHARMASAI GOW RAKSHA TRUST, A/c no-922020006836112, AXIS BANK, Shamshabad branch, IFSC code-UTIB0000867, Paytm,GOOGLE PAY, Phone pe:- 9440828585
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा

विश्व मंगल गौशाला
सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद (तेलंगाना)
सस्नेह निमंत्रण
आज शनिवार 23 अगस्त 2025 प्रातः 11 बजे से
भाद्रपद (पिठौरी) अमावस्या
शुभ स्थल : विश्व मंगल गौशाला, सोमारम ग्राम, मेडचल, हैदराबाद
गौ-माता पूजन * भजन * भोजन प्रसादी
सभी से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारकर गौसेवा, दान, पुण्य के भागीदार बनें। सभी धर्मप्रेमियों, गौ-भक्तों से विनती है कि वे दान-पुण्य का कार्य गूगल-पे/फोन-पे द्वारा भी कर सकते हैं। समय निकालकर सपरिवार अवश्य पधारें।
दूरभाष : 9346917593
Bank Details : GOU GRAM VIKAS SEVA SAMITHI, A/c No. 50200063938688 | IFSC : HDFC0009429, HDFC Bank, Kanajiguda Branch

।। जय गौ माता।। जय जय रघुवीर समर्थ ।। श्री श्री श्री सद्गुरु ।।
श्री समर्थ कामधेनु गौशाला
श्री सद्गुरु समर्थ नारायण आश्रम, शिवबाग, जियागुड़ा, हैदराबाद. फोन : 9296358630, 7013711317
आज शनिवार, 23 अगस्त 2025 को भाद्रपद अमावस्या है।
"गौ माता की सेवा से आयु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। पापों का नाश होता है।" गौ-ग्रास सेवा से सुख-शांति, मंगलमय जीवन, सर्व दोष निवारण का लाभ उठाएँ। गौशाला में गौ दान की सुविधा उपलब्ध है।
(For Income Tax Exemptions u/s 80g)
Online गौ सेवा के लिये
SHREE KALPAVRUKSHA KAMDHENU WELFARE TRUST, SBI Bank King koti Branch A/c No. 10015542319 IFSC: SBIN0007054
SHRI SADGURU SAMRATH NARAYAN ASHRAM, SBI PPB, Red Hills A/c No. 20100020864 IFSC: SBIN0002790
PAYTM : 9296358630, GOOGLE PAY/PHONE PAY: 7013711317
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GOPAL BALDAWA GROUP

।। जय गौ माता ।।
नारायणी गौ सेवा सदन में आप सभी गौ भक्तों का स्वागत है
सस्नेह निमंत्रण
सामूहिक महा रुद्राभिषेक
अमावस्या शनिवार 23 अगस्त 2025 प्रातः 9:00 से 12:00 बजे तक
इस पवन अवसर पर सहपरिवार मित्रो सहित पधारकर पुण्य के भागीदार बने
नारायणी गौ सेवा सदन
रोड न. 17, शालिवाहन नगर, मुसारामबाग, मलकपेट, हैदराबाद।
Bank account detail : NARAYANI GOW SEVA SADAN, A/C No. 50200065063209, for RTGS/ NEFT IFSC CODE HDFC0001996, TYPE OF ACCOUNT CURRENTACCOUNT, HYDERGUDA BRANCH, HYD.
9581348889
सत्यनारायण गोपाल बल्दवा
GOPAL BALDAWA GROUP

आज शनिवार दिनांक 23 अगस्त 2025 शनि अमावस्या है
वर्षाकाल मे ज्ञान की गंगा बहाने विराजे अनेक आचार्य-संत-ज्ञानी महात्माओं की पावन सेवा मे सादर वंदन-अभिनंदन
चलिये हज़ारों गौवंश एवं कबूतरों को अपने करकमलों से चारा अर्पण कीजिये।
सत्यम् शिवम् सुंदरम् गौ निवास
SATYAM SHIVAM SUNDARAM GAUNIVAS
#7-4-117/3/1/1, Gagan Pahad, Rajiv Gandhi International Airport Road, R.R. Dist Hyderabad - 500 052

गावो विश्वस्य मातर ।। जय श्री कृष्ण ।। जय गो माता
श्री गोपाल गौशाला
संत विनोबानगर, रामदास पल्ली के पास, सागर रोड, इब्राहिमपटनम
आज शनिवार, 23 अगस्त 2025 को भाद्रपद अमावस्या है।
अमावस्या के उपलक्ष्य में सभी गौ प्रेमियों से विनम्र अनुरोध है कि गौसेवा कर पुण्य के भागी बनें और हमें सहयोग राशी इन बैंक खाते में जमा करा सकते है।
SRI GOPAL GOSHALA TRUST MAHESH BANK, VANASTHLIPURAM BRANCH, S/A NO. 025001100001224 IFSC CODE : APMC0000025
निवेदक : श्री गोपाल गौशाला ट्रस्ट (रजि.)

# मुंगेर में राहुल-तेजस्वी का रोड शो जारी

## मस्जिद जाकर फैसल रहमानी से मिले दोनों नेता

मुंगेर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आरजेडी के नेता तेजस्वी यादव मिलकर बिहार में वोटर अधिकार यात्रा कर रहे हैं। शुक्रवार को इस यात्रा का छठा दिन है। राहुल गांधी का काफिला मुंगेर के जमालपुर पहुंचा है। इस दौरान राहुल गांधी और तेजस्वी यादव खानकाह रहमानी के मौलाना से मुलाकात करने पहुंचे। करीब 20 मिनट तक ये मुलाकात चली। जिस खानकाह रहमानी जाकर राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने मौलाना से मुलाकात की। उस खानकाह का लंबा इतिहास है। यह खानकाह 1901 में मौलाना मोहम्मद अली मुंगेरी ने स्थापित की थी। तब से यह केंद्र सिर्फ सामाजिक सुधार का ही केंद्र नहीं रहा बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों की मदद भी करता रहा। साथ ही अब यह इंजीनियरों की खान बन गया है।



**महात्मा गांधी से लेकर नेहरू तक पहुंचे**

राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ऐसे पहले नेता नहीं हैं जो इस खानकाह में गए हैं। बल्कि यहां महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, अबुल कलाम आजाद और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे लीडर्स भी आकर रुके हैं। राहुल गांधी के पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी भी इस खानकाह का दौरा कर चुके हैं। इसके अलावा ऐसे कई नेता हैं जो इस खानकाह में जा चुके हैं।

**अहमद वली फैसल रहमानी करते हैं संचालन**

अली मुंगेरी के बाद मौलाना सैयद शाह लुत्फुल्लाह रहमानी, उनके भतीजे ने इस केंद्र का संचालन किया। इसके बाद मिनतुल्लाह रहमानी, फिर उनके बेटे मोहम्मद वली रहमानी और अब उनके बेटे अहमद वली फैसल रहमानी इस खानकाह का संचालन कर रहे हैं। इस खानकाह ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के स्थापना में भी अहम भूमिका निभाई है, जो मुसलमानों के व्यक्तिगत कानूनों और पहचान की रक्षा करता है।

**जेईई से लेकर नीट तक की कराई जा रही तैयारी**

खानकाह में न सिर्फ छात्रों को कुरान पढ़ाया जा रहा है। न सिर्फ दीन और इस्लाम की तालीम दी जा रही है। ब्लकि साइंस, इंग्लिश और गणित भी पढ़ाई जा रही है। छात्रों को जेईई और नीट जैसे एंट्रेंस एग्जाम के लिए तैयार किया जा रहा है। जामिया रहमानी, जो 1927 में स्थापित हुई, खानकाह रहमानी की चैरिटी संस्था रहमानी फाउंडेशन की ओर से चलाई जा रही कई केंद्रों में से एक है। यहां बच्चों को तकनीक से जोड़े रखने के लिए बेहतर शिक्षा के लिए टैबलेट भी दिया जाता है। इसके अलावा, छात्रों के लिए स्मार्ट क्लासेस की सुविधा भी उपलब्ध है। खानकाह में रहमानी 30 प्रोग्राम चलाया जाता है। हेड अहमद वली फैसल रहमानी के भाई फहद रहमानी इस रहमानी प्रोग्राम ऑफ एक्सीलेंस के सीईओ हैं, जिसके तहत रहमानी 30 चलाया जाता है। रहमानी 30 जेईई एडवांस्ड (आईआईटी) और जेईई मेन्स की तैयारी कराता है। इसकी कई शाखाएं भारत के अलग-अलग शहरों में मौजूद हैं।

इसके अलावा, यहां मेडिकल (नीट) एंट्रेंस एग्जाम की तैयारी के लिए भी केंद्र है। साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और कंपनी सेक्रेटरी (सीएस) परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी केंद्र मौजूद है। खानकाह में बी.ईडी कॉलेज भी है, जिसमें महिला छात्रों की संख्या ज्यादा है। साथ ही 2011 के बाद कई नए कोर्सेज भी जोड़े गए हैं।

## हिंदू नामों से बैंड-बाजा कंपनी चलाने वाले मुस्लिम मालिकों की सीएम योगी से शिकायत

मुरादाबाद, 22 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के मुरादाबाद में हिंदू नामों से बैंड-बाजा कंपनी चलाने वाले मुस्लिम मालिकों की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है। शिकायत के बाद मामला तूल पकड़ लिया है। शिकायत अधिवक्ता शेबी शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई है कि शहर में कई बैंड कम्पनियां हिन्दू नामों से चल रही हैं जबकि उनके मालिक मुस्लिम हैं। शिकायत में कहा गया है कि मुरादाबाद में शर्मा बैंड का संचालन अकील अहमद कर रहे हैं। इसी तरह दर्जनों बैंड कम्पनियां हिन्दू नाम रखकर व्यापार कर रही हैं, जिससे हिन्दू समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। अधिवक्ता ने यह भी कहा कि जिस प्रकार कांवड़ रूट पर दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा हिन्दू देवी-देवताओं के नाम पर होटल संचालित करने पर कार्रवाई हुई थी। उसी तरह इन बैंड कम्पनियों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## मुठभेड़ के बाद शातिर चोर गिरफ्तार

गोरखपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। गोरखपुर के बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात डेढ़ बजे फोरलेन (कोड़ारी गांव) के पास एक शातिर चोर नूरेआलम पुत्र स्व. रहमत अली थाना दोहरीघाट को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। चोर के बायें पैर मे गोली लगी है। घायल चोर नूरेआलम को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि शातिर के खिलाफ बड़हलगंज, जीयनपुर व मधुबन थाने मे दर्जन भर मुकदमें दर्ज हैं।

## पार्किंग के विवाद में ईंट- रॉड से पीटकर शिक्षक की हत्या

वाराणसी, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बृज इंक्लेव में केदार कॉलोनी के मातृ अपार्टमेंट में रहने वाले शिक्षक डॉ। प्रवीण झा की ईंट और रॉड से पिटाई कर देर रात हत्या कर दी गई। उनकी उसी अपार्टमेंट में रहने वाले आदर्श सिंह से रात 10 बजे कार पार्किंग को लेकर कहासुनी हुई थी। मामले में डॉ। प्रवीण झा की पत्नी किरण झा की तहरीर पर बीएनएस की धारा 103 (1) के तहत आदर्श सिंह व दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## हाईवे पर भीषण सड़क हादसा 3 की दर्दनाक मौत

नोएडा, 22 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा-ईस्टर्न पेरीफेरल हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार ट्रक में जा घुसी। हादसे में 3 की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार हरिद्वार से फरीदाबाद जा रहे थे। मौके पर पहुंची दादरी पुलिस ने क्रेन और हाइड्रा की मदद से कार को काट-काटकर फंसे लोगों को बाहर निकाला।

## अश्लील वीडियो वायरल करने का आरोपी इमाम गिरफ्तार

रामपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। रामपुर में बीते दिन एक वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा था जिसमें एक शख्स बिना कपड़ों के नग्न अवस्था में दिखाई दे रहा था। इस वीडियो में तमंचे, कारतूस, अश्लील चित्र और अन्य सामग्री भी दिख रही थी। जिसके बाद पुलिस एक्शन में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेज से वायरल हो गया था, जिसके बाद इस मामले का संज्ञान लेते हुए रामपुर पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में टीम का गठन किया और वीडियो में दिखाई दे रहे शख्स की पहचान कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। सिविल लाइन थाना पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपी शख्स की शिनाख्त की, जिसकी पहचान इमाम रईस अहमद के रूप में हुई। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से दो 312 बोर की तमंचे, कारतूस बरामद किए हैं।

## मेड की घिनौनी हरकत,घर के मालिक ने पुलिस में की शिकायत

बिजनौर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। नगीना कस्बे से एक बेहद हैरान परेशान कर देने वाली खबर है। यहां नगर के एक मोहल्ले में एक नामचीन व्यापारी के घर हाउस मेड का काम करने वाली महिला घर के किचन में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक घिनौनी हरकत करते हुए कैद हुई है। सीसीटीवी में कैप्चर वीडियो में पहले घर का काम करने आयी महिला गिलास उठाकर उसमें पेशाब करती है। फिर वही पेशाब से भरा गिलास सिंक में पड़े बर्तनों पर उड़ेलती नजर आ रही है। सीसीटीवी में कैद हाउस मेड की इस हरकत से पूरा घर सदमे की स्थिति में है। घर के मालिक ने बदनामी के डर से अपना नाम नहीं बताने की गुजारिश करते हुए नगीना पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ये घिनौना कृत्य करके भरोसा तोड़ने वाली उक्त महिला को शांति भंग करने की धारा 151 में चालान कर एसडीएम नगीना के यहां पेश किया।

## अपराधियों ने पुलिस पर की फायरिंग

समस्तीपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। समस्तीपुर में बाइक सवार 2 अपराधियों ने पुलिस पर फायरिंग की है। इस दौरान पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की है। मौके से एक अपराधी की गिरफ्तारी हुई है। जिसकी पहचान मुजफ्फरपुर जिले के बहिलवारा गांव निवासी अभिषेक कुमार के तौर पर हुई है। सरैया थाने में तीन केस दर्ज है। एक देसी पिस्टल, दो मैगजीन, सात गोली, तीन खोखा और एक बाइक बरामद हुआ है। घटना चकमेहसी थाना क्षेत्र के सोमनाहा गांव की है। पुलिस ने भी पीछा किया। सोमनाहा के पास दोनों गाड़ी छोड़कर बगीचे के अंदर घुस गए और फायरिंग करने लगे। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। पेड़ की आड़ में छिपे एक बदमाश को पकड़ लिया। दूसरा मौके से भागने में कामयाब रहा।

# राहुल गांधी की सुरक्षा बढ़ाई जाए

## प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गृहमंत्री को पत्र भेज कर की मांग

लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भेजा है। इसमें लोकसभा में नेता प्रति पक्ष राहुल गांधी की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। भेजे गए पत्र में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि दो दिन पूर्व दिल्ली राज्य की मुख्यमंत्री के साथ एक व्यक्ति ने हाथापाई की।

उनको व्यक्तिगत रूप से चोट पहुंचाने का प्रयास किया है। मुख्यमंत्री के साथ यह घटना उस समय हुई जब वह जन-सुनवाई कर रही थीं। जन-प्रतिनिधि को अपने राजनीतिक और सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए जन-सामान्य और समर्थकों से संवाद के लिए सदैव उपलब्ध रहना पड़ता है। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की व्यक्तिगत सुरक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है।

राहुल गांधी कांग्रेस और भारत की राजनीति के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेताओं में से एक हैं। उन्होंने विगत वर्षों में जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हुए अनेक कार्यक्रमों का नेतृत्व किया है, जिसमें भारत जोड़ो यात्रा और लोक सभा चुनाव प्रचार इत्यादि प्रमुख हैं। वर्तमान समय में राहुल गांधी बिहार में जन-अधिकार यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें उनके विचारों को सुनने और देखने के लिए लाखों नागरिक जुट रहे हैं। इन परिस्थितियों में उचित होगा कि राहुल गांधी को बिना चूक वाली उच्चतम स्तर की व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान की जाए। राहुल गांधी के प्रिय परिजन आतंकी हिंसा का शिकार हुए हैं, जिनमें सुरक्षा चूक एक प्रमुख कारक रही है इसलिए उनकी सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए।।

# 5 हजार करोड़ रुपये का घोटाला

## चीन, हांगकांग और मलेशिया भेजे पैसे; फिर करोड़ों के हीरे मंगवाकर कमाया माल

आगरा, 22 अगस्त (एजेंसियां)। आयकर विभाग ने कारपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) फंड के पांच हजार करोड़ रुपये की मनी लॉड्रिंग पकड़ी है। शैल कंपनियों (मुखौटा कंपनियों) के माध्यम से चीन, हांगकांग, मलेशिया, सिंगापुर और दुबई धनराशि भेजी गई। वहां से तस्करी कर करोड़ों रुपये के हीरे मंगाए गए। हीरों को गुजरात के सूरत में बेचकर धनराशि जुटाई गई, जिसे हवाला के माध्यम से कंपनियों को नकद में लौटाया गया। आयकर विभाग की कार्रवाई अभी जारी है। इस रकम का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। आयकर विभाग के आगरा परिक्षेत्र में इस तरह का यह पहला मामला है। इसकी जद में अभी हीरों की खरीद व बिक्री करने वाले हीरा कारोबारी भी आ सकते हैं। आयकर विभाग को देश की नामी-गिरामी कंपनियों से सीएसआर फंड के करोड़ों रुपये मथुरा के जनजागृति सेवा संस्थान, अहमदाबाद के रागिनी बेन विधिक चंद्र सेवा कार्य और भीलवाड़ा के डा. ब्रजमोहन सपूत कला संस्कृति सेवा संस्थान ट्रस्ट में जमा होने की जानकारी मिली थी। विभाग ने जनजागृति सेवा संस्थान का आडिट करने वाले मथुरा के राधावैली के सीए आशुतोष अग्रवाल के यहां कार्रवाई की।

# यूपी का हर व्यक्ति 37500 का कर्जदार

लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में जहां बुनियादी और औद्योगिक विकास में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, वहीं विभिन्न संस्थाओं से लिए उधार का बोझ भी बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में अब तक यूपी के प्रत्येक व्यक्ति पर करीब 37500 रुपये का ऋण है। पांच साल में यूपी पर उधार 6 लाख करोड़ से बढ़कर 9 लाख करोड़ होने का अनुमान है। राज्य वित्त आयोग के मुताबिक इसके बावजूद सरकार का राजस्व घाटा 2.97 फीसदी है जो आरबीआई की निर्धारित सीमा के अंदर है।

यही वजह है कि पांच साल में बजट का आकार भी करीब दोगुना हो गया है। राज्य वित्त आयोग के मुताबिक राज्य के ऊपर उधार का बोझ विकास का संकेतक होता है, क्योंकि जितना ज्यादा खर्च बुनियादी ढांचे के विकास पर होता है उतना ही ऋण बढ़ता है। शर्त ये है कि ये खर्च पारदर्शी और प्रबंधन नीति के तहत किया जाए। यानी ऋण का आकार नहीं, बल्कि उसका उपयोग और पुनर्भुगतान की योजना ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। अत्यधिक ऋण से विकासशील अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ता है और ब्याज भुगतान में वृद्धि होती है। ऐसे में यूपी जैसे राज्य के लिए इसका संतुलन जरूरी है।

वित्त आयोग के मुताबिक वर्ष 23-24 में राज्य सरकार पर कुल ऋण करीब 7.76 लाख करोड़ रुपये था जो वर्ष 25-26 में 9 लाख करोड़ रुपये के पार होने का अनुमान है।

# अचानक सोशल मीडिया से कैसे गायब हो गए नोएडा डीएम के अकाउंट



गौतमबुद्धनगर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। इस समय यूपी के सियासी से लेकर आम गलियारे तक हलचल मची हुई है। वजह है चुनाव आयोग पर खड़े हो रहे सवाल। मगर आप सोच रहे होंगे कि इसका यूपी के गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी मेधा रुपम से क्या लेना देना। तो बता दें, आईएएस अधिकारी मेधा ने अपने सारे सोशल मीडिया अकाउंट डिएक्टिवेट कर दिए हैं। इसकी वजह कहीं न कहीं उनके पिता ज्ञानेश कुमार को माना जा रहा है, जो भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त हैं। बीते सप्ताह ज्ञानेश कुमार ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल समेत अन्य विपक्षी दलों द्वारा लगाए गए आरोपों पर एक प्रेस वार्ता की थी।

इसके बाद से ही फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम और अन्य एप पर ट्रोलिंग शुरू हो गई थी। इसी ट्रोलिंग के निशाने पर उनकी बेटी और भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी आईएएस मेधा रुपम के साथ-साथ दामाद एवं सहारनपुर के जिलाधिकारी मनीष बंसल को भी ट्रोल किया जाने लगा। सोशल मीडिया पर तो यहां तक लोगों ने लिख दिया कि आखिर किस आधार पर मेधा रुपम को नोएडा में दो बार पोस्टिंग मिली।

बता दें गौतमबुद्धनगर की जिलाधिकारी नियुक्त होने से पहले मेधा रुपम, वर्ष 2023-2024 तक ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी में बतौर एसीईओ अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग से परेशान होकर मेधा रुपम ने अकाउंट्स डिएक्टिवेट कर दिए। उन्होंने कहा कि अभी तक शिकायत नहीं की है। एक हिन्दी अखबार की मानें तो रुपम का कहना है कि भविष्य में निश्चित तौर पर शिकायत करके कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मंत्री प्रतिभा शुक्ला के पूर्व सांसद पति से संगठन ने मांगा जवाब

# सामने आई भाजपा की अंदरूनी कलह



लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कानपुर देहात में भाजपा के भीतर अंदरूनी कलह और गुटबाजी खुलकर सामने आई है। इसके बाद महिला कल्याण राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी और पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व राजेश तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। सभी से सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी के निर्देश पर पार्टी के मुख्यालय प्रभारी और महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ला की ओर से नोटिस जारी किया गया है। इसमें पार्टी ने तीनों नेताओं की बयानबाजी और गतिविधियों को पार्टी के आचरण के विपरीत माना है। इसे अनुशासनहीनता बताया है। पार्टी नेतृत्व ने यह चेतावनी भी दी है कि तय समय सीमा में संतोषजनक जवाब न देने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

25 जुलाई को भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला और उनके पति अनिल शुक्ला वारसी ने थाने में धरना दिया था। मौजूदा सांसद देवेन्द्र सिंह भोले के गुट के लोगों पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके जवाब में भोले गुट के माने जाने वाले कानपुर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, राजेश तिवारी ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर राज्यमंत्री और उनके पति पर गंभीर आरोप लगाए। इस पर बुधवार को मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने भोले पर ब्राह्मण और क्षत्रियों को लड़ाने का आरोप लगाया।

## मतदाता सूची में गड़बड़ी और एसआईआर के विरोध में समाजवादी महिला सभा का प्रदर्शन ज्ञापन सौंपा

लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसियां)। मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी और एसआईआर के विरोध में समाजवादी महिला सभा ने जिला कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया। सभा की उत्तर प्रदेश महिला सभा की प्रदेश सचिव सुनीता यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचीं और नारेबाजी करते हुए जिला अधिकारी को चुनाव आयोग के नाम एक ज्ञापन सौंपा। उत्तर प्रदेश महिला सभा की प्रदेश सचिव सुनीता यादव ने कहा कि भाजपा सत्ता और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूरे देशभर में मतदाता सूची में हेराफेरी कर रही है, जिससे आम जनता के मताधिकार पर सीधा प्रहार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चुनाव आयोग के सहयोग से मतदाता सूची में धांधली की जा रही है, वह जनता के विश्वास के साथ विश्वासघात है। जनता अब जाग चुकी है और अपने अधिकार की लड़ाई किसी भी कीमत पर लड़ेगी। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजकुमार भाटी ने भी चुनाव आयोग और भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलकर जनता के वोट के अधिकार पर डाका डाला है और सत्ता पर काबिज हुई है।

उन्होंने खुलासा किया कि 2022 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी ने नाम काटने को लेकर चुनाव आयोग को 18,000 शपथ पत्र दिए थे, लेकिन आयोग ने उनमें से एक का भी उचित जवाब नहीं दिया। यह इस बात का सबूत है कि सुनियोजित तरीके से मतदाता सूची से नाम हटाए गए। राजकुमार भाटी ने कहा कि यदि इस मामले की गहन जांच की जाए तो भाजपा की साजिश और वोटों की चोरी की सच्चाई जनता के सामने आ जाएगी।

## विपक्ष तो बहाना, 2027 के चुनाव में दबाव बनाना ही असली मकसद

# राजभर, पटेल और निषाद ने भाजपा को दिया संदेश



लखनऊ, 22 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में हुए निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में जिस तरह से पिछड़ी जातियों की राजनीति करने वाले राजग के सहयोगी दलों ने एकजुटता दिखाई है उससे साफ है कि आगामी चुनावों में भाजपा पर सीटों के बंटवारे का दबाव बढ़ेगा। सुभासपा अध्यक्ष ओपी राजभर और अपना दल (एस) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आशीष पटेल के तेवरों से साफ हो गया है कि इनकी असली मंशा अखिलेश यादव के पीडीए के तोड़ से ज्यादा अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में भागीदारी बढ़ाने की है। ऐसा नहीं है कि जाति आधारित राजनीति करने वाले नेताओं ने पिछड़ों के हक का मुद्दा पहली बार उठाया है। जातीय दलों के नेता हर बार चुनावी तैयारियों के दौरान इस तरह के मुद्दों को हवा देकर अपना राजनीति लक्ष्य हासिल करने की कोशिश करते हैं। इससे उन्हें हर सरकार में प्रतिनिधित्व भी मिलता रहा है। ये अलग बात है कि एनडीए में शामिल होने के नाते अपना दल (एस), सुभासपा और निषाद पार्टी के तीनों नेता पिछड़ों की उपेक्षा के लिए विपक्ष को कोस रहे हैं, लेकिन असली निशाना बिहार के विधानसभा चुनाव के साथ ही यूपी में होने वाले आगामी पंचायत व विधानसभा चुनावों में सीटों की हिस्सेदारी पर है।

तीनों दलों के नेताओं ने एक स्वर से एकजुटता का दिखावा करते हुए जिस तरह से आरक्षण विरोधियों को सबक सिखाने की चेतावनी दी है, वह अनायास नहीं है। यूपी में अगले साल होने वाले पंचायत चुनाव से पहले नवंबर में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी इनकी नजर है। अपना दल (एस) ने अब तक बिहार में चुनाव लड़ने का कोई संकेत नहीं दिया है, लेकिन सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद तो बिहार चुनाव में सीटों की मांग उठा भी चुके हैं। अधिवेशन में बिहार में निषाद पार्टी के चुनाव लड़ने के एलान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उनकी एकजुटता के पीछे की मंशा आगामी चुनावों में सीटों के बंटवारे की ही है।

## पाकिस्तान की दो लेडीज बन गईं बिहार में वोटर



## एसआईआर के दौरान बड़े खुलासे से मचा हड़कंप

भागलपुर/पटना, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले भागलपुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां पाकिस्तान से आई दो महिलाओं के वोटर आईडी कार्ड बन गए। केंद्रीय गृह मंत्रालय की जांच में यह खुलासा हुआ है, जिसके बाद अवैध रूप से वीजा अवधि को ओवरस्टे कर रहे विदेशियों का पता लगाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जांच में भागलपुर में तीन पाकिस्तानी नागरिकों के रहने की पुष्टि हुई है, जिनमें से दो महिलाओं के नाम मतदाता पहचान पत्र भी बन गया है। इस मामले के सामने आने के बाद पुलिस मुख्यालय ने एसएसपी से जांच कराई है और भागलपुर के डीएम और एसएसपी से विस्तृत रिपोर्ट तलब की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय अवैध रूप से वीजा अवधि को ओवरस्टे कर रहे विदेशियों का पता लगाने में जुटा है।

इस पड़ताल में भागलपुर में तीन पाकिस्तानी नागरिकों के रहने की पुष्टि हुई है। इशाकचक थाना क्षेत्र के भीखनपुर गुमटी नंबर 3 टैंक लेन में दो महिलाएं रह रही हैं। मंत्रालय की रिपोर्ट पर जब पुलिस मुख्यालय ने एसएसपी से जांच कराई तो हैरान करने वाले खुलासे हुए।

## जेब में लिफाफा रखने वाले औरैया के एसडीएम सस्पेंड

औरैया, 22 अगस्त (एजेंसियां)। यूपी के औरैया के एसडीएम राकेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। उन पर एफआईआर भी दर्ज हुई है। राकेश कुमार का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो अपने ऑफिस में बैठे दिख रहे थे और एक शख्स उनके टेबल की रैक में लिफाफा रखकर चला जाता है। थोड़ी देर बाद ये लिफाफा राकेश कुमार उठाकर अपनी जेब में रख लेते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ जिसके बाद जनता में भारी आक्रोश फैल गया और प्रशासन पर तुरंत कार्रवाई का दबाव बनने लगा। वीडियो वायरल होने के बाद डीएम इंद्राणी त्रिपाठी ने पूरे मामले की जांच बैठाई थी जिसके बाद अब एसडीएम राकेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है। वीडियो सामने आने के बाद लोग राकेश कुमार सिंह पर घूसखोरी करने का संदेह जता रहे थे। बताया जा रहा है कि राकेश कुमार पर पहले भी इस तरह के आरोप लग चुके हैं। औरैया डीएम ने शुरुआती जांच की जिसमें आशंका सच साबित हुई। इसके बाद एसडीएम राकेश कुमार को सस्पेंड कर दिया गया और उनकी जगह आनंद वर्मा को औरैया सदर का नया एसडीएम नियुक्त किया गया है।

## ज्यादा कमाई का लालच देकर दुबई भेजा

### वहां शेख ने रेगिस्तान में बंधक बनाया

कानपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश में नौकरी और मोटी कमाई का सपना दिखाकर खुद दोस्त ने ठग के माध्यम से कानपुर के एक युवक को सऊदी अरब भेज दिया, जहां उसको बंधक बना लिया गया। वहां 19 दिनों तक उसे भूखा-प्यासा रखकर जबरन काम कराया गया और तरह-तरह की यातनाएं दी गईं। किसी तरह जान बचाकर भारत पीड़ित एंबेसी पहुंचा और फिर स्वदेश लौटा। कानपुर आने के बाद युवक ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की, जिसके बाद नौबस्ता थाने में मामला दर्ज किया गया है। नौबस्ता आवास विकास निवासी आरिफ अंसारी मजदूरी कर परिवार का खर्च उठाता था। पिता आलमगीर और मां की तबीयत खराब रहने के कारण उस पर घर की जिम्मेदारी थी। इस बीच दोस्त दिलशाद ने उसकी मुलाकात रनियां निवासी शाहरुख से कराई। आरिफ 30 जुलाई को कानपुर वापस आया। इसके बाद उसने पुलिस कमिश्नर को पूरी आपबीती सुनाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए नौबस्ता थाने में शाहरुख, अयान और अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

## टीचर की हत्या

### अपार्टमेंट की पार्किंग में कार खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद

वाराणसी, 22 अगस्त (एजेंसियां)। वाराणसी में अपार्टमेंट में कार खड़ी करने की जरा सी बात पर सनबीम स्कूल के टीचर की हत्या कर दी। हमलावरों ने ईंटों से सिर कूंचा, फिर लोहे की रॉड से मरने तक टीचर को पीटते रहे। चीख-पुकार सुनकर परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। यह देखकर हमलावर फरार हो गए। परिजन टीचर को बीएचयू अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वारदात की सूचना पर भेलूपुर एसीपी गौरव कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दी। रात 3 बजे हमलावरों को पुलिस ने पकड़ लिया। उनसे थाने में पूछताछ जारी है। वारदात रात 10.30 बजे भेलूपुर थाना क्षेत्र के कबीरनगर में मातृ छाया अपार्टमेंट की है।

# आंगनबाड़ी में सिर पर गिरा लोहे का पाइप, बच्ची की मौत

## खेलते वक्त हादसा, आप नेता बोलीं–पुलिस ने केस दबाया, अब डीजे संचालक पर एफआईआर

बिलासपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बिलासपुर में आंगनबाड़ी में खेल रही मासूम के ऊपर लोहे का पाइप गिर गया, जिससे गंभीर रूप से घायल 3 साल के मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना 14 अगस्त की है। इस मामले को पुलिस एक सप्ताह तक दबाई बैठी रही। आम आदमी पार्टी के विरोध और शिकायत के बाद अब जाकर पुलिस ने डीजे संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

यह मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। दरअसल, तालापारा की रहने वाली तीन साल की मुस्कान महिलांग मोहल्ले के आंगनबाड़ी में पढ़ने जाती थी। रोज की तरह 14 अगस्त को भी वो आंगनबाड़ी गई थी। इस दौरान खेलते समय परिसर में रखे लोहे का पाइप बच्ची के ऊपर गिर गया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई।

इस हादसे के बाद बच्ची को



सिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना आम आदमी पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष और वकील प्रियंका शुक्ला को मिली, तो उन्होंने पुलिस अफसरों से जानकारी ली, तब पहले उन्होंने इस तरह की घटना होने से इनकार कर दिया।

फिर बाद में पता चला कि सिविल लाइन पुलिस ने बच्ची के शव का पोस्टमॉर्टम कराया है। लेकिन, एक सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जिसका विरोध करते हुए उन्होंने परिजनों के साथ मिलकर शिकायत करने और आंदोलन करने की चेतावनी दी।

**आंगनबाड़ी परिसर में रखा था डीजे का सामान**

इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि जिस प्राइमरी स्कूल परिसर में आंगनबाड़ी चलता है। वह चारों ओर से बाउंड्री से घिरा हुआ है।

आंगनबाड़ी और स्कूल एक साथ संचालित हैं। इसी परिसर में डीजे संचालक रोहित देवांगन ने अपने डीजे का सामान और लोहे के पाइप रख दिया था।

14 अगस्त को करीब सुबह 11:15 बजे मुस्कान अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी, तभी लोहे का एक पाइप अचानक उसके सिर पर गिर गया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गई थी और जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

**स्कूल के चौकीदार का पोता है आरोपी**

थाना प्रभारी ने बताया कि आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी ली गई है। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन से भी इस संबंध में पूछताछ की गई। इसमें पता चला कि आरोपी रोहित देवांगन का दादा स्कूल में चौकीदार है।

वह स्कूल परिसर में बने एक कमरे में रहता है। आरोपी रोहित ने परिसर के अंदर चौकीदार के कमरे के पास लोहे के पाइप को दीवार पर टिकाकर रखा था। बच्चों के खेलने के दौरान एक पाइप मासूम के सिर पर गिरा था।

# सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

## औरंगाबाद से बहन के घर लातेहार आते वक्त हुई दुर्घटना बस से हुई थी बाइक की टक्कर

लातेहार, 22 अगस्त (एजेंसियां)। लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के देवबार मोड़ के पास शुक्रवार को बस और बाइक के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो हुई। इस टक्कर में बाइक सवार दोनों सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत युवक की पहचान औरंगाबाद जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र के नामनगर के रहने वाले अब्दुल हासिम सरवर और अब्दुल कासिम सरवर के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई थे। दोनों भाई बाइक से अपने घर से लातेहार बहन के घर आ रहे थे। उपाध्याय यात्री बस रांची से डालटेनगंज की ओर जा रही थी। इसी बीच देवबार मोड़ के पास बस और बाइक में भीषण टक्कर हो गई। बाइक सवार दोनों युवकों ने हेलमेट पहना था, लेकिन दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# महिलाओं ने एक-दूसरे को पीटा

## जड़े थप्पड़ पे थप्पड़, युवक बोला– 36 भाई हैं, 36 टुकड़े कर देंगे, रायपुर में साउंड-बॉक्स के लिए लड़ाई

रायपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। रायपुर के खम्हारडीह में गणेश पंडाल में साउंड बॉक्स को लेकर 2 समितियों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को जमकर थप्पड़ जड़ दिए। मारपीट के बीच एक युवक ने भी महिला को थप्पड़ मारा, जिससे वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गई। युवक ने महिला को धमकी दी कि 36 भाई हैं, 36 टुकड़े कर देंगे। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

यह पूरा मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र के कचना रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का है। गुरुवार रात 9:30 बजे कॉलोनी के 2 अलग-अलग समितियों के बीच विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि यह विवाद गणेश प्रतिमा स्थापना के लिए सामान को लेकर हुआ था।

दरअसल, कॉलोनी के लोग साउंड बॉक्स, तिरपाल, कुर्सी बर्तन एक जगह पर रखते हैं। इन्हीं सामानों के बंटवारे के दौरान दोनों समितियों के सदस्यों के बीच साउंड बॉक्स को लेकर बहस शुरू हो गई। 2 समितियों के सदस्यों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। कॉलोनी के लोगों ने इस मारपीट का वीडियो बना लिया। इस वीडियो में साफ दिख रहा है कि महिलाएं एक-दूसरे को थप्पड़ मार रही हैं।

झगड़े के दौरान उनके बीच काफी गाली-गलौज भी हुई और वे एक-दूसरे को जान से मारने की धमकी देने लगीं। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

इस मारपीट के वीडियो में देखा जा सकता है कि एक युवक गुस्से में अचानक आगे आता है। फिर वह एक महिला से बहस करने लगता है। बहस के दौरान युवक ने महिला को जोर से थप्पड़ मार दिया, जिससे वह जमीन पर गिर पड़ी। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने महिला को उठाया और बीच-बचाव कर झगड़ा शांत कराया। इस मामले में पुलिस ने 2 अलग-अलग लोगों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। पहले अंजलि भास्कर ने एफआईआर दर्ज कराई है। उसने बताया कि समिति की मीटिंग के दौरान कॉलोनी में रहने वाले अमरेश चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी और अजीत चतुर्वेदी नशे की हालत में वहां पहुंचे।

उन लोगों ने गाली-गलौज और मारपीट की। साथ ही, धमकी दी कि 'हम 36 भाई हैं, 36 टुकड़े कर देंगे'। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रभा साहू समेत अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

वहीं दूसरी एफआईआर प्रभा साहू ने दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया कि कॉलोनी में गणेश समितियों के बीच सामान के बंटवारे को लेकर बातचीत हो रही थी। इसी दौरान साउंड बॉक्स को लेकर विवाद हो गया।

इस झगड़े में अंजलि भास्कर, रीना घोष और ज्योति निषाद ने गाली-गलौज की और मारपीट भी की। पुलिस ने प्रभा की शिकायत पर इन महिलाओं के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज कर ली है।

इस घटना के बाद दोनों पक्षों की महिलाओं को चोटें आई हैं। उनके सिर, पीठ, सीने और शरीर के कई अन्य हिस्सों पर चोट हैं। पुलिस इस मामले में कॉलोनी के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# कोडरमा स्टेशन पर यात्री हादसे का शिकार

कोडरमा, 22 अगस्त (एजेंसियां)। गया-धनबाद रेलखंड के कोडरमा रेलवे स्टेशन पर एक यात्री ट्रेन में चढ़ते समय गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान जयनगर थाना क्षेत्र के खेशकरी गांव निवासी फ़ैयाज़ खान (35) के रूप में हुई है।

घटना गुरुवार की देर शाम की है। फ़ैयाज झुमरीतिलैया से बाजार करके लौट रहा था। वह गया-धनबाद इंटरसिटी एक्सप्रेस (13306) से कोडरमा स्टेशन से अपने गांव जा रहा था। ट्रेन में चढ़ते समय उसका संतुलन बिगड़ गया। हादसे में उसका दाहिना पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और पेट में भी चोट लगी।

कठाडीह के पंचायत सचिव बाबू खान ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ जवान मौके पर पहुंचे। घायल को 108 एम्बुलेंस से सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। आरपीएफ ने परिजनों को भी सूचित किया।

# सीएम विष्णु देव साय के ग्लोबल आउटरीच मिशन की शुरुआत

## 10 दिवसीय विदेश दौरे पर जापान और साउथ कोरिया के लिए भरी उड़ान

रायपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के मुखिया विष्णुदेव साय 21 अगस्त को 10 दिवसीय विदेश यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं। यह उनका पहला विदेश दौरा है। सीएम भारतीय व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ), भारत सरकार के आमंत्रण पर गए हैं। सीएम साय नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को जापान और साउथ कोरिया के आधिकारिक दौरे पर रवाना हुआ।

इस यात्रा का उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेश मानचित्र पर स्थापित करना है। टोक्यो (22–24 अगस्त) में प्रतिनिधिमंडल जापानी उद्योगपतियों, व्यापार संघों और निवेशकों के साथ इन्वेस्टर कनेक्ट सेशंस एवं व्यावसायिक बैठकों में भाग लेगा। इसके बाद ओसाका (25–26 अगस्त) में सीएम साय वर्ल्ड एक्सपो 2025 में शामिल होंगे। साथ ही छत्तीसगढ़ में निवेश अवसरों पर विभिन्न हितधारकों से



चर्चा करेंगे। दौरे का अंतिम चरण साउथ कोरिया के सियोल (27–29 अगस्त) में होगा। यहां निवेशक गोलमेज बैठकों, कोरिया की शीर्ष कंपनियों और व्यापार संघों से मुलाकात तथा सेक्टर-विशेष संवाद आयोजित किए जाएंगे।

**वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ पर फोकस**

जापान के ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में भारत मंडपम अंतर्गत छत्तीसगढ़ पवेलियन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की समृद्ध विरासत, नवाचार की संस्कृति और उभरते भविष्य-उन्मुख क्षेत्रों को वैश्विक दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। पवेलियन को राज्य की अनूठी पहचान को दर्शाने के उद्देश्य से डिज़ाइन किया गया है।

इसमें औद्योगिक विकास, नवीकरणीय ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और सतत विकास जैसे प्रमुख फोकस क्षेत्रों को शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रदर्शनी पूरी दुनिया के लिए छत्तीसगढ़ के परिवर्तन और भविष्य की आकांक्षाओं की झलक प्रस्तुत करेगी। सीएम साय जापान और कोरिया के उद्योगपतियों, व्यापार संघों और वैश्विक निवेशकों से सीधे संवाद करेंगे। इसका उद्देश्य दीर्घकालिक साझेदारियां स्थापित करना, नए व्यापारिक चैनल खोलना है। साथ ही प्रौद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में ज्ञान आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

विश्व के सबसे बड़े नवाचार और सहयोग प्लेटफार्मों में से एक में भाग लेकर सीएम विष्णुदेव साय इस अवसर का उपयोग इस्पात, खनन, स्वच्छ ऊर्जा और स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करने के लिए करेंगे। यह मिशन राज्य की सक्रिय पहल को दर्शाता है, जिसका उद्देश्य छत्तीसगढ़ को वैश्विक निवेशकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनाना और आर्थिक विकास के नए अवसरों को खोलना है।

# हाईकोर्ट बोला–मानसिक रोगी साबित करने डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन काफी नहीं

## कहा–ठोस सबूत चाहिए, पत्नी को मेंटल पेशेंट बताकर पति ने मांगा था तलाक, डायवोर्स की अपील खारिज

बिलासपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने तलाक के केस में अहम फैसला सुनाया है। जस्टिस रजनी दुबे और जस्टिस एके प्रसाद की डिवीजन बेंच ने कहा कि मानसिक बीमारी के आधार पर वैवाहिक संबंध रद्द करने के लिए केवल डॉक्टर का प्रिस्क्रिप्शन जरूरी नहीं है।

बल्कि, पत्नी को मानसिक रोगी बताने के लिए पर्याप्त सबूत जरूरी है और साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर की गवाही भी अनिवार्य है। डिवीजन बेंच ने माना कि पति अपनी पत्नी को मानसिक रोगी साबित करने में नाकाम रहा है। लिहाजा, तलाक की अपील को नामंजूर की जाती है। दरअसल, रायगढ़ निवासी 46 वर्षीय युवक की शादी 3 मार्च 2008 को हुई थी। शादी के बाद उनकी दो बेटियां भी हुई। इसके कुछ साल बाद पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। फिर 2018 में पत्नी ससुराल छोड़कर अपने मायके चली गई। इसके बाद वो वापस नहीं लौटी। इस पर पति ने 2021 में फैमिली कोर्ट में हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 12 (1)(बी) के तहत तलाक के लिए परिवाद पेश किया।

याचिकाकर्ता पति ने अपनी पत्नी को मानसिक रोगी बताया। साथ ही आरोप लगाया कि शादी से पहले ससुराल पक्ष ने पत्नी को पूर्ण रूप से स्वस्थ बताया था। लेकिन, शादी के बाद उसका व्यवहार असामान्य हो गया। वह अचानक चीखने-चिल्लाने लगी। कभी सामान फेंकती तो कभी बच्चों को मारने-पीटने लग जाती। उसे डॉक्टर के पास लेकर जाने पर पता चला कि वो सिजोफ्रेनिया से पीड़ित है।

# बरहरवा जीआरपी ने जाली नोट तस्कर को किया गिरफ्तार

## बांग्लादेश से नकली नोट लाता था भारत में, पांच सौ के 5 हजार जाली नोट बरामद



साहिबगंज, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल वैष्णव नगर थाना क्षेत्र बांग्लादेश बॉर्डर से साहिबगंज बरहरवा जीआरपी पुलिस ने जाली नोट तस्करी के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई की है।

पुलिस ने पश्चिम बंगाल के वैष्णव नगर थाना अंतर्गत हटाकपारा बौछा पारा, जो बांग्लादेश सीमा से सटा हुआ है। वहां से जाली नोट तस्कर रंजन मंडल को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 500 रुपए के पांच हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए गए।

गौरतलब है कि रेल कांड संख्या 12/25 में बरहरवा जीआरपी ने तीन तस्करों को 4 लाख 12 हजार रुपए के नकली नोटों के साथ गिरफ्तार किया था। उसी मामले की जांच के दौरान जीआरपी पुलिस एक आरोपी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही थी। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने छापेमारी की और इस तस्कर को बॉर्डर इलाके से दबोच लिया।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि वह लंबे समय से जाली नोटों के धंधे में शामिल है।

उसने बताया कि ये सभी नकली नोट बांग्लादेश से भारत में लाए जाते हैं और फिर इन्हें अलग-अलग जिलों और राज्यों में खपाया जाता है।

जाली नोट पकड़े जाने पर बड़हरवा जीआरपी थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद ने बताया कि पूर्व में भी पकड़े गए आरोपियों के नेटवर्क से 4,12000 जाली नोट बरामद किए गए थे।

उन्हीं पकड़े गए आरोपियों के निशानदेही पर फिर से कार्रवाई करते एक अन्य व्यक्ति रंजन मंडल को जाली नोट के साथ गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है।

# लगातार बारिश से नदियों में उफान, बाढ़ से तबाही

## 5 प्रखंडों में भरा पानी, कई गांव जलमग्न, स्कूल में घुसा पानी

चतरा, 22 अगस्त (एजेंसियां)। चतरा जिले में लगातार हो रही बारिश से बाढ़ जैसी स्थिति बन गई है। इटखोरी, पत्थलगड्डा, मयूरहंड, कान्हाचट्टी और गिद्धौर प्रखंड में नदियां उफान पर हैं। आसपास के गांवों में पानी घुस गया है। निचले इलाकों के घरों में घुटनों तक पानी भर गया।

कान्हाचट्टी प्रखंड में स्थिति सबसे खराब है। मुख्य सड़कें पानी में डूब गई। पुल-पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है। इससे ग्रामीणों का आवागमन रुक गया है। राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय पेलतील खुर्द भी जलमग्न हो गया है।

इटखोरी प्रखंड के पीतीज गांव में बसाने नदी का जलस्तर बढ़ने से सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। सेना में कार्यरत जवान मुन्ना यादव के घर में पानी घुस गया। उनकी बेटी के अनुसार, कूलर, फ्रिज, इनवर्टर, बैटरी और घर का सारा सामान बर्बाद हो गया।




खाने-पीने का सामान, कपड़े और बिस्तर पानी में बह गए हैं। परिवार ने सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बंकिरा और अंचल अधिकारी सविता सिंह ने पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का निर्देश दिया। प्रशासन ने पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी है।

कच्चे मकानों को भारी नुकसान जिले में लगातार बारिश से कच्चे मकानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई परिवार बेघर हो गए हैं। बच्चों और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित स्थान और पीने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है। गिद्धौर प्रखंड का अंचल कार्यालय भी पानी में डूब गया है, जिससे सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बर्बाद हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर बारिश का यही सिलसिला जारी रहा तो हालात और भयावह हो सकते हैं।

# डिप्टी-सीएम के घर के बाहर महिला ने पिया फिनाइल

## अनुकंपा नियुक्ति को लेकर 2 दिन से कर रही थी प्रदर्शन, मेकाहारा में भर्ती

रायपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। रायपुर में अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी अनुकंपा संघ पिछले 2 दिनों से प्रोटेस्ट कर रहा है। महिलाएं अपने बच्चों के साथ डिप्टी सीएम और पंचायत मंत्री विजय शर्मा के घर के बाहर प्रदर्शन के लिए पहुंचीं थी। इस दौरान मंत्री के न होने पर वहीं धरने पर बैठ गई।

प्रदर्शन के दौरान एक महिला प्रदर्शनकारी ने फिनाइल पी लिया। महिला का नाम अश्वनी सोनकर बताया जा रहा है। फिलहाल, महिला को मेकाहारा में एडमिट किया गया है।

प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि भाजपा सरकार ने वादा करके भी अब तक मांगें पूरी नहीं की है। अनुकंपा नियुक्ति की मांग को लेकर कांग्रेस सरकार के वक्त से आंदोलन चल रहा है। दिवंगत पंचायत शिक्षाकर्मी संघ की महिलाएं और परिजन लगातार 307 दिनों से धरने पर हैं।

इनका कहना है कि कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन सीएम भूपेश बघेल ने उनकी मांगों को नजरअंदाज किया था। तब भाजपा नेताओं ने उन्हें पूरा समर्थन दिया था।

प्रदर्शनकारियों में वे लोग शामिल हैं, जिनके परिजन संविलियन (समायोजन) से पहले ही दिवंगत हो गए थे। नियमों में अनुकंपा नियुक्ति का प्रावधान होने के बावजूद इन्हें अब तक नौकरी नहीं दी गई है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह आंदोलन भाजपा के पूर्व शासनकाल में भी शुरू हुआ था। उस समय भी आश्वासन दिया गया लेकिन परिणाम कुछ नहीं निकला। कांग्रेस शासन में भी हालात नहीं बदले। तब महिलाओं ने सामूहिक मुंडन कराकर और अर्थी सजाकर विरोध जताया था।

# पलामू, गढ़वा समेत चार जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

## अधिकतम तापमान में गिरावट की संभावना राज्य में सामान्य से 25% अधिक हुई बरसात

रांची, 22 अगस्त (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण झारखंड में बारिश का दौर एक बार फिर तेज होने जा रहा है। शुक्रवार को रांची, गुमला, लातेहार में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है।

पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना है। इन जिलों में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

वहीं, रांची, रामगढ़, हजारीबाग, कोडरमा, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर और जामताड़ा में गर्जन के साथ मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। इन जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। कहीं-कहीं पर गर्जन और तेज हवा के साथ वज्रपात की



संभावना है। हवा की रफ्तार 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है।

इधर, झारखंड में अब तक (एक जून से 21 अगस्त तक) 900.5 एमएम बारिश दर्ज हो चुकी है। जबकि इस अवधि में झारखंड में सामान्य बारिश 721.2 एमएम ही होती है। राज्य में अब तक सामान्य से 25% अधिक बारिश हो चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे (2-3) डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने 23 अगस्त को भी पलामू, गढ़वा, चतरा, लातेहार में कहीं-कहीं भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। इन जिलों में मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही गुमला, खूंटी, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, देवघर, धनबाद, जामताड़ा और दुमका के कई इलाकों में माध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। 24 अगस्त को भी 13 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

# ज्वेलरी शॉप से चोरी का खुलासा

पाकुड़, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पाकुड़ लिट्टीपाड़ा थाना क्षेत्र में एक ज्वेलरी दुकान से हुई चोरी का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने आरोपी कारीगर को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद कर लिया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दयानंद आजाद ने बताया कि रवि कुमार वर्मा की ज्वेलरी दुकान से 140 ग्राम चांदी और एक मोबाइल चोरी हुआ था। दुकान मालिक ने अपने कारीगर पर शक जताते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाई गई। टीम में इंस्पेक्टर अनिल कुमार गुप्ता, थाना प्रभारी विनय कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक गौतम कुमार, हवलदार पलटन मुर्मू और राजीव कुमार शामिल थे।

# रायपुर में 57 लाख की हेरोइन पकड़ायी

## 2 लड़कियों समेत 6 आरोपी गिरफ्तार, पंजाब से लाते थे नशे का सामान

रायपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर में वीडियो और लोकेशन शेयरिंग के जरिए से हेरोइन का सिंडिकेट चलाने वाले गिरोह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सप्लायर, डिस्ट्रीब्यूटर सहित 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर हेरोइन सहित 57 लाख का माल जब्त किया है। यह मामला कबीरनगर थाना क्षेत्र की है। दरअसल, पुलिस को सूचना मिली थी कि हीरापुर स्थित वेदांत वाटिका के पास एक व्यक्ति हेरोइन के साथ ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर पुलिस ने घेराबंदी कर मनमोहन सिंह संधू उर्फ जग्गू को गिरफ्तार किया। पूछताछ में जग्गू ने बताया कि वह पंजाब के एक तस्कर से हेरोइन



लेता है और उसे अपने डिस्ट्रीब्यूटर विजय मोटवानी, भूषण शर्मा को देता है।

इसके बाद पुलिस ने विजय मोटवानी और भूषण शर्मा को भी गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर चला कि वह बाकी लोगों को भी बेचा था। जिस पर पुलिस ने टीम बनाकर अन्य चार लोगों को गिरफ्तार किया। जिसने कब्जे से 273.19 ग्राम हेरोइन सहित 57 लाख का माल बरामद किया है।

आरोपियों के खिलाफ कबीरनगर थाने में धारा 21बी, 21(सी), 29 नारकोटिक एक्ट और 111 बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। अब तक पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 34 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से खुदरा मूल्य लगभग 01 करोड़ 57 लाख मूल्य के हेरोइन को जब्त किया है।

स्वतंत्र वार्ता

शनिवार, 23 अगस्त- 2025

# भारत का है असली ब्रह्मास्त्र

भारत ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया, जो 5,000 किलोमीटर तक की मारक क्षमता रखती है। यह चीन के उत्तरी हिस्सों के साथ-साथ एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों को भी निशाना बनाने में सक्षम है। यह परीक्षण पीएम मोदी की चीन यात्रा से ठीक पहले हुआ है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की धमकी देते हुए कहा था कि अगर उनके देश को खतरा हुआ तो वे आधी दुनिया को ध्वस्त कर देंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि अगर भारत सिंधु नदी के पानी को रोकने के लिए बांध बनाता है, तो पाकिस्तान मिसाइलों से उन्हें नष्ट कर देगा। अग्नि-5 मिसाइल में एमआईआरवी तकनीक है। यह एक ही मिसाइल से कई लक्ष्यों को भेद सकती है। रक्षा मंत्रालय का दावा है कि परीक्षण सभी मानकों पर खरा उतरा है। अग्नि-5 एक कनस्तर प्रक्षेपित मिसाइल है। इसे आसानी से कहीं भी ले जाकर लॉन्च किया जा सकता है। भारत पहले ही अग्नि सीरीज की 1 से 4 तक की मिसाइलें तैनात कर चुका है। इनकी मारक क्षमता 700 से 3,500 किलोमीटर तक है। पिछले महीने, भारत ने परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम पृथ्वी-2 और अग्नि-1 मिसाइलों का भी सफल परीक्षण किया था। अग्नि-5 का यह दूसरा सफल परीक्षण है। ये हथियार अलग-अलग गति और रास्तों से जा सकते हैं। इससे वे सैकड़ों किलोमीटर दूर स्थित कई लक्ष्यों को मार सकते हैं। भारत अब उन देशों में शामिल हो गया है जिनके पास एमआईआरवी तकनीक है। इनमें अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस शामिल हैं। अभी, स्ट्रैटजिक फोर्सेस कमांड के पास सिर्फ सिंगल-वारहेड वाली मिसाइलें हैं। स्ट्रैटजिक फोर्सेस कमांड देश के परमाणु हथियारों की सुरक्षा करती है। भारत ने कई मिसाइल परीक्षण किए हैं। ऐसा चीन के हथियारों को देखते हुए किया गया है। चीन के पास कन्वेंशनल और न्यूक्लियर दोनों तरह के हथियार हैं। चीन के पास लगभग 600 परमाणु हथियार हैं। 2030 तक, उसके पास 1,000 से अधिक हथियार हो सकते हैं। पिछले साल अग्नि-5 एमआईआरवी परीक्षण के बाद एक सैन्य अधिकारी ने कहा, 'परमाणु हथियार युद्ध के लिए नहीं हैं। लेकिन भारत के पास भी जवाबी हमला करने की क्षमता हो। हमें समुद्र से परमाणु हमला करने की क्षमता भी बढ़ानी है। अग्नि-5 का परीक्षण ऑपरेशन सिंदूर के तीन महीने बाद हुआ है। 7 से 10 मई तक, भारत ने पाकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इससे पाकिस्तान की कमजोरियां सामने आईं। भारत ने चीन और तुर्किये द्वारा सप्लाई किए गए कई पाकिस्तानी हथियारों को नष्ट कर दिया। पाकिस्तान भी एमआईआरवी तकनीक विकसित कर रहा है। इसमें चीन उसकी मदद कर रहा है। लेकिन उसने अभी तक ऐसी कोई मिसाइल तैनात नहीं की है जो कई हथियार ले जा सके। भारत के पास अग्नि, पृथ्वी, आकाश और त्रिशूल जैसी कई मिसाइलें हैं। ये सभी इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवेलपमेंट प्रोग्राम के तहत बनाई गई हैं। भारत के पास ब्रह्मोस भी है। यह दुनिया की सबसे तेज सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अपनी ताकत का लोहा दुनिया को मनवाया था।

# क्या चीन से बढ़ती नजदीकियां सफल होंगी?


अशोक भाटिया

द्विपक्षीय संबंधों में सहयोग और प्रतिस्पर्धा के गुण कूटनीतिक जटिलताओं को दिखाते हैं। भारत और चीन इसके पर्याय हैं। एशिया की दो महान शक्तियां एक दूसरे की पड़ोसी हैं। सांस्कृतिक और ऐतिहासिक रूप से दोनों देश एक दूसरे से जुड़े हुए हैं, लेकिन सीमा विवाद ऐसी लक्ष्मण रेखा है जो राजनीतिक संबंध को सामान्य होने नहीं देती। इसका असर रणनीतिक तौर पर दोनों देशों के हितों को स्पष्ट रूप से विभाजित करता है। दरअसल भारत और चीन दोनों विशाल बाजार हैं। चीन भारत का एक बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि भारत चीनी कंपनियों के लिए निवेश और उपभोक्ता बाजार उपलब्ध कराता है। चीन की तकनीकी और औद्योगिक क्षमता तथा भारत की श्रमशक्ति और बाजार मिल कर विकास के अवसर प्रदान कर सकते हैं। दोनों देशों को तेल, गैस और खनिजों की भारी जरूरत है। सहयोग से आपूर्ति श्रृंखला मजबूत की जा सकती है।

सौर और हरित ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग कर भविष्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी की जा सकती हैं। तीसरी दुनिया की मूलभूत समस्याएं और विकसित देशों से मिलती चुनौतियों के खिलाफ भी दोनों देश मिल कर खड़े नजर आते हैं। दुनिया भर में चीन ने अपना आर्थिक कारोबार बढ़ाया है जो एशिया, अफ्रीका, यूरोप से लेकर लैटिन अमेरिका तक अपना व्यापक प्रभाव कायम कर रहा है। यह स्थिति अमेरिका और यूरोप को परेशान करती है, तो भारत के लिए भी सब कुछ सामान्य नहीं है। व्यापार असंतुलन बड़ा मुद्दा है। भारत निवेश और तकनीक चाहता है, वहीं चीन भारत के बाजार में अपनी पकड़ बनाए रखना चाहता है। एक ओर दोनों देश उभरती हुई एशियाई शक्तियां हैं और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के समर्थक हैं, तो दूसरी ओर क्षेत्रीय नेतृत्व, सुरक्षा और वैश्विक संस्थानों में प्रतिनिधित्व को लेकर प्रतिस्पर्धा है। भारत दक्षिण एशिया में अपना पारंपरिक नेतृत्व बनाए रखना चाहता है, जबकि चीन पाकिस्तान, श्रीलंका, नेपाल और मालदीव में निवेश कर भारत के प्रभाव को चुनौती देता है। पिछले कुछ महीनों में इन पूरी तरह से अप्रत्याशित घटनाओं ने भारत सरकार को दुविधा में छोड़ दिया है। झटका इतना अप्रत्याशित रहा है कि हमने अचानक अमेरिका के समकक्ष प्रतिद्वंद्वी, चीन के साथ शिष्टाचार और सद्भाव विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। माना कि ट्रम्प बहुत अविश्वसनीय और अभिमानी हैं, लेकिन इसके लिए यह भी आवश्यक है कि चीन को कुचलने की नीति कितनी उचित है क्योंकि वह विफल रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि गलवान के घाव अभी भी गीले हैं और दोनों देश लद्दाख के संघर्षग्रस्त सीमावर्ती क्षेत्रों में शुद्ध गश्त पर सहमत हुए हैं। कुछ मीडिया आउटलेट्स ने दोनों देशों के बीच संबंधों में सुधार के सबूत के रूप में सीमा पार व्यापार और धार्मिक पर्यटन की संभावना की ओर इशारा किया है। यह दुर्लभ यौगिकों और विशाल भेदी मशीनों की आपूर्ति पर नियंत्रण उठाने के लिए सहमत हो गया है। इसका मतलब यह नहीं है कि चीनी जहाज इस संपत्ति के साथ भारतीय बंदरगाहों में लंगर डाले हुए हैं! हाल ही में भारत की यात्रा पर आए चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि कुछ मुद्दों पर भारत के साथ मतभेदों के कारण दोनों देशों को परेशानी का सामना करना पड़ा। उनका यह भी मानना है कि व्यापार आतंक के युग में, सहयोग, सुलह और समन्वय से बाहर निकलने का रास्ता होना चाहिए। उन्होंने अगले महीने बीजिंग में शंघाई सहयोग सम्मेलन का निमंत्रण सौंपा। मोदी ने इसे स्वीकार कर लिया, लेकिन सिर्फ इसलिए कि अमेरिका ने इस पर आंखें मूंद लीं, चीन को सावधानी की चेतावनी देनी होगी। पाकिस्तान को उस देश की एक लड़ाकू पनडुब्बी से लैस किया गया था। भारत छोड़ने के बाद वह अफगानिस्तान गए, जहां उन्होंने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के साथ त्रिपक्षीय वार्ता की। उस चर्चा के केंद्र में अफगानिस्तान से चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड परियोजना का विस्तार करना था। चीन भारत के साथ सहयोग की बात करता है और वह भी चीन। भारत ने अफगानिस्तान को अभी आधिकारिक तौर पर मान्यता नहीं दी है लेकिन चीन ने वहां परियोजनाओं पर चर्चा शुरू कर दी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल किए गए 80 फीसदी हथियार चीन निर्मित थे। चीन निकट भविष्य में देश को नवीनतम लड़ाकू जेट प्रदान करके देश को और अधिक युद्ध के लिए तैयार करने का इरादा रखता है।

एक तरफ चीन रणनीतिक तरीके से भारत पर हमला करना चाहता है, दूसरी तरफ आर्थिक मोर्चे पर यह हमारे लिए अपरिहार्य होता जा रहा है। यदि वह दुर्लभ यौगिकों की आपूर्ति को नियंत्रित करना चाहता है, तो हमारा ऑटो विनिर्माण क्षेत्र घुसपैठ कर रहा है। हम अक्सर फार्मास्युटिकल क्षेत्र में खुद की पीठ थपथपाते हैं, लेकिन इसके लिए आवश्यक कच्चे माल का मुख्य स्रोत चीन है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में, अधिकांश घटक और उप-घटक चीन से आते हैं। दूसरे शब्दों में, 2020 के बाद, हमारे नाजुक पड़ोसी को बाहर निकालने के लिए राजनयिक और सैन्य प्रतिरोध के साथ-साथ आर्थिक प्रतिबंधों के हथियार का उपयोग करने की मजबूत मांग थी।

पांच साल बाद, भारत-चीन व्यापार में देश का हिस्सा 100 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। इसका मतलब है कि वहां हमारा निर्यात अभी भी खंडित है, लेकिन वहां से माल का आयात साल दर साल बढ़ रहा है। इस असंतुलन से एक और खतरा संभव है। हमें यह समझना होगा कि हमसे ज्यादा मजबूत होने के बावजूद पिछले कुछ दिनों में चीन की भाषा क्यों बदल गई है। उन्होंने इसे पर्याप्त जोखिम नहीं दिया। इसलिए उनके लिए इसे कम करने और फिर जबरन शुल्क लगाने के बाद भी इसे थोड़ी देर के लिए निलंबित करने का समय आ गया था। लेकिन ट्रम्प पर भरोसा नहीं किया जा सकता है, ताकि अगर वार्ता रुक जाए और अमेरिका सख्त टैरिफ लगाए, तो एक बड़ा बाजार चीन के लिए शत्रुतापूर्ण हो सकता है। ऐसी स्थिति में, चीन को अज़रा बाजार खोजना होगा जो चीन के निरंतर उत्पादन चक्र के लिए चीन की भूख को संतुष्ट करता है। भारत इन मानदंडों पर उच्च स्थान पर है। यह मुख्य कारणों में से एक है कि चीन ने ब्रिक्स समूह को क्यों रखा है। भारत, ब्राजील, आदि। अब इंडोनेशिया चीनी सामानों के लिए एक 'ड्रेनिंग ग्राउंड' हो सकता है, यही वजह है कि ट्रम्प ने इसे मान्यता दी है, यही वजह है कि वह लगातार ब्रिक्स को तोड़फोड़ करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत को इस खतरे को पहचानना चाहिए।

चीन की शत्रुता व्यक्त और प्रत्यक्ष है, लेकिन मैत्री वार्ता के पीछे की दुश्मनी ज्ञात और अनकही है। यह बार-बार प्रदर्शित किया गया है कि नेहरू के नेतृत्व वाले भारत ने इसे मान्यता नहीं दी। चीन उन विद्वान शासकों तक पहुंचने में भी विफल रहा है जिन्होंने बार-बार कहा है कि उन्होंने इसे मान्यता नहीं दी है। हम कई वर्षों से विनिर्माण, बुनियादी ढांचे के निर्माण, खनन, रोजगार-उन्मुख कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहे हैं । लेकिन इसने मध्यम शक्तियों के अनुरूप प्रगति भी नहीं की है। हमारी अर्थव्यवस्था अभी भी मुख्य रूप से सेवा-उन्मुख, कृषि-केंद्रित, उपभोक्ता-केंद्रित है। वैश्विक व्यापार के संदर्भ में, आवाज और वजन केवल उत्पाद-उन्मुख और निर्यात-उन्मुख देशों के लिए हैं। जब तक यह स्थिति नहीं बदलती, हमारे विकल्प सीमित हैं। यह काफी स्पष्ट है कि यह रहेगा। प्रधानमंत्री शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में हिस्सा लेने चीन जाएंगे। इस यात्रा का महत्त्व सीमा पर स्थिरता बहाल करने, व्यापार, उड्डयन, कूटनीति में सुधार और बहुपक्षीय साझेदारी को मजबूत करने जैसे कई आयामों से जुड़ा है। यह केवल एक बहुपक्षीय सम्मेलन में उपस्थिति भर नहीं है, बल्कि भारत-चीन संबंधों, क्षेत्रीय संतुलन और वैश्विक राजनीति को प्रभावित करने वाला कदम हो सकता है। भारत को चीन के साथ संघर्ष और सहयोग दोनों का संतुलन साधना पड़ेगा।

# ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025: तनाव, झगड़े और आत्महत्या से मुक्ति


रामस्वरूप रावतसरे

हाल ही में लोकसभा ने एक नया कानून पास किया है। इसका नाम है 'प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025।' यह बिल ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी समस्याओं को ध्यान में रखकर लाया गया है। देश में ऑनलाइन गेमिंग बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इससे कई लोगों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। बहुत से लोग हर साल हज़ारों करोड़ रुपए हार जाते हैं। इससे समाज में तनाव, झगड़े और मानसिक परेशानी जैसी समस्याएँ भी बढ़ रही हैं। इस बिल का मुख्य उद्देश्य लोगों को इन खतरों से बचाना है। भारत में लगभग 45 करोड़ लोग ऑनलाइन गेम खेलते हैं। यह बिल उन्हें पैसे वाले गेम्स के जाल में फँसने से रोकेगा। यह कानून ऑनलाइन गेमिंग को एक नियम के दायरे में लाएगा। इससे भारत में गेमिंग का भविष्य सुरक्षित और साफ़ हो सकता है।

संसद में ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 पास होने के बाद ड्रीम11, माई11सर्किल, एमपीएल, विंजो, गेम्सक्राफ्ट, रम्मी, पोकरबाजी जैसे कई ऐप्स को बंद किए जाएँगे। क्योंकि यह एक ऑनलाइन जुआ की कैटेगिरी में आता है। कुछ गेमिंग कंपनियों का कहना है कि वे जुआ या गलत कामों में शामिल नहीं हैं और वे कानूनी रूप से काम करती हैं लेकिन सरकार का कहना है कि पैसा लगाने वाले सभी गेम खतरनाक हैं। इसलिए उन पर रोक जरूरी है।

सरकार ने एक नया कानून बनाया है। यह कानून भारत में ऑनलाइन गेमिंग को कंट्रोल करेगा। इसका मतलब है कि अब गेमिंग के कुछ नियम बनेंगे। सभी को इन नियमों का पालन करना होगा। अब जो ऑनलाइन गेम पैसे से खेले जाते हैं, उन पर रोक लग जाएगी। मतलब आप ऐसे गेम नहीं खेल पाएँगे जहाँ जीतने के लिए पैसे लगाने पड़ते हैं।

और न ही ऐसे गेम जहाँ जीतने पर पैसे मिलते हैं। यह नियम लोगों को नुकसान से बचाने के लिए है। जो गेम बिना पैसे के खेले जाते हैं, उन्हें सरकार बढ़ावा देगी। जैसे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग। इनमें खिलाड़ी अपने दिमाग और कौशल से खेलते हैं। ये गेम मनोरंजन और सीखने के लिए होते हैं। सरकार इन अच्छे गेम्स के लिए एक अलग विभाग बनाएगी।

वह नई योजनाएँ भी शुरू करेगी। इससे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। केंद्र सरकार इस बिल को कई गंभीर कारणों से ला रही है। आजकल बहुत लोग ऑनलाइन पैसे वाले गेम खेल रहे हैं। ये गेम अब एक बड़ी सामाजिक और सेहत से जुड़ी समस्या बन गए हैं। कई लोग इन गेम्स में लाखों रुपए हार रहे हैं। उनका पैसा बैंक से खत्म हो जा रहा है। इससे उनके घरों में झगड़े हो रहे हैं। कई बार परिवार बर्बाद हो जाते हैं। कुछ लोग इतना दुखी हो जाते हैं कि आत्महत्या तक कर लेते हैं। ये बहुत चिंता की बात है। सरकार चाहती है कि लोग इस परेशानी से बाहर आएँ। उसका लक्ष्य है कि ऐसी बर्बादी और आत्महत्याएँ रोकी जा सकें। कुछ ऑनलाइन गेम ऐसे होते हैं जो चालाकी से बनाए जाते हैं। इनका डिज़ाइन लोगों को बार-बार खेलने पर मजबूर करता है। ऐसे गेम्स में कुछ छुपे हुए तरीके होते हैं जो दिमाग को धोखा देते हैं। लोग इन गेम्स के इतने आदी हो जाते हैं कि खुद को रोक नहीं पाते। जब लोग बार-बार खेलते हैं तो वे बार-बार पैसे भी लगाते हैं। इससे उनका बहुत सारा पैसा बर्बाद हो जाता है। इन गेम्स में यह साफ नहीं होता कि गेम को कौन चला रहा है। इससे लोगों की सुरक्षा पर खतरा भी बढ़ जाता है।

वित्तीय धोखाधड़ी और अवैध गतिविधियां का केन्द्र बने ये ऑनलाइन गेम बिना किसी नियम के चल रहे हैं। इनमें लोग असली पैसे लगाते हैं। इन गेम्स की आड़ में कई बार धोखाधड़ी होती है। कुछ लोग इनका इस्तेमाल गलत कामों के लिए करते हैं। कुछ लोग इन गेम्स से कमाए पैसे को छुपा लेते हैं। वे टैक्स नहीं देते। इसे कर चोरी कहा जाता है। कई बार ये पैसे गलत लोगों तक पहुँचते हैं। कुछ मामलों में इनका इस्तेमाल आतंकवाद को पैसे देने में भी होता है। इससे देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

सरकार ने साफ किया है कि इस नए कानून से सरकार को शायद करोड़ों रुपए का टैक्स मिलना बंद हो जाएगा, जो ऑनलाइन गेमिंग से आता था। इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार सरकार की पहली प्राथमिकता पैसे कमाना नहीं है बल्कि समाज को इन गेम्स के बुरे असर से बचाना है।

उनका मानना है कि लोगों की भलाई और सुरक्षा पैसों से ज़्यादा ज़रूरी है। इस बिल को लाने का एक और बड़ा कारण है लोगों की ढेरों शिकायतें। सरकार को ऑनलाइन गेमिंग से जुड़ी हजारों शिकायतें मिली थीं जहाँ लोग अपनी समस्याओं के बारे में बता रहे थे। इसके अलावा, भारत के कई राज्यों ने भी केंद्र सरकार से अनुरोध किया था कि वे इस पर एक सख्त कानून बनाएँ। इन सभी माँगों को देखते हुए सरकार ने यह कदम उठाया है। सरकार ऐसे गेम्स को भी बढ़ावा देना चाहती है जो अच्छे हैं। ये वो गेम हैं जिनसे दिमाग तेज होता है और बच्चों में लीडरशिप की क्वालिटी बढ़ती है। सरकार चाहती है कि ऐसे ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम ज़्यादा से ज़्यादा लोग खेलें। इन गेमों को अब कानूनी पहचान मिलेगी और सरकार इन्हें आगे बढ़ने में पूरी मदद करेगी। इस नए कानून में ऑनलाइन गेमिंग को रोकने के लिए कई बड़े नियम बनाए गए हैं। सबसे खास बात यह है कि अब पैसे वाले सभी ऑनलाइन गेम पूरी तरह से बंद हो जाएँगे। इसका मतलब है कि आप ऐसे गेम डाउनलोड नहीं कर पाएँगे जिनमें आपको पैसा लगाना पड़ता है। इनमें ऑनलाइन फैंटेसी गेम, पोकर, रम्मी, ड्रीम11, माई11सर्किल, या ऑनलाइन लॉटरी जैसे गेम शामिल हैं।

इस कानून के तहत जो लोग इन नियमों को तोड़ेंगे, उन्हें कड़ी सजा मिलेगी। जो लोग पैसे वाले गेमिंग ऐप चलाएँगे, उन्हें 1 करोड़ तक का जुर्माना और तीन साल तक की जेल हो सकती है।

अगर कोई सेलिब्रिटी इन गेम्स का विज्ञापन करता है तो उसे भी दो साल तक की जेल और 50 लाख का जुर्माना देना पड़ सकता है। इतना ही नहीं, अगर कोई बैंक या कंपनी इन गेमों में पैसों का लेन-देन करती है तो उन्हें भी 1 करोड़ तक का जुर्माना और तीन साल तक की जेल हो सकती है। यदि कोई व्यक्ति बार-बार यही गलती करता है तो उसकी सजा और भी बढ़ जाएगी।

इन बड़े अपराधों में पुलिस आपको बिना किसी वारंट के गिरफ्तार कर सकती है और जमानत मिलना भी बहुत मुश्किल होगा। इस कानून (ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025) को लाने का सबसे बड़ा कारण यह है कि पैसे वाले ऑनलाइन गेम हमारे समाज को बहुत नुकसान पहुँचा रहे थे। लोग इन गेम्स में अपनी सारी कमाई गँवा रहे थे। इससे परिवारों में झगड़े बढ़ रहे थे और पैसे की तंगी हो रही थी।

इन गेमों की लत लगने से लोग मानसिक रूप से बहुत परेशान हो रहे थे, कुछ को तो डिप्रेशन हो जाता था और कुछ लोग तो आत्महत्या तक कर लेते थे। संभव है अब इन सब से समाज को छुटकारा मिलेगा।

# दुनियाभर में हर साल 60 करोड़ लोग फूड प्वाइजनिंग के शिकार


पुनीत उपाध्याय

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विविधआयामी उपयोगों के बीच इसका एक और सकारात्मक पहलू सामने आया है। हाल ही में की गई एक रिसर्च से पता चला है कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग तकनीक की मदद से खाने में छिपे माइक्रोटॉक्सिन्स की पहचान की जा सकती है जिससे फूड पॉयज़निंग पर काफी हद तक नियंत्रण किया जा सकता है। जानकारी के अनुसार हर साल दुनियाभर में करीब 60 करोड़ लोग फूड पॉयज़निंग का शिकार बनते हैं।

इनमें से करीब 4 लाख 20 हजार लोगों की मौत हो जाती है। भारत जैसे दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देशों के लिए यह वरदान बन सकता है क्योंकि इतनी बड़ी आबादी को मिल रहे खाने की गुणवत्ता पर नियंत्रण रखना सिस्टम के लिए बड़ी चुनौती है।

नेशनल सेंटर फार डिजीज कंट्रोल के अनुसार भारत जैसे देश में सटीकता के साथ वास्तविक पीड़ितों की संख्या मिलता बहुत कठिन है इसलिए एआई इसमें किसी क्रांति से कम नहीं साबित होगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इमेजिंग तकनीकों की मदद से खाने में छिपे जहर को थाली तक पहुंचने से पहले ही खेतों फैक्ट्रियों में पहचान सकता है। अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने दिखाया है कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग तकनीक की मदद से खाने में छिपे माइक्रोटॉक्सिन्स जैसे खतरनाक तत्वों की तेजी से सटीक तरीके से पहचान की जा सकती है। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ ऑस्ट्रेलिया से जुड़े वैज्ञानिकों के नेतृत्व में किया गया है जिसके नतीजे अंतराष्ट्रीय जर्नल टॉक्सिन्स में प्रकाशित हुए हैं।

**माइक्रोटॉक्सिन्स हैं बेहद खतरनाक**

माइक्रोटॉक्सिन्स एक तरह के जहरीले रसायन होते हैं जो कुछ खास किस्म की फफूंद से बनते हैं। ये फफूंद अनाज, सूखे फल, मेवे और मसालों जैसी चीजों पर उग सकती हैं।

फफूंद तब पैदा होती है जब अनाज या खाना गर्म और नम जगह पर रखा होता है चाहे वो फसल की कटाई से पहले हो या अनाज की स्टोरेज के दौरान। चौंकाने वाली बात यह है कि ये जहरीले तत्व कई बार खाने को पकाने या प्रोसेस करने पर भी खत्म नहीं होते, यानी ये खाने के साथ ही हमारे शरीर में जा सकते हैं। इनकी वजह से कैंसर और हार्मोनल गड़बड़ियां हो सकती हैं। इतना ही नहीं , ये हानिकारक तत्व इम्यून सिस्टम को भी गंभीर रूप से प्रभावित कर सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ;एफएओ का अनुमान है कि दुनिया की करीब 25 फीसदी फसलें ऐसी फफूंद से संक्रमित होती हैं जो माइक्रोटॉक्सिन्स यानी जहरीले रसायन बनाती हैं। यह न केवल स्वास्थ्य के लिए खतरा है बल्कि कृषि अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ी चुनौती है।

अध्ययन से जुड़े प्रमुख शोधकर्ता अहसान कबीर के अनुसार माइक्रोटॉक्सिन्स की जांच के पारंपरिक तरीके धीमे. महंगे और खाने को नष्ट करने वाले होते हैं इसलिए ये बड़े स्तर पर तेजी से जांच करने के लिए सही नहीं हैं। वहीं हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग तकनीक खाद्य पदार्थों की बिना बर्बादी के पूरे सैंपल की तेजी से स्कैनिंग कर सकती है। वहीं हाइपरस्पेक्ट्रल इमेजिंग एक ऐसी तकनीक है जो खाने की तस्वीर लेकर उसके अंदर की बारीक जानकारी एकत्र कर लेती है। इसे जब मशीन लर्निंग से जोड़ा जाता है तो यह रंगों और बनावट में अंतर को पकड़कर तुरंत बता सकती है कि कौन.सी फसल या मेवा दूषित है। इस दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता भी बनी रहती है।

अध्ययन में वैज्ञानिकों ने गेहूं, मक्का, जौ, मूंगफली, पिस्ता और बादाम जैसे खाद्य पदार्थों पर किए 80 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय शोधों की समीक्षा की है।

**पारम्परिक तरीके से ज्यादा बेहतर**

इस विश्लेषण के नतीजे बताते हैं कि एआई से जुड़ी यह तकनीक माइक्रोटॉक्सिन्स की पहचान में पारंपरिक तरीकों से कहीं ज्यादा बेहतर है। यहां तक कि यह सिस्टम एफ्लाटॉक्सिन बीवन को भी असानी से पहचान सकता है। गौरतलब है कि एफ्लाटॉक्सिन बीवन मक्काए अनाजए मेवों और मूंगफली में प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला टॉक्सिन हैए जो फफूंद द्वारा बनता होता है। शोधकर्ताओं के मुताबिक यह तकनीक कन्वेयर बेल्ट पर चलते हुए बादामए गेहू या मक्का को भी स्कैन कर सकती हैए जिससे उत्पादन की गति भी बनी रहती है और स्वास्थ्य जोखिम भी कम होते हैं। इतना ही नहीं वैज्ञानिको को भरोसा है कि भविष्य में यह तकनीक हैंडहेल्ड डिवाइसेज के रूप में भी इस्तेमाल की जा सकती हैए ताकि कहीं भीए कभी भी खाद्य पदार्थों की जांच संभव हो सके। इस तकनीक का एक बड़ा फायदा यह है कि यह रियल टाइम में काम कर सकती है।

# जांच की जंजीर में लिपटी कहानियां !


डा. प्रदीप उपाध्याय


अब यह भी कोई खबर है कि स्कूल की छत गिर गई और मासूम बच्चों की मौत हो गई।कितनी ही सरकारी बिल्डिंग गिरने की कगार पर हैं और जो गिरना नहीं चाहती,उन्हें बलात गिराने की कुव्वत रखने का नाम व्यवस्था है।स्कूल, पुल-पुलिया,तालाब, डैम गिरना-गिराना,बहना-बहाना अब रोज़मर्रा की खबरों जैसी हो गई है। हाँ, जब पुल गिरता है, डेम टूटता है या छत धराशायी होती है, तो निष्क्रिय व्यवस्था भी फुर्ती से सक्रिय हो जाती हैं—"जांच के आदेश दे दिए गए हैं,दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।"कुछ गिरा है या कुछ बहा है तो सारे काम रोककर व्यवस्था बचे-खुचे की जांच में जूटने का बेहतरीन अभिनय भी करती है ताकि मनोरंजन भी भरपूर हो!

यह 'जांच' पीड़ित को तुरंत न्याय के लिए नहीं, बल्कि ठगबंधन के बचाव और घटना को धीरे-धीरे विस्मृत करने की (लोक)तांत्रिक क्रिया है। जाँच एक ऐसी आसमानी चादर है, जिससे हर चूक, उदासीनता, भूल, गड़बड़झाला और लापरवाही ढंक दी जाती है। इसीलिए कह रहा हूँ कि अभी पुल मत देखिए साहब! कृपया अभी गिरते पुल-पुलियाओं की जांच में मत उलझिए, क्योंकि फिलहाल ताजा ताजा स्कूल की छत गिरी है। कुछ दबे-कुचले,कुपोषित से बच्चे ही तो मरे हैं। व्यवस्था रेस्क्यू करवाएगी,मासूम निर्जीव शरीर मलबे से सकुशल निकाल लिए जाएंगे ।भले ही उनके मातापिता की चीखें ईंट-पत्थर से ज़्यादा भारी लगे,लेकिन मुआवजे के लॉलीपॉप से उन आवाजों को हल्का करने का नाम भी व्यवस्था है! बेफिक्र रहिए,घबराइए मत—सरकारी सिस्टम त्वरित रूप से जाग जाता है। तत्काल आपको आवाज सुनाई देगी- "एक उच्च स्तरीय जांच समिति गठित कर दी गई है।" आप कुछ राहत की साँस जरूर लेंगे? जाहिर सी बात है वह समिति उच्च ज़रूर है, लेकिन निष्कर्षों तक पहुँचेगी नीचे-नीचे,और बहुत नीचे। कहीं सुनाई देगा कि डेम टूट गया है!आप विस्मित होकर कह सकते हैं- क्या? फिर से! सुनाई देगा जी, अतिवृष्टि थी। व्यवस्था की आवाज प्रस्फुटित होगी-ओह, तो फिर मामला प्राकृतिक आपदा में दर्ज करो और 'क्लोज़ केस' कर दो। अगली बारिश में फिर देखेंगे।डेम बना था करोड़ों में, टेंडर मिला था अपनों को, सीमेंट में मिलावट, सरियों में भाई-भतीजावाद। पर अब पानी के साथ बह गया या बहा दिया गया!आप सच ढूंढते रहें, और सच पानी के साथ बह गया ।आप पूछेंगे कि अगर ऐसा ही है तो हर बार जांच क्यों जरूरी है?तो सुनें-क्योंकि 'कहीं कुछ नहीं हुआ' बताने का सबसे सभ्य तरीका यही है।

जब जांच चल रही होती है, तब जनता के पास इंतजार करने का एक झुनझुना होता है। मीडिया को बहस करने का एक विषय और सरकार को "हमने तुरंत कार्रवाई की" कहने का अवसर। हरेक स्कूल की छत की एक ही कहानी -छत बनी थी दो साल पहले। 15 दिन पहले रंग-रोगन हुआ था। ठेकेदार वही था, जो पंचायत भवन से लेकर अस्पताल तक सब बनाता है—सब ढहते हैं, पर वह टिका रहता है।

सूचना का अधिकार में दस्तावेज़ अधूरे, फाइलें 'लापता', लेकिन जांच जारी रहती है। मीडिया चीखेगा -हमारा भविष्य, मलबे में दबा! हमारे बच्चों की ज़िंदगियाँ अब आंकड़ों में दर्ज हो चुकी हैं। किसी रिपोर्ट के कोने में लिखाहोगा—"मानव भूल" या—"संयोगवश दुर्घटना" हम कभी नहीं जान पाएंगे कि कौन ज़िम्मेदार था? क्योंकि जांच इसीलिए होती है, कि जवाबदेही से बचा जाए।या फिर व्यवस्था के नीचले पायदान पर बैठे अदने कारकून की बली.उत्तरदायित्व का निर्धारण!जय हो! निष्कर्ष नहीं, सिर्फ समिति हर घटना के बाद एक कमेटी बनती है, फाइलें भरती हैं, समय बीतता है, जनता भूलती है। और फिर वही छत, वही पुल, वही डेम फिर से गिरते हैं, फिर से जांच होती है।

# खून सफेद नहीं सिंदूरी है


डॉ टी महादेव राव

अच्छा हुआ नायक के रूप में धर्मेंद्र जी ने फिल्में करनी छोड़ दी वरना उनका मशहूर संवाद ऐसा होता कुत्ते मैं तेरा सिंदूर पी जाऊंगा। सिंदूरी रंग लाल और बैंगनी रंग का मिश्रण होता है। लेकिन किसी भी जीव का खून सिंदूरी रंग का नहीं होता। मुझे लगता है जो जैविक रूप से पैदा न होकर महामानव के रूप में उत्पन्न या उद्भूत होता है उसका रक्त लाल नहीं होता और न उसकी रगों में लाल रंग का खून बहता है क्योंकि वह इन सारी जैविक प्रक्रियाओं से, प्रतिक्रियाओं से, गर्भ में पलने बढ़ने से दूर अचानक स्वयंभू शिवलिंग की तरह धरती माता का सीना फाड़कर प्रकट होता है और जिसका प्रादुर्भाव तथाकथित भगवान के बारहवें अवतार के रूप में होता है। जिस तरह आजकल बदलाव विशेष कर संज्ञाओं का परिवर्तन एक आम प्रक्रिया हो गई है ठीक उसी तरह शब्दों की कमी और ज्ञान का अल्पतम होना भी कभी-कभी कई कठिनाइयों को जन्म देता है। जैसे पिछले दिनों हमने इतिहास को पूरी तरह बदलने का एक असफल प्रयास किया था। यह सफल इसलिए नहीं था क्योंकि हमारी मंशा थी लोगों का ध्यान भटकना मुख्य मुद्दों से। जिस तरह हमने शहरों के नाम बदले जिस तरह हमने स्टेडियम का नाम बदला और जिस तरह हमने कई पुरस्कारों और कई इमारतों के नाम भी बदल दिये और अपने उच्च अहम को संतुष्ट किया है। आज जब हर जगह हमारे निर्णय की शल्य परीक्षा हो रही है, उससे ध्यान हटे इसलिए हमने रक्त के वर्ण को अजी वही लहू के रंग को बदला है जिस नाम से हमने सीमा पर उग्रवादियों को तहस-नहस किया है और जब हम और भी बहुत कुछ कर सकते थे। उम्र का तकाजा है और कुछ रिश्तों की खामा ख्याली है जिससे हमने सीज फायर कर युद्ध को शांत कर बैठ गए हैं। जब बैठ गए हैं तो नए-नए शब्द, नए-नए वर्ण, नए-नए विचार अवश्य ही आप तक पहुंचाने की अथक कोशिश को आप ध्यान से सुनेंगे ऐसा मेरा विश्वास है। जब रक्त का रंग लाल से सिंदूर हो गया है दिक्कतें कम नहीं हैं। ऐसी फिल्मों के संवाद जैसे मैंने पहले ही कहा था धर्मेंद्र जी का कुत्ते मैं तेरा सिंदूर पी जाऊंगा। खून की नदियां के बदले सिंदूर की नदियां जैसे अनेक वाक्य और शब्द प्रचलन में आएंगे। डॉक्टर रहेगा तुम में सिंदूर की कमी है तुम्हें एनीमिया हो गया है। नर्स कहेगी बेड नंबर बारह के पेशेंट का एबी पॉजिटिव सिंदूर नहीं मिल रहा है, इसका एक्सीडेंट में बहुत सारा सिंदूर बह गया है। दिल के मरीज से कहा जाएगा कि तुम्हारे दिल से नसों के बीच प्रवाहित सिंदूर का रास्ता अवरुद्ध हो गया है जिससे तुम्हें स्टंट लगाना होगा। इसी क्रम में सिंदूर का प्यासा, सिंदूर सिंदूर को पहचानता है और तुम मुझे सिंदूर दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा। मेरे सिंदूर की आखिरी बूंद तक मैं देश की सेवा करूंगा कहते नेता।

# पहली बार कर रहे हैं गणेश स्थापना तो इन 5 बातों का रखें खास ध्यान



उज्जैन.हिन्दू धर्म में गणेश चतुर्थी पर्व का विशेष महत्व होता है। यह त्योहार भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। सनातन धर्म में कोई भी शुभ या मांगलिक कार्य करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। गणेश चतुर्थी भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाई जाती है। घर-घर में गणपति भगवान की स्थापना की जाती है। इस दिन लोग अपने घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना करते हैं और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना करते हैं। यह पर्व गणेश उत्सव के 10 दिनों की शुरुआत का भी प्रतीक है, जिसे गणपति भक्त बड़े धूमधाम से मनाते हैं, लेकिन अगर पहली बार गणेश जी की स्थापना कर रहे हैं, तो किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।

हिंदू पंचांग के अनुसार, भाद्रपद माह की चतुर्थी तिथि की शुरुआत 26 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 54 मिनट से होगी। वहीं, इसका समापन 27 अगस्त को लदोपहर 03 बजकर 44 मिनट पर होगा। पंचांग को देखते हुए गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त को शुरू होगा और इसी दिन गणेश स्थापना की जाएगी।

**कौनसी प्रतिमा घर लाना शुभ?**

– घर मे ज़ब भी भगवान की प्रतिमा घर लाएं तो यह जरूर देखें कि भगवान गणेश की सूंड उनके बाईं तरफ झुकी हो। वैसी मूर्ति बहुत शुभ मानी जाती है। ऐसे में प्रतिमा घर लाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखें।

– भगवान की प्रतिमा का चयन करें तो कोशिश करें कि भगवान गणेश की बैठी हुई प्रतिमा ही घर लाएं। इससे घर में हमेशा सुख समृद्धि का वास होता है।

– हमेशा भगवान कि हसमुख प्रतिमा ही घर लाएं और इस बात का भी ध्यान रखें कि प्रतिमा में उनका एक हाथ आशीर्वाद देते हुए हो और दूसरे हाथ में मोदक हो।

**कैसे करें गणपति बप्पा की स्थापना?**

– हमेशा भगवान की प्रतिमा ईशान कोण में स्थापित करनी चाहिए और मुख उत्तर दिशा में रखें। उसके बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को चौकी पर रखने से पहले उसे अच्छे से साफ कर लें और गंगाजल छिड़कर शुद्ध करें।

– बप्पा के प्रतिमा के अगल- बगल में रिद्धि-सिद्धि को रखें। इनकी जगह पर आप उनके रूप में सुपारी भी रख सकते हैं। भगवान की मूर्ति के दाई ओर एक कलश रखें और उसमें जल भर दें। इसके बाद हाथ में फूल और अक्षत लेकर गणपति बप्पा का ध्यान करें।

# ध्यान करने में मन नहीं लगता तो क्या करना चाहिए

## संत की सीख: शांति चाहते हैं तो अहंकार और लालच जैसी बुराइयों से बचें

आज सुख-सुविधाओं की चीजों की कोई कमी नहीं है, लेकिन फिर भी कई लोगों का मन अशांत ही रहता है। एक प्रेरक लोक कथा है, जिसमें एक संत ने एक व्यापारी को बताया था कि सच्ची शांति बाहरी नहीं, बल्कि आंतरिक होती है। संत ने व्यापारी को शांति पाने के सूत्र बताए थे, पढ़िए ये लोक कथा...

पुराने समय में एक धनी व्यापारी था, जिसके पास अपार धन-संपत्ति, बड़ा घर, नौकर और सभी तरह की सुख-सुविधाएं थीं, लेकिन फिर भी उसका मन हमेशा अशांत रहता था। उसे हमेशा चिंता, तनाव और असंतोष घेरे रहते थे। उसके जीवन में कोई स्पष्ट समस्या नहीं थी, फिर भी उसे ऐसा लगता था कि कुछ कमी है।

वह अपने व्यापार के सिलसिले में एक गांव से दूसरे गांव की यात्रा करता रहता था। एक दिन, यात्रा के दौरान उसे रास्ते में एक आश्रम दिखाई दिया। वातावरण में शांति और हरियाली थी। ये देखकर वह थोड़ा आकर्षित हुआ और आश्रम के भीतर चला गया।

आश्रम के अंदर एक संत ध्यानमग्न मुद्रा में बैठे हुए थे। व्यापारी ने उन्हें प्रणाम किया और अपनी परेशानी उनके सामने रख दी। उसने कहा, "गुरुजी, मेरे पास सब कुछ है, लेकिन फिर भी मन बेचैन रहता है। मुझे समझ नहीं आता कि मैं शांति कैसे प्राप्त करूं।"

संत मुस्कराए और बोले, "यदि तुम शांति चाहते हो तो थोड़ी देर यहां बैठकर ध्यान करो। भीतर की ओर देखो।"

व्यापारी ने प्रयास किया। वह ध्यान मुद्रा में बैठा, लेकिन उसका मन कभी व्यापार के नुकसान की चिंता करने लगा, तो कभी घर के मामलों की। मन में इधर-उधर की बातों का जाल बुनता रहा। काफी देर कोशिश करने के बाद भी वह ध्यान नहीं लगा सका और संत के पास वापस लौट आया।

उसने निराश होकर कहा, "गुरुदेव, मैं कोशिश कर रहा हूं, लेकिन ध्यान नहीं लग पा रहा है। मन तो जैसे वश में ही नहीं आता।"

संत ने कहा, "ठीक है, चलो मेरे साथ। आश्रम में थोड़ा घूम आते हैं।" दोनों आश्रम के अंदर टहलने लगे। तभी एक पेड़ के पास व्यापारी का हाथ एक शाखा से टकराया और उसे कांटा चुभ गया। वह दर्द से कराह उठा। संत तुरंत दौड़े और एक औषधीय लेप लाकर उसके घाव पर लगा दिया।

संत ने कहा, "बेटा, जिस प्रकार तुम्हारे हाथ में कांटा चुभा और तुम्हें दर्द हुआ, ठीक उसी प्रकार तुम्हारे मन में भी अनेक कांटे चुभे हुए हैं— क्रोध, अहंकार, ईर्ष्या, लालच, और असंतोष, ये सब मन के लिए कांटों की तरह हैं। जब तक इन कांटों को नहीं निकालोगे, तब तक मन ध्यान में नहीं लगेगा और शांति भी नहीं मिलेगी।"

संत की ये बात सीधे व्यापारी के हृदय में उतर गई। उसने अनुभव किया कि वास्तव में उसकी अशांति का कारण बाहरी दुनिया नहीं, बल्कि उसके अंदर की नकारात्मक भावनाएं हैं। उसने संत से दीक्षा ली और उनके शिष्य के रूप में आश्रम में रहकर साधना शुरू की।

धीरे-धीरे उसने अपने जीवन में बदलाव लाना शुरू किया। क्रोध की जगह क्षमा, अहंकार की जगह विनम्रता, और लालच की जगह दान की भावना विकसित की। उसने अपने धन का उपयोग समाज सेवा में करना शुरू किया, गरीबों की सहायता, विद्यालयों का निर्माण, और जरूरतमंदों की मदद करना उसका उद्देश्य बन गया।


कुछ ही समय में वह व्यापारी, जो कभी अशांत और तनावग्रस्त था, अब शांत, संतुलित और संतोषपूर्ण जीवन जीने लगा। उसे अब किसी भौतिक वस्तु की कमी महसूस नहीं होती थी, क्योंकि उसने आत्मिक शांति प्राप्त कर ली थी।

**लोक कथा की सीख**

**इस लोक कथा से हमें एक महत्वपूर्ण जीवन संदेश मिलता है, सच्ची शांति बाहरी संपत्ति से नहीं, बल्कि आंतरिक शुद्धता और भावनात्मक संतुलन से मिलती है। जब तक हम अपने भीतर के कांटों को नहीं निकालते, तब तक कोई भी साधना या प्रयास सफल नहीं हो सकता।**

# बच्चों को मां-बाप का प्यार चाहिए, नौकरानी की सेवा नहीं

## प्रेमानंद महाराज की सलाह



हाल ही में आध्यात्मिक गुरु प्रेमानंद महाराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने बच्चों के पालन-पोषण को लेकर कुछ ऐसी बातें कहीं, जो आज के माता-पिता के दिल को छू गईं। वीडियो में एक पिता अपनी परेशानी साझा करते हैं कि वह और उनकी पत्नी अपनी ढाई साल की बेटी के साथ पर्याप्त समय नहीं बिता पा रहे, जिससे उन्हें लगातार चिंता रहती है। इस पर महाराज ने जो जवाब दिया, उसने न केवल उस पिता को, बल्कि हजारों लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

प्रेमानंद महाराज ने बड़ी सहजता से यह बात कही कि बच्चों को पैसा नहीं, मां-बाप का समय और प्यार चाहिए। उन्होंने कहा, "अगर हम किसी के लिए पैसा कमा रहे हैं, लेकिन उसे अपना समय नहीं दे पा रहे, तो उस पैसे का क्या मतलब?" इस कथन ने लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि क्या हम अपने बच्चों की ज़रूरतें केवल चीज़ों से पूरी कर सकते हैं, या फिर हमारे साथ की अहमियत कहीं ज़्यादा है।

इस वीडियो की सबसे चर्चित पंक्ति रहीः "बच्चों को मां के प्यार की ज़रूरत होती है, नौकरानी की सेवा की नहीं।" इस बात ने इंटरनेट पर बहस छेड़ दी। एक ओर जहां कुछ लोगों ने इस पर सहमति जताई कि माता-पिता की भूमिका को किसी भी कीमत पर किसी और को नहीं सौंपा जा सकता, वहीं दूसरी ओर कुछ कामकाजी महिलाओं ने अपनी स्थिति सामने रखी।

एक उपयोगकर्ता ने लिखा, "गुरुजी, ऐसा नहीं है कि कामकाजी महिलाएं अपने बच्चों को प्यार या समय नहीं देतीं। मैं भी नौकरी करती हूं और अपने बच्चों को पूरा समय और स्नेह देती हूं।" यह बात बताती है कि समाज में अब एक नई सोच बन रही है, जहां मां-बाप दोनों घर चलाने और बच्चों की परवरिश में संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

हालांकि प्रेमानंद महाराज ने करियर छोड़ने की बात नहीं कही, लेकिन उनका ज़ोर इस बात पर था कि माता-पिता को अपने बच्चों के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाए रखने के लिए सचेत प्रयास करने चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर बचपन में बच्चे मां-बाप का स्नेह नहीं पाते, तो बड़े होकर वे वही दूरी बना लेते हैं।

एक और यूज़र ने लिखा, "अगर हम अपने बच्चों से दोस्त की तरह पेश आएंगे, तो वे भी हर बात हमारे साथ साझा करेंगे। यही रिश्ते की गहराई होती है।" ऐसे कमेंट्स से यह बात स्पष्ट होती है कि आज की पीढ़ी सिर्फ परंपरा नहीं, अनुभव और समझदारी से बच्चों को बड़ा करना चाहती है।

बढ़ती महंगाई, दोहरी कमाई की ज़रूरत और घरों में नौकरों पर बढ़ती निर्भरता ने माता-पिता के सामने नई चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। ऐसे में प्रेमानंद महाराज का यह संदेश लोगों को यह याद दिलाता है कि जीवन में पैसा ज़रूरी है, लेकिन अपने बच्चों के लिए हमारी मौजूदगी उससे कहीं ज़्यादा मायने रखती है।

# गया में पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए अब घर बैठे करें ई-पिंडदान





पितृ पक्ष कुछ दिनों में शुरू होने वाला है। ऐसे में कई लोग हैं, जो गया नहीं जा पाते हैं। बता दें कि 6 सितंबर से 21 सितंबर तक पितृपक्ष के दौरान श्रद्धालु पितरों को तर्पण व पिंडदान को लेकर गयाजी प्रतिवर्ष आते हैं। पितृपक्ष को लेकर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम (बीएसटीडीसी) ने पितृपक्ष मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष यात्रा पैकेज की घोषणा की है।

इसके जरिए श्रद्धालुओं को न केवल स्थल पर पहुंच कर पिंडदान करने का मौका मिलेगा, बल्कि घर बैठे ऑनलाइन धार्मिक अनुष्ठान को पूरी करने में मदद मिलेगी। इससे बड़ी संख्या में भी लोग गया पहुंच पाएंगे।

जो श्रद्धालु खुद यात्रा नहीं कर सकते हैं। उनके लिए ई-पिंडदान सेवा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके तहत देश-विदेश में रहने वाले श्रद्धालु 23 हजार रुपये पिंडदान करवा सकेंगे। ये सेवा गयाजी के विष्णुपद मंदिर, अक्षयवट और फलगु नदी पर अनुष्ठान कराने की सुविधा देगी। पिंडदान करने के समय पुरोहित, पूजन सामग्री, दक्षिणा शामिल है। पिंडदान के समय अलग से श्रद्धालुओं को पुरोहित को दक्षिणा नहीं दिया जाएगा।

श्रद्धालु पिंडदान करने के बाद आसपास के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण करेंगे। बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम ने 5 प्रकार के टूर पैकेज निकाला है। जहां पर लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

श्रद्धालु पर्यटन निगम के वेबसाइट पर ऑनलाइन पैकेज के तहत बुकिंग करा सकते हैं। पैकेज का शुल्क अलग-अलग है। इसमें आने जाने, ठहरने से लेकर खाने-पीने की सुविधा है।

गयाजी में पिंडदान के बाद श्रद्धालुओं को पुनपुन नालंदा और राजगीर भ्रमण वाले पैकेज में एक रात और दो दिनों की सुविधा मिलेगी। पहली श्रेणी में 21,100 रुपये से लेकर 40,700 रुपये है। दूसरी श्रेणी में 19,950 रुपये से लेकर 38,500 रुपये शुल्क है। तीसरे श्रेणी में 18,850 रुपये से लेकर 36,250 रुपये शुल्क है।

# पैसे की तंगी और बिज़नेस में रुकावटें?

**फिटकरी का महत्व**

फिटकरी को लोग आमतौर पर पानी शुद्ध करने या घाव भरने में इस्तेमाल करते हैं, लेकिन ज्योतिष और टोटके में इसका एक अलग ही स्थान है।

माना जाता

है कि फिटकरी नकारात्मक ऊर्जा को खत्म करती है और रुका हुआ पैसा वापस लाने में मदद करती है। खासकर जब बिज़नेस बार-बार घाटे में जा रहा हो या पैसा हाथ में टिकता ही न हो, तब फिटकरी से किए गए कुछ उपाय कारगर साबित हो सकते हैं।

फिटकरी से बिज़नेस की रुकावट कैसे दूर करें

अगर आपका बिज़नेस ठीक से नहीं चल रहा और लगातार दिक्कतें आ रही हैं, तो आप फिटकरी का ये उपाय कर सकते हैं:

**1. फिटकरी को तवे पर पिघलाएं**

सबसे पहले आप एक टुकड़ा फिटकरी लें और उसे लोहे के तवे पर गर्म करें। जब फिटकरी पिघलेगी तो पानी जैसी हो जाएगी। थोड़ी देर बाद जब वह ठंडी होगी तो बिल्कुल बताशे जैसी दिखाई देने लगेगी।

**2. नमक के साथ मिलाएं**

अब इस फिटकरी को मिक्सी में पीस लें और उसमें थोड़ा सा नमक मिला लें।

**3. कुल्ला करें**

रोज सुबह इस फिटकरी और नमक के मिश्रण से कुल्ला करें। कहते हैं कि ऐसा करने से नकारात्मकता खत्म होती है और रुका हुआ पैसा वापस आने लगता है।

**लोग कहां गलती करते हैं**

अक्सर लोग फिटकरी का सही तरीका नहीं अपनाते। कुछ लोग उसे सीधे ब्रश पर लगा लेते हैं, कोई उसे सिर्फ मुंह पर मल लेता है, लेकिन असली असर तभी मिलता है जब इसे तवे पर पिघला कर, सुखा कर और फिर नमक के साथ मिलाकर इस्तेमाल किया जाए।

**फिटकरी से जुड़े फायदे**

1. बिज़नेस में आ रही अड़चनों को दूर करने में मदद मिलती है।
2. नकारात्मक ऊर्जा हटती है और माहौल पॉजिटिव होता है।
3. रुका हुआ पैसा वापस आने की संभावना बढ़ती है।
4. घर-परिवार में शांति और सुख का माहौल बनता है।

**ध्यान रखने वाली बातें**

1. ये उपाय श्रद्धा और विश्वास के साथ करें।
2. फिटकरी का इस्तेमाल करते समय मन शांत रखें।
3. इसे रोजाना करना ज़रूरी है तभी असर देखने को मिलेगा।

# न यंत्र, न मशीन: फिर भी एक दिन में बना ये भव्य मंदिर

## जहां एक साथ नहीं जा सकते मामा-भांजा

छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के बारसूर गांव में स्थित मामा-भांजा मंदिर, अपनी अनोखी कहानी के लिए पूरी दुनिया में मशहूर है। 11वीं शताब्दी में राजा बाणासुर ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था, जिसे मामा-भांजा शिल्पकारों ने एक ही दिन में तैयार किया।

इस मंदिर को खास बलुई पत्थरों से बनाया गया है। ऊंची-ऊंची दीवारों पर उकेरे गए शैलचित्र उस समय की अद्भुत शिल्पकला और कारीगरी की झलक पेश करते हैं। मंदिर के शीर्ष के नीचे मामा और भांजा शिल्पकारों की प्रतिमाएं भी बनी हुई हैं।

मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव, गणेश और नरसिंह की प्रतिमाएं विराजमान हैं। इसे मुख्य रूप से शिव और गणेश का मंदिर माना जाता है। यहां आने वाले भक्त आस्था और चमत्कारिक कारीगरी दोनों का अनुभव करते हैं।





किवदंती है कि बिना आधुनिक साधनों के, सिर्फ एक दिन में विशाल पत्थरों को काटकर, तराशकर और जोड़कर इस मंदिर का निर्माण किया गया। यह काम आज भी लोगों को चमत्कार जैसा प्रतीत होता है।

इस मंदिर से जुड़ी मान्यता बेहद रोचक है कहा जाता है कि मामा और भांजा एक साथ मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकते। मान्यता है कि ऐसा करने से उनके रिश्तों में मतभेद हो जाता है। यही वजह है कि आज भी लोग इस परंपरा को मानते हैं।

**संसार में कई प्रकार के दोष और दुख हैं, ऐसा विचार ही जीवन में निराशा लाता है**

यहां बहुत कुछ वैसा है जो अच्छा नहीं है, ये संसार कई प्रकार के दोष और दुखों से भरा हुआ है, ऐसे विचार ही हमारे मन में गहरी निराशा लाते हैं। इन विचारों की वजह से वैराग्य तो नहीं आता, लेकिन मन में चुप्पी आ जाती है। ये विचार हमारे मन को दुर्बल बनाते हैं। इनसे बचना चाहिए, संसार में ऐसी चीजें भी हैं, जिससे लाभान्वित हुआ जा सकता है, आगे बढ़ा जा सकता है।

**-स्वामी अवधेशानंद जी गिरि**

## 'समझ नहीं आता कि वेतन में समानता क्यों नहीं है?' इंडस्ट्री के इनकम गैप पर कृति सेनन ने रखी राय



कृति सेनन ने अपने करियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है।

**कृति बोलीं- वेतन एक जैसा होना चाहिए**

गुरुवार को सीएनएन न्यूज 18 के इवेंट में बात करते हुए कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है।'

**वुमन सेंट्रिक फिल्मों पर भी बोलीं कृति**

कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।'

**इन फिल्मों में नजर आएंगी कृति सेनन**

कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके अपोजिट साउथ एक्टर धनुष हैं। वहीं वह फिल्म 'कॉकटेल 2' का हिस्सा भी बन चुकी हैं।

## श्वेता मेनन ने अम्मा के अध्यक्ष के रूप में की पहली मीटिंग, सदस्यों की सुरक्षा का उठाया मुद्दा



मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (अम्मा) ने 22 अगस्त को कोच्चि के कलूर स्थित अपने मुख्यालय में 32वीं कार्यकारी समिति की बैठक आयोजित की। इस बैठक की अध्यक्षता समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष और अभिनेत्री श्वेता मेनन ने की। एक्ट्रेस ने अपनी पहली ही मीटिंग में समिति के सदस्यों के कल्याण और सुरक्षा की बात की।

**सदस्यों की सुरक्षा की बात की**

श्वेता मेनन ने अम्मा अध्यक्ष के तौर पर अपनी पहली बैठक में नए सिरे से शुरुआत की। उन्होंने सदस्यों की सुरक्षा और कल्याण पर एसोसिएशन का ध्यान केंद्रित किया। ये मीटिंग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों रूपों में आयोजित की गई।

**विवादों का भी किया जिक्र**

एक्ट्रेस ने हाल के विवादों पर भी बात की, जिसमें महिला सदस्यों को एक होटल में बुलाए जाने की बात कही गई थी। इससे जुड़े आरोपों की जांच के लिए श्वेता मेनन ने एक विशेष समिति के गठन की घोषणा की। विशेष समिति के अलावा, अभिनेत्री ने पुष्टि की कि एएमएमए सदस्यों द्वारा उठाई गई शिकायतों के समाधान के लिए विभिन्न उप-समितियां भी बनाई जाएंगी। उन्होंने मीडिया से कहा, 'मैं व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक सदस्य की शिकायत सुनूंगी।' उन्होंने हर मुद्दे के समाधान के लिए लोगों को आश्वस्त किया।

**एक नजर श्वेता मेनन के फिल्मी सफर पर**

श्वेता मेनन एक भारतीय अभिनेत्री, टेलीविजन एंकर और मॉडल हैं। एक्ट्रेस ने मुख्य रूप से मलयालम और हिंदी फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआत की और 1994 में फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जहां वह शीर्ष 5 में रहीं। उन्होंने मलयालम फिल्म 'अनस्वरम' से अभिनय की दुनिया में कदम रखा। बाद में एक्ट्रेस ने हिंदी फिल्मों जैसे 'बंधन', 'इश्क' और 'अशोका' में भी काम किया। उन्होंने मलयालम सिनेमा में 'पलेरी माणिक्यम' और 'सॉल्ट एन पेपर' जैसी फिल्मों में अभिनय के लिए दो केरल राज्य फिल्म पुरस्कार जीते हैं।

## तेलुगु फिल्म वर्कर्स की हड़ताल हुई खत्म निर्माताओं से वेतन बढ़ोतरी पर हुआ समझौता




गुरुवार को तेलुगु फिल्म वर्कर्स ने अपनी हड़ताल खत्म की, वेतन बढ़ोतरी के समझौते पर यह हड़ताल खत्म हुई। इसके अलावा भी वर्कर्स की कुछ अन्य मांगों को माना गया है। हड़ताल खत्म करने का फैसला प्रोड्यूसर्स के साथ समझौता होने के बाद लिया गया। यह समझौता राज्य श्रम विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ।

**30 प्रतिशन वेतन बढ़ोतरी पर खत्म हुई हड़ताल**

श्रम विभाग के वरिष्ठ अधिकारी गंगाधर ने बताया कि वर्कर्स फेडरेशन ने पिछले तीन साल में 30 प्रतिशत वेतन बढ़ाने की मांग की थी। हालांकि पहले हुई बातचीत में कोई रास्ता नहीं निकला, जिसके बाद विभाग को इस मामले में दखल देना पड़ा। आखिरकार दोनों पक्ष 22.5 प्रतिशत वेतन बढ़ोतरी पर सहमत हो गए हैं।

गंगाधर ने यह भी बताया कि पिछले तीन साल के लिए 15 प्रतिशत, 2.5 प्रतिशत और 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कम वेतन वाले वर्कर्स के लिए लागू की जाएगी।

**हड़ताल के कारण ठप था शूटिंग का काम**

तेलुगु फिल्म वर्कर्स की हड़ताल 4 अगस्त से शुरू हुई थी, इस कारण कई फिल्मों की शूटिंग ठप हो गई थी। वर्कर्स हर साल 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग कर रहे थे, जो इस साल भी होनी थी। लेकिन पिछले चार महीनों से वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। तेलुगु फिल्म वर्कर्स के लीडर एलेक्जेंडर ने पहले कहा था कि उनकी मांग 30 प्रतिशत की एक बार में नहीं, बल्कि हर साल 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की है।

**फिल्म चैंबर के सेक्रेटी का दावा- अन्य राज्यों से ज्यादा वेतन मिलता है**

दूसरी तरफ तेलुगु फिल्म चैंबर के सेक्रेटी दामोदर प्रसाद ने कहा था कि वर्कर्स ने एकतरफा फैसला लिया है। वे लोग बस उन्हीं प्रोड्यूसर्स के लिए काम कर रहे हैं, जो बढ़ा हुआ वेतन दे रहे थे, जबकि इस मुद्दे पर बातचीत जारी थी दामोदर प्रसाद का यह भी कहना है कि तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री अन्य राज्यों की तुलना में पहले से ही वर्कर्स को ज्यादा वेतन देती है।


## 'द बंगाल फाइल्स' का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करते हैं मिथुन, बोले- 'कला का काम सच दिखाना'

फिल्मी दुनिया के 'महागुरु' कहे जाने वाले मिथुन चक्रवर्ती ने अपने लंबे करियर में हर रंग देखा है। कभी वे नाचते-गाते हीरो बने, कभी पर्दे पर खलनायक को चुनौती दी और कभी ऐसे किरदार निभाए जिन्हें देखने के बाद ऑडियंस की आंखें भर आईं। अब विवेक अग्निहोत्री की अगली फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' में वो एक बार फिर बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आने वाले हैं। फिल्म में उनका किरदार है 'मैडमैन' - एक ऐसा इंसान जिसे समाज पागल समझता है, लेकिन असल में वही सबसे बड़ा सच बोलने वाला है। हाल ही में अभिनेता ने अपनी फिल्म, किरदार की चुनौतियों और आने वाले प्रोजेक्ट्स पर खुलकर बात की।

विवेक जब भी मेरे पास आते हैं, तो मुझे पहले से पता होता है कि वे मुझे कभी आसान किरदार नहीं देंगे। वो हमेशा ऐसा रोल लिखते हैं जिसमें आत्मा हो और जो लोगों के दिल पर असर करे। इस बार उन्होंने मुझे एक ऐसा इंसान दिया जिसे लोग पागल कहते हैं, लेकिन असल में वह पागल नहीं है। वह सच बोलने वाला आदमी है। किरदार का नाम है 'मैडमैन'। उसके साथ बहुत अन्याय हुआ है। उसकी जुबान जला दी गई, उसका परिवार खत्म कर दिया गया, वह कचरे से खाना खाता है। लेकिन उसके पास सच बोलने की ताकत अब भी है। यही सच इस फिल्म की असली जान है।

यह मेरे करियर का सबसे कठिन किरदार था। सोचिए, अगर किसी की जुबान जला दी जाए तो वह बोल तो सकता है, लेकिन हर शब्द निकालने में दर्द होगा। मुझे उसी दर्द को आवाज में उतारना पड़ा। हर डायलॉग टूटी-फूटी आवाज में बोलना और यह दिखाना कि बोलने की कोशिश ही उसकी सबसे बड़ी लड़ाई है। कभी-कभी यह किरदार गुस्से में दिखता है, लेकिन अंदर से वह टूटा हुआ इंसान है। कई बार सीन खत्म होने के बाद भी मैं उस पीड़ा से बाहर नहीं निकल पाता था।

एक सीन था जिसमें मैं दर्शन को कहता हूं, 'तीन स्तंभ तो सब जानते हैं, लेकिन चौथा





स्तंभ हैं - वी द पीपुल।' जब मैंने यह कहा तो पूरे सेट पर खामोशी छा गई। सबको लगा जैसे यह फिल्म का सीन नहीं बल्कि असली जिंदगी का सच सामने आ गया हो। उस दिन मुझे लगा कि मैंने इस किरदार को पूरी तरह जी लिया है।

यह घटना मेरे जन्म से पहले की है। मैंने किताबों में सिर्फ 'नोआखाली नरसंहार' का नाम सुना था, लेकिन विस्तार से कुछ नहीं पढ़ा। असलियत यह है कि उस समय करीब चालीस हजार हिन्दुओं का कत्लेआम हुआ, लेकिन इतिहास की किताबों में इसे दबा दिया गया। सवाल यह है कि आखिर क्यों छिपाया गया? क्या इसलिए कि बहुतों की राजनीति पर असर पड़ता? विवेक ने रिसर्च कर इस सच्चाई को सामने लाया है और यही वजह है कि लोग डर रहे हैं। मेरा मानना है कि सच चाहे जितना छिपाओ, एक दिन बाहर आ ही जाता है।

हां, यही डर है कि सच्चाई बाहर न आ जाए। लेकिन सच को कितने दिन रोकोगे? 'द कश्मीर फाइल्स' को भी रोकने की कोशिश हुई थी, फिर भी दर्शकों ने अपनाया। यही इस फिल्म के साथ भी होगा।

लोग कहते हैं विवेक अग्निहोत्री की फिल्में प्रोपेगेंडा होती हैं। आप क्या सोचते हैं?

मुझे यह समझ नहीं आता कि लोग इसे प्रोपेगेंडा क्यों कहते हैं। यह कहानी आज की राजनीति से जुड़ी हुई नहीं है। यह तो आजादी से पहले की बात है। जब सच सामने आता है तो बहुतों को चोट लगती है और लोग नाम दे देते हैं कि यह प्रोपेगेंडा है। मेरे हिसाब से कला का काम सच दिखाना है। अगर कलाकार से यह आजादी छीन ली जाए तो कला खत्म हो जाएगी।

यह सब पहले से तय था। लोगों ने फिल्म देखे बिना ही विरोध शुरू कर दिया। ट्रेलर देखे बिना राय बनाना सही नहीं है। लेकिन मजेदार बात यह हुई कि जितना रोका गया, उतना ही लोगों की जिज्ञासा बढ़ गई। इसी वजह से ट्रेलर कुछ ही दिनों में पंद्रह मिलियन से ज्यादा बार देखा गया। रोकने का उल्टा असर पड़ा।

बहुत गर्व होता है। जब आप अपने देश की असली सच्चाई लोगों तक पहुंचाते हैं तो वह सिर्फ फिल्म नहीं रहती, बल्कि एक जिम्मेदारी बन जाती है। ऐसे किरदार निभाना आसान नहीं होता, लेकिन जब ऑडियंस कहती है कि 'आप हमारी आवाज हैं' तो लगता है मेहनत सफल हुई।

अनुपम खेर का काम शानदार था। गांधी जी को पर्दे पर उतारना आसान नहीं है, लेकिन अनुपम ने पूरी ईमानदारी और समर्पण से निभाया। मुझे यकीन है कि ऑडियंस उन्हें देखकर सरप्राइज होगी।

## 'लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेते', विपुल शाह ने अक्षय कुमार को लेकर किए कई खुलासे

फिल्म निर्माता और निर्देशक विपुल शाह और अक्षय कुमार ने एक साथ फिल्म 'नमस्ते लंदन' में एक साथ काम किया है। विपुल का कहना है कि अक्षय कुमार एक शानदार अभिनेता हैं, लेकिन उन्हें उतना सम्मान नहीं मिलता जितना वे डिजर्व करते हैं।

**विपुल का अक्षय के अभिनय को लेकर खुलासा**

एक इंटरव्यू में विपुल ने बताया कि अक्षय को खुद नहीं पता कि वे कितने कमाल के हैं। शुरूआत में लोग उन्हें सिर्फ एक्शन हीरो मानते थे, फिर उन्होंने कॉमेडी फिल्में कीं, लेकिन आलोचकों ने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया। विपुल को लगता है कि अक्षय के पास बहुत कुछ करने की क्षमता है।

**अक्षय के पंजाबी किरकार को लेकर विपुल की राय**

विपुल ने कहा कि अक्षय अलग-अलग किरदारों को आसानी से निभा लेते हैं, चाहे वह हंसी-मजाक का सीन हो या गंभीर सीन। वे हर किरदार में पूरी तरह डूब जाते हैं। विपुल ने यह भी कहा कि अक्षय के करियर में किसी ने उन्हें असली पंजाबी किरदार में नहीं दिखाया। उनकी फिल्म 'नमस्ते लंदन' में अक्षय को एक बेफिक्र, मस्ती पसंद पंजाबी लड़के के रूप में पेश किया गया, जो उनके लिए बहुत स्वाभाविक था। विपुल ने बताया कि अक्षय बार-बार खुद को नए रूप में ढालकर कई साल से दर्शकों के बीच लोकप्रिय बने हुए हैं।

**अक्षय का वर्कफ्रंट**

हाल ही में अक्षय 'केसरी चैप्टर 2' में नजर आए थे। इस फिल्म के बाद अब अक्षय 'जॉली एलएलबी 3' में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन सुभाष कपूर ने किया है। यह एक ब्लैक कॉमेडी फिल्म है। भारतीय कानूनी कॉमेडी फिल्मों की जॉली एलएलबी श्रृंखला का तीसरा भाग है। इस फिल्म में अक्षय के अलावा अरशद वारसी नजर आएंगे।



## 'शाहरुख के नक्शेकदम पर चल रहे हैं आर्यन' मनोज पाहवा ने डेब्यू निर्देशक को बताया परफेक्शनिस्ट

शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान इन दिनों अपने पहले शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। हाल ही में शो का प्रिव्यू सामने आया है, जिसमें इस शो की स्टारकास्ट के बारे में पता चला है। शो में कई कलाकार नजर आने वाले हैं। अभिनेता मनोज पाहवा भी आर्यन खान के शो का हिस्सा हैं। अब मनोज पाहवा ने आर्यन के काम को लेकर बात की। उनका कहना है कि आर्यन काफी हद तक अपने पिता के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। साथ ही उन्होंने शो में काम करने के अपने अनुभव को भी साझा किया है।

**अपने काम के प्रति जुनूनी हैं आर्यन**

मनोज पाहवा ने आर्यन खान की तारीफ करते हुए कहा कि आर्यन अपने पिता के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। वह अपने काम के प्रति जुनूनी हैं और शाहरुख की तरह ही कड़ी मेहनत करते हैं। वो अपने पिता की लीगेसी को देखते हुए अपने ऊपर आने वाले दबाव को समझते थे। मुझे खुशी है कि आर्यन ने इसे हल्के में नहीं लिया। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए काफी मेहनत की है। वो अपने काम को लेकर प्रतिबद्ध हैं। उन्हें अपने काम से प्यार। मनोज पाहवा का मानना है कि आर्यन में एक अच्छे निर्देशक के सारे गुण मौजूद हैं।





**साझा किया साथ में काम करने का अनुभव**

अभिनेता आर्यन के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया कि जब मैं पहली बार आर्यन से मिला और किरदार और कहानी के बारे में सुना, तो अनुभव मेरी उम्मीदों से कहीं बढ़कर था। यह उसका पहला प्रोजेक्ट था। वह एक युवा लड़का है। मुझे उम्मीद नहीं थी कि कहानी को इतने सही तरीके से लिखेगा।

आर्यन के साथ सेट पर काम करना एक नया अनुभव था। वो हर शॉट को एकदम परफेक्ट लेने के लिए बार-बार रीटेक लेने से भी नहीं झिझकते थे। वह निर्देशन में नए हैं, लेकिन आसानी से संतुष्ट नहीं होते। वो एक दम परफेक्शनिस्ट है। हालांकि, बार-बार टेक लेने से कभी-कभी थोड़ी झुंझलाहट होती थी, लेकिन रिजल्ट ने इसे इसके लायक बना दिया।

**18 सितंबर को रिलीज होगा शो**

आर्यन खान द्वारा लिखित और निर्देशित 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' 18 सितंबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। शो में मनोज पाहवा हीरो के चाचा की भूमिका निभा रहे हैं, जो एक महत्वाकांक्षी अभिनेता हैं, जिन्हें बॉलीवुड में सफलता नहीं मिली है। यह सीरीज एक प्रॉपर बॉलीवुड मसाला टाइप है, जिसमें एक्शन, रोमांस और ड्रामा सबकुछ देखने को मिलेगा।

शो में भारी भरकम स्टारकास्ट नजर आएगी, जिसमें लक्ष्य, राघव जुयाल, आन्या सिंह, मनीष चौधरी, मोना सिंह, मनोज पाहवा, गौतमी कपूर और विजयांत कोहली प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। इसके अलावा शो में सलमान खान, करण जौहर और रणवीर सिंह समेत कई स्टार्स के कैमियो भी दिखाई देंगे। वहीं शाहरुख खान के भी सीरीज में कैमियो करने की चर्चाएं हैं।

## भाई कुश सिन्हा का सोनाक्षी के करियर पर बड़ा बयान, बोले- टैलेंट का पूरा इस्तेमाल नहीं हुआ

बॉलीवुड की दमदार अदाकारा सोनाक्षी सिन्हा की कुछ समय पहले रिलीज हुई फिल्म 'निकिता रॉय' बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाई। हाल ही में उनके भाई और डायरेक्टर कुश सिन्हा ने बहन के करियर और उनकी क्षमता को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि सोनाक्षी में अपार टैलेंट है, लेकिन इंडस्ट्री में कई बार उनकी असली क्षमता को सही तरीके से सामने नहीं लाया गया।

**'सोनाक्षी की रेंज है काफी बड़ी'**

कुश सिन्हा ने एक हालिया इंटरव्यू में कहा है कि उन्होंने हमेशा सोनाक्षी को एक अदाकारा के रूप में अलग नजरिए से देखा है। भाई होने के साथ-साथ एक दर्शक के तौर पर भी उन्होंने महसूस किया कि सोनाक्षी को वो मौके नहीं मिले जिनसे उनकी पूरी रेंज सामने आती। उन्होंने याद दिलाया कि लुटेरा और अकीरा जैसी फिल्मों में सोनाक्षी ने यह साबित किया कि वो सिर्फ कमर्शियल फिल्मों की हीरोइन नहीं बल्कि एक गंभीर और परिपक्व अभिनेत्री भी हैं।



**'डायरेक्टर्स की झिझक बनती है रुकावट'**

कुश ने इस बातचीत में यह भी कहा कि फिल्मकार कई बार सितारों को उनकी सीमाओं से आगे धकेलने से हिचकिचाते हैं। इसका नुकसान कलाकारों को होता है क्योंकि उनकी असली प्रतिभा पर्दे पर पूरी तरह से सामने नहीं आ पाती। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि कलाकारों की अपनी पसंद भी बहुत मायने रखती है। कई बार कागज पर शानदार लगने वाला किरदार शूटिंग के दौरान उतना असरदार साबित नहीं होता।

**सही चुनाव से बनता है करियर- कुश**

कुश का मानना है कि इंडस्ट्री में टिके रहने के लिए फिल्मों का चुनाव बेहद सोच-समझकर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई बार अभिनेता कुछ प्रोजेक्ट्स चुन लेते हैं जो बाद में उतने प्रभावी साबित नहीं होते। वहीं, कभी-कभी उम्मीद से कहीं ज्यादा शानदार नतीजे भी मिल जाते हैं। यही इस इंडस्ट्री की अनिश्चितता है।

**'निकिता रॉय' में दमदार परफॉर्मेंस**

सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म निकिता रॉय को लेकर भी कुश ने खास बातें साझा कीं। यह फिल्म खुद उन्होंने डायरेक्ट की थी और इसमें सोनाक्षी ने लीड रोल निभाया। कुश ने बताया कि इस फिल्म में सोनाक्षी का किरदार बेहद मुश्किल और उलझा हुआ था। वह एक ऐसी महिला की भूमिका निभा रही थीं जो टूटी हुई भी है, जिद्दी भी और कहीं न कहीं अपनी ही सोच में खोई हुई। कुश का कहना है कि सोनाक्षी ने इस किरदार की बारीकियों को बखूबी पकड़ा और उसे पर्दे पर जीवंत बना दिया।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार

## सरकारी पैसे के दुरुपयोग का आरोप, पत्नी के दीक्षांत समारोह में लंदन गए थे

कोलंबो, 22 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को पुलिस ने सरकारी धन का दुरुपयोग करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

उन पर आरोप है कि 2023 में राष्ट्रपति रहते हुए वे अपनी पत्नी प्रोफेसर मैत्री विक्रमसिंघे के दीक्षांत समारोह शामिल होने लंदन गए थे। इसके लिए, सरकारी पैसे का इस्तेमाल किया था। इसके अलावा उन पर अपने पर्सनल बॉडीगार्ड को भी सरकारी खजाने से सैलरी देने का आरोप है।

एक पुलिस अधिकारी के हवाले से बताया कि विक्रमसिंघे आज सुबह वित्तीय अपराध जांच विभाग (एफसीआईडी) में इस



मामले से जुड़ी पूछताछ के लिए पहुंचे थे। एफसीआईडी ने उन्हें कोलंबो फोर्ट मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

वे श्रीलंकाई इतिहास में गिरफ्तार होने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं।

**विक्रमसिंघे बोले- पत्नी ने अपनी यात्रा का खर्च खुद उठाया**

पूर्व राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उनकी पत्नी ने अपना खर्च खुद उठाया और किसी भी सरकारी पैसे का दुरुपयोग नहीं किया गया।

विक्रमसिंघे के खिलाफ आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने पहले फोर्ट मजिस्ट्रेट कोर्ट में सबूत पेश किए थे। इसमें उनकी पूर्व निजी सचिव सैंड्रा परेरा और पूर्व राष्ट्रपति सचिव समन एकनायके के बयान शामिल हैं।

विक्रमसिंघे ने 2023 का क्यूबा का दौरा किया था। यहां से लौटते हुए वे लंदन रुके थे, जहां उन्होंने जी-77 शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। इसी दौरान वे और उनकी पत्नी मैत्री वॉल्वर हैम्प्टन यूनिवर्सिटी के एक समारोह में शामिल हुए थे।

**2022 में राष्ट्रपति बने थे विक्रमसिंघे**

जुलाई 2022 में श्रीलंका के तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे ने भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के खिलाफ महीनों तक चले विरोध प्रदर्शनों के बाद इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद बचे कार्यकाल के लिए विक्रमसिंघे राष्ट्रपति बने थे।

विक्रमसिंघे को 2022 में देश की अब तक की सबसे खराब वित्तीय मंदी के बाद अर्थव्यवस्था को स्थिर करने का श्रेय दिया जाता है। विक्रमसिंघे पिछले वर्ष सितम्बर में वामपंथी ए.के. दिसानायके से दूसरे दौर तक चले कड़े मुकाबले में चुनाव हार गए थे।

# साउथ अमेरिका के पास समुद्र में 7.5 तीव्रता का भूकंप

सैंटियागो/ ब्यूनस आयर्स, 22 अगस्त (एजेंसियां)। साउथ अमेरिका के तट के पास 7.5 तीव्रता का भूकंप आया है। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की जानकारी नहीं है।

भूकंप की जानकारी देने वाली अमेरिकी संस्था यूएसजीएस के मुताबिक इस भूकंप का केंद्र अर्जेंटीना के दक्षिण में ड्रेक पैसेज के पास 11 किमी की गहराई में था।

ड्रेक पैसेज साउथ अमेरिका के दक्षिणी सिरे (केप हॉर्न) और अंटार्कटिका के बीच का समुद्री रास्ता है। यह अटलांटिक और प्रशांत महासागर को जोड़ता है। इसे बहुत तूफानी और खतरनाक माना जाता है। इसका नाम सर फ्रांसिस ड्रेक के नाम पर रखा गया है। चिली की नेवी हाइड्रोग्राफिक और ओशनोग्राफिक सर्विस ने पूरे अंटार्कटिका क्षेत्र के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की थी। हालांकि, अब इस चेतावनी को हटा दिया गया है।

इससे पहले मई 2025 में भी इस इलाके में 7.5 तीव्रता का भूकंप आया था।

इससे पहले 30 जुलाई को रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया था। इसकी तीव्रता 8.8 थी, जिसके चलते कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा। भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के बाद रूस, जापान, अमेरिका और दक्षिण अमेरिका के तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की थी।

# आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने के वैश्विक तरीके: कानून और नियम



लंदन, 22 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के आवारा कुत्तों को सड़कों से हटाने के अपने आदेश में संशोधन किया है। कोर्ट ने पहले आवारा कुत्तों को शेल्टर होम्स में बंद करने का आदेश दिया गया था। गुरुवार को तीन जजों की बेंच ने निर्देश दिया कि जिन कुत्तों को पकड़ा गया है, उन्हें छोड़ दिया जाए। कोर्ट ने इस दौरान यह भी कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या दिल्ली ही नहीं पूरे देश में है। हालांकि आवारा कुत्तों के काटने की समस्या देश से भी आगे यानी दुनियाभर में है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, रेबीज के कारण 150 से ज्यादा देशों, खासकर अफ्रीका और एशिया में हर साल अनुमानित 59,000 लोगों की मौत होती है। भारत में यह बीमारी हर साल 18,000 से 20,000 लोगों की जान लेती है। इसमें 15 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या 30-60% होती है। रेबीज से होने वाली 99 प्रतिशत मौतें कुत्तों के काटने से होती हैं। जाहिर है कि यह समस्या वैश्विक है। ऐसे में हमें जानना चाहिए कि दुनिया के अलग-अलग देश इस समस्या से कैसे निपट रहे हैं।

यूरोपीय देश नीदरलैंड ने आवारा कुत्तों के लिए एक व्यापक नीति बनाई है। इसमें सरकार के वित्त पोषित सीएनवीआर (संग्रह, नसबंदी, टीकाकरण, वापसी) कार्यक्रम में आवारा कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण किया जाता है। पालतू कुत्तों के लिए भी में ये सुविधा है। नियमों का पालन ना करने वालों पर भारी जुर्माना, सख्त क्रूरता-विरोधी कानून और कानून प्रवर्तन के लिए एक समर्पित पशु कल्याण यूनिट है। यह यूनिट ध्यान रखती है कि कुत्तों को टीका लगे।

मोरक्को में हर साल करीब एक लाख लोगों को कुत्ते काटते हैं। मोरक्को सरकार ने 2019 में ट्रैप-न्यूटर-वैक्सीनेट-रिलीज (टीएनवीआर) कार्यक्रम शुरू किया। इसमें आवारा कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी करना और रेबीज का टीका लगाना और फिर पहचान टैग के साथ वापस छोड़ना शामिल है। मोरक्को सरकार ने आवारा कुत्तों से निपटने के लिए 10 करोड़ डॉलर से 130 सामुदायिक स्वच्छता कार्यालय खोले हैं। इनमें 60 डॉक्टर, 260 नर्स, 260 स्वास्थ्य तकनीशियन और 130 पशु चिकित्सक हैं।

कंबोडिया में सरकार ने बड़े पैमाने पर कुत्तों के टीकाकरण अभियान के जरिए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। देश में केवल दो हफ्तों के भीतर 2.2 लाख कुत्तों को रेबीज का टीका लगाया गया है।

इस टीकाकरण अभियान का उद्देश्य रेबीज के संचरण को सीमित करना है। यह प्रतिक्रियात्मक उपायों के बजाय एक निवारक, जन स्वास्थ्य-केंद्रित दृष्टिकोण को दर्शाता है। विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, भूटान ने कुत्तों से निपटने में कमाल किया है। कुत्ता जनसंख्या प्रबंधन और रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के तहत भूटान आवारा कुत्तों की 100 प्रतिशत नसबंदी करने वाला पहला देश है।

# डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व एनएसए जॉन बोल्टन के घर एफबीआई ने मारा छापा

## अमेरिकी टैरिफ के खिलाफ उठाई थी आवाज

वॉशिंगटन, 22 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन के घर पर एफबीआई छापा मारा है। एफबीआई की ओर से यह कार्रवाई दस्तावेजों से संबंधित जांच के तहत की गई है। बता दें कि हाल ही में जॉन बोल्टन ने भारत पर लगाए गए 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ की आलोचना की थी। उन्होंने इसे ट्रंप की बहुत बड़ी भूल करार दिया था।

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि यह छापेमारी मैरीलैंड के बेथेस्डा स्थित बोल्टन के घर पर सुबह 7 बजे के आसपास की गई है। यह कार्रवाई एफबीआई निदेशक काश पटेल के निर्देश पर की गई है। छापेमारी शुरू होने के कुछ ही देर बाद काश पटेल ने एक्स पर एक क्रिप्टिक पोस्ट में लिखा था, कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, एफबीआई एजेंट मिशन पर हैं। यह घटनाक्रम जॉन बोल्टन द्वारा अमेरिकी टैरिफ नीति पर टिप्पणी करने के कुछ दिनों बाद सामने आया है। उनकी यह टिप्पणी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का के एंकोरेज में होने वाली महत्वपूर्ण शिखर वार्ता से एक दिन पहले आई थी। जिसमें उन्होंने भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ की आलोचना की थी। बता दें कि हाल ही में जॉन बोल्टन ने भारत के साथ टैरिफ प्रकरण पर ट्रंप सरकार को घेरा है। ट्रंप के पूर्व सहयोगी ने कहा था कि अमेरिका ने भारत को रूस और चीन से दूर करने के दशकों पहले से चले आ रहे प्रयासों को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका की ओर से भारत पर लगाए गए भारी शुल्कों पर बात करते हुए यह बात कही।

# कोलंबिया में एयरबेस के पास ट्रक में ब्लास्ट

## कोकीन की खेती नष्ट करने जा रहे पुलिस हेलिकॉप्टर पर भी ड्रोन हमला, अबतक 18 की मौत

बोगोटा, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कोलंबिया में गुरुवार को दो अलग-अलग हमलों में 18 लोगों की मौत हो गई। कोलंबिया के कैली शहर में गुरुवार को एयर बेस के पास एक ट्रक में बम विस्फोट हुआ। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 71 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये धमाका मार्को फिदेल सुआरेज सैन्य एविएशन स्कूल के पास हुआ। इससे कुछ घंटे पहले, कोकीन की फसलों को खत्म करने के लिए जा रहे पुलिसकर्मियों के हेलिकॉप्टर पर ड्रोन से हमला हुआ। इसमें 12 पुलिस अधिकारी मारे गए।

कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने कहा कि इन हमलों के पीछे विद्रोही संगठन एफएआरसी के गुटों का हाथ है। एफएआरसी का मकसद कोलंबियन सरकार को उखाड़ फेंकना है। हालांकि, 2016 में एक शांति समझौते के बाद ये संगठन भंग हो गया था, लेकिन कई इलाकों में ड्रग्स सप्लाई में ये अभी भी एक्टिव है।



कैली के मेयर ने हमले की निंदा की और जिम्मेदार लोगों की जानकारी देने वालों को इनाम देने की घोषणा की। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि एयर बेस के पास किसी चीज के फटने की तेज आवाज आई।

घटना के बाद आसपास के कई इमारतों और स्कूलों को खाली करा लिया गया है। साथ ही मेयर ने शहर में बड़े ट्रकों की एंट्री पर रोक लगाने की घोषणा की है।

रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने विस्फोट को 'आतंकवादी हमला' बताया और इसके लिए 'नार्को कार्टेल (ड्रग्स तस्करी करने वाला गिरोह) ग्रुप गल्फ क्लान' को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, राष्ट्रपति और सैन्य नेतृत्व ने नागरिकों की सुरक्षा के लिए आज एक विशेष बैठक बुलाई है।

कोलंबिया में ड्रग्स की खेती, खासकर कोका की खेती होती है। कोलंबिया दुनिया का सबसे बड़ा कोकीन उत्पादक देश है, जो वैश्विक कोकीन आपूर्ति का लगभग 60-70% हिस्सा पैदा करता है।

कोकीन का पौधा कोलंबिया के दूरदराज और गरीब इलाकों जैसे नारीनो, काउका, पुटुमायो, और कैकेटा में बड़े पैमाने पर उगाया जाता है।

2023 में, कोलंबिया में कोका की खेती 2.5 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई, जो 2022 की तुलना में 10% अधिक है।

कोलंबिया के ग्रामीण इलाकों में गरीबी, बुनियादी ढांचे की कमी और सरकारी उपस्थिति का अभाव कोका की खेती को बढ़ावा देता है। यह स्थानीय किसानों के लिए एक स्थिर आय का माध्यम है, क्योंकि कोका की फसल दूसरी पारंपरिक फसलों (जैसे कॉफी) की तुलना में ज्यादा लाभकारी और कम मेहनत वाली होती है।

# ट्रम्प के सलाहकार बोले-भारत रूसी तेल खरीद मुनाफाखोरी कर रहा

## इंडियन कंपनी अमेरिकी पैसे से तेल खरीद ऊंचे दाम पर बेचती है, इसलिए टैरिफ जरूरी

वॉशिंगटन, 22 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो ने भारत पर रूस से तेल खरीदकर मुनाफाखोरी का आरोप लगाया है। नवारो ने गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि भारत सस्ते दाम पर रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है, इंडियन कंपनियां उसे रिफाइन कर महंगे दाम पर दुनिया में बेच रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे रूस को यूक्रेन जंग के लिए पैसा मिल रहा है, जबकि भारत मुनाफा कमा रहा है।

उन्होंने कहा कि वे हमें सामान बेचकर मिलने वाले पैसे से रूसी तेल खरीदते हैं, जिससे तेल कंपनियां खूब पैसा कमाती हैं। इसलिए, टैरिफ लगाना जरूरी है।



हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि जंग की शांति का रास्ता भारत से होकर जाता है। नवारो ने कहा,

**रूसी तेल खरीदने से भारत पर एक्स्ट्रा 25% टैरिफ**

ट्रम्प ने रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर 25% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है, 27 अगस्त से लागू होगा। इससे पहले ट्रम्प जुलाई में भारत पर 25% टैरिफ लगा चुके हैं, जिससे आने वाले दिनों में भारतीय सामान के आयात पर अमेरिका में 50% टैरिफ देना होगा।

मशहूर अर्थशास्त्री जेफ्री सैक्स ने अमेरिका के भारत पर भारी टैरिफ लगाने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने कहा है कि यह फैसला अमेरिकी विदेश नीति के लिए नुकसान भरा है।

इससे पहले अमेरिका की पूर्व राजदूत निक्की हेली ने चेतावनी दी थी कि अगर अमेरिका-भारत रिश्तों में आई गिरावट को नहीं रोका गया तो यह रणनीतिक गलती होगी।

हेली ने चेताया कि अगर भरोसा टूटा तो 25 साल की मेहनत खराब होगी। उन्होंने कहा कि भारत को लोकतांत्रिक और अहम साझेदार मानना जरूरी है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर पर दर्ज हुआ हत्या का केस

न्यूयॉर्क, 22 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में हुए एक भीषण सड़क हादसे के बाद भारतीय मूल के ट्रक ड्राइवर पर वाहन से हत्या का मामला दर्ज हुआ है। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक आरोपी ट्रक ड्राइवर का नाम हरजिंदर सिंह है। उस पर आरोप है कि उसने फ्लोरिडा की व्यस्त हाईवे पर गलत तरीके से ट्रक मोड़ा, जिससे सामने से आ रही मिनीवैन उससे टकरा गई। वैन में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक 12 अगस्त को फ्लोरिडा की हाईवे पर हरजिंदर सिंह अपने बड़े ट्रेलर ट्रक को चला रहे थे। इस दौरान उन्होंने हाईवे पर केवल आधिकारिक उपयोग वाले रास्ते से अचानक यू-टर्न लिया।

# इजराइल ने गाजा सिटी को तबाह करने की धमकी दी

## कहा- राफा शहर की तरह मलबे में बदल देंगे, जंग रोकने के लिए 5 शर्तें रखीं

तेल अवीव, 22 अगस्त (एजेंसियां)। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने शुक्रवार को गाजा सिटी को पूरी तरह तबाह करने की धमकी दी। काट्ज ने कहा, 'अगर हमास इजराइल की शर्तें नहीं मानेगा तो उसे अंजाम भुगतना होगा।'

यह बयान ऐसे समय में आया जब एक दिन पहले काट्ज ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए सेना को अनुमति दी थी।

काट्ज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा- गाजा का हाल राफा और बैत हनून शहरों जैसा हो सकता है, जो मलबे में तब्दील चुके हैं। ठीक जैसा मैंने वादा किया था।

दरअसल, इजराइल ने जंग खत्म करने के बदले सभी कैदियों की एक साथ रिहाई और हमास के पूरी तरह से हथियार डालने समेत 5 शर्तें रखी थी। गाजा में ऐसा ऑप्शनल नागरिक प्रशासन बनाना, जो न तो हमास हो और न ही फिलिस्तीनी प्राधिकरण।

इजराइल में बंधकों के परिवारों ने सभी बंधकों की वापसी और गाजा में जंग को खत्म करने की मांग के लिए 17 अगस्त को तेल अवीव में प्रदर्शन किया था। इजराइल में बंधकों के परिवारों ने सभी बंधकों की वापसी और गाजा



में जंग को खत्म करने की मांग के लिए 17 अगस्त को तेल अवीव में प्रदर्शन किया था। हमास आधे बंधकों को छोड़ने की शर्त पर सीजफायर करने को राजी

हमास ने इजराइल की सभी शर्तों को मानने के बजाय 18 अगस्त को गाजा में सीजफायर और दो चरणों में इजराइली बंधकों की रिहाई के समझौते पर सहमति जताई थी। अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता के बाद यह प्रस्ताव अमेरिकी दूत स्टीव विटकॉफ ने जून में पेश किया था।

हमास के जवाब पर काट्ज ने 20 अगस्त को गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी। इसके लिए, उन्होंने करीब 60 हजार एक्स्ट्रा सैनिकों (रिजर्व फोर्स) को ड्यूटी पर बुलाने का भी आदेश दिया। इजराइल ने गाजा सिटी पर कब्जे के लिए 1.30 लाख सैनिकों को मोर्चे पर तैनात करने का फैसला किया है। सैनिकों को ड्यूटी जॉइन करने से कम से कम 2 हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितंबर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाएंगे। दूसरी खेप नवंबर-दिसंबर में और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। गाजा सिटी पर कब्जे के इस अभियान को गिदोन'स चेरिएट्स-बी नाम दिया गया है।

इस दौरान पहले से ड्यूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा 30-40 दिन और बढ़ा दी जाएगी।

इस कार्रवाई में 5 आर्मी डिवीजन शामिल रहेंगे। इसमें 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट शामिल होंगी। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नॉर्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा लेंगी।

इजराइली सेना ने बताया है कि गाजा सिटी पर कब्जे की तैयारी शुरू हो चुकी है। अभी गाजा सिटी के बाहरी इलाकों में ऑपरेशन चल रहा है। जैतून इलाके में नहल और 7वीं आर्मर्ड ब्रिगेड ऑपरेशन चला रही है। वहीं एक दूसरे इलाके, जबालिया में गिवाती ब्रिगेड कफ्र ऑपरेशन को अंजाम दे रही है।

यह अभियान कई स्टेप में चलेगा। सबसे पहले नागरिकों को गाजा सिटी खाली करने का नोटिस मिलेगा। इसके लिए अंतिम तारीख 7 अक्टूबर 2025 तय की गई है। इसके बाद सेना शहर को चारों तरफ से घेरकर अंदर बढ़ेगी।


# पाकिस्तान में 6 लाख मस्जिद तो फैक्ट्री सिर्फ 23,000

## पहले इकोनॉमिक सेंसस में बड़ा खुलासा, यूनिवर्सिटी की संख्या करेगी हैरान

इस्लामाबाद, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान में मस्जिदें 6,00,000 से ज्यादा हैं, वहीं फैक्ट्री और कारखानों की संख्या 23,000 पर ही सिमट जाती है। पाकिस्तान के इकोनॉमिक सेंसस से जानकारी सामने आई है। यह देश का पहला सर्वे है, जो दिखाता है कि पाकिस्तान ने आर्थिक विकास से ज्यादा ध्यान धार्मिक गतिविधियों पर दिया है। सेंसस के सामने आने के बाद कई एक्सपर्ट ने इसका संबंध पाकिस्तान की खराब आर्थिक हालत से जोड़ा है।

रिपोर्ट से पता चला है कि पंजाब और कराची में आर्थिक प्रतिष्ठानों और कार्यबल दोनों सबसे ज्यादा हैं। इसमें बताया गया कि पाकिस्तान में 6,00,000 मस्जिदें और 36,000 से ज्यादा धार्मिक मदरसे हैं। इनमें से ज्यादातर पंजाब में हैं। वहीं 6,43,000 छोटी उत्पादन इकाइयों के अलावा केवल 23,000 कारखाने ही देश में हैं।

सेंसस के पता चलता है कि



पाकिस्तान में कुल 4 करोड़ स्थायी इकाइयों में से 72 लाख रोजगार ढांचे ऐसे थे, जहां 2023 तक 2.54 करोड़ लोग काम कर रहे थे। कुल 2.54 करोड़ कार्यबल में सेवाओं सबसे बड़ा हिस्सा सेवा क्षेत्र में कार्यरत है, जो 45% या 1.13 करोड़ है। इसके बाद सामाजिक क्षेत्र का स्थान है, जहां 30% या 7.6 करोड़ कर्मचारी कार्यरत हैं।

पंजाब में सबसे बड़ा कार्यबल है, जहां 1.36 करोड़ कर्मचारी कार्यरत हैं, जो उत्पादन और सेवा दोनों क्षेत्रों में अग्रणी है। सिंध में 5.7 करोड़, खैबर पख्तूनख्वा में 40 लाख और बलूचिस्तान में केवल 1.4 मिलियन कर्मचारी कार्यरत हैं। रिपोर्ट से पता चला है कि पाकिस्तान में अधिकांश व्यवसाय छोटे पैमाने के हैं, जिनमें केवल कुछ ही लोग कार्यरत हैं।

**अस्पताल, होटल, दुकानें**

रिपोर्ट में बताया गया है कि 7.1 करोड़ आर्थिक ढांचे 1 से 50 लोगों को रोजगार देते हैं। 51 से 250 लोगों को रोजगार देने वाली फर्मों की संख्या मात्र 35,351 है। देश में केवल 7,086 इकाइयां ऐसी हैं जो 250 से अधिक लोगों को रोजगार देती हैं। सेंसस में जिन 72 लाख प्रतिष्ठानों को जियो-टैग किया गया है। उनमें से प्रमुख वर्गीकरणों में 27 लाख खुदरा दुकानें, 188,000 थोक दुकानें, 256,000 होटल और 119,000 अस्पताल शामिल हैं। इसके अलावा, 242,000 स्कूल, 11,568 कॉलेज, 214 विश्वविद्यालय और 19,645 बैंक भी शामिल हैं।

देश में कुल 242,616 स्कूल हैं, जिनमें से अधिकांश सरकारी हैं, और 11,568 कॉलेज हैं। देश में 214 विश्वविद्यालय, 36,331 मदरसे और 119,789 अस्पताल हैं, जिनमें से अधिकांश निजी क्षेत्र के हैं। पाकिस्तान में अधिकांश संरचनाएं पंजाब में हैं, जहां कुल इमारतों का 58% हिस्सा है। सिंध में 20% और उसके बाद खैबर पख्तूनख्वा में 15% है।

# म्यांमार के रोहिंग्या मुस्लिमों ने बांग्लादेश में बनाया नया मोर्चा

## अराकान आर्मी के हमलों के बीच अहम फैसला, टेंशन में यूनुस

ढाका, 22 अगस्त (एजेंसियां)। म्यांमार में हिंसा के बाद भागने के मजबूर हुए रोहिंग्या मुस्लिम कई वर्षों से बांग्लादेश में रह रहे हैं। खासतौर से कॉक्स बाजार जिले के शिविर में लाखों की संख्या में रोहिंग्या हैं। कॉक्स बाजार के रोहिंग्या शरणार्थी खुद को राजनीतिक तौर पर संगठित करने पर ध्यान दे रहे हैं। कॉक्स बाजार के हजारों रोहिंग्या शरणार्थियों ने एक नए संयुक्त मोर्चे- रोहिंग्या शांति एवं प्रत्यावर्तन समिति (आरसीपीआर) का गठन किया है। आरसीपीआर को अराकान रोहिंग्या साल्वेशन आर्मी (एआरएसए) और रोहिंग्या सॉलिडेरिटी ऑर्गनाइजेशन (आरएसओ) से समर्थन मिल रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि आरसीपीआर अपने संगठन के अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के चुनाव के लिए चुनाव आयोजित करेगा। बांग्लादेश की सरकार का भी रोहिंग्याओं की ओर ध्यान है।

कॉक्स बाजार का घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब रोहिंग्या गुटों का म्यांमार के विद्रोही गुटों से टकराव बढ़ रहा है। अराकान आर्मी की एआरएसए और आरएसओ के लड़ाकों के साथ गोलीबारी की घटनाएं बढ़ रही हैं। कहा जा रहा है कि रोहिंग्या गुट बांग्लादेशी सेना खुफिया महानिदेशालय के समर्थन से हमले कर रहे हैं।

इसी हफ्ते 20 अगस्त को रखाइन राज्य के मौंगडॉ कस्बे के क्यूं पौक प्यू सू में रोहिंग्या इस्लामी महाज (आरआईएम) कार्यकर्ताओं और अराकान आर्मी के सैनिकों के बीच भीषण गोलीबारी की खबरें सामने आई हैं। अराकान आर्मी के लड़ाकों के आरआईएम लड़ाकों पर काबू पाने का भी दावा किया गया है। उनको हथियारों के अलावा यूनिसेफ बैग मिले। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के हेड मोहम्मद यूनुस इस महीने की शुरुआत में मलेशिया में आसियान देशों के प्रतिनिधियों की बैठक में शामिल हुए थे। यहां निर्णय यह लिया गया कि रोहिंग्याओं की स्वदेश वापसी के तरीके और साधन विकसित करने के लिए म्यांमार के सैन्य शासन के साथ परामर्श किया जाएगा। बांग्लादेश के एनएसए खलीलुर्रहमान अगले महीने न्यूयॉर्क में कॉक्स बाजार के शिविरों में रह रहे 16 लाख रोहिंग्या शरणार्थियों की स्वदेश वापसी के प्रभावी तरीके खोजने के लिए हो रही बैठक में शामिल होने जा रहे हैं। रहमान रोहिंग्या मुद्दे पर बांग्लादेश के उच्च प्रतिनिधि के रूप में भी कार्यरत हैं।



# भारत के साथ डबल गेम खेल रहा है चीन!

## रिश्तों में सुधार के बीच वापस बुलाए अपने 300 इंजीनियर



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। चीन भारत के साथ डबल गेम खेल रहा है। उसने भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट्स, फर्टिलाइजर्स और फार्मास्यूटिकल्स की सप्लाई फिर से शुरू करने की बात कही है। भारत सीमा पर तनाव कम करने के लिए चीन के एक पुराने प्रस्ताव पर सहमत हो गया है। साथ ही दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें और कारोबारी रिश्ते फिर से शुरू हो रहे हैं। भारत चीन के कारोबारियों के लिए वीजा नियमों को भी आसान कर सकता है। लेकिन दूसरी ओर चीन भारत को आगे बढ़ने से रोकने के लिए अपने इंजीनियरों को वापस बुला रहा है। हाल में खबर आई थी कि ऐपल अमेरिकी बाजार के लिए आईफोन 17 के सभी मॉडल भारत में बनाएगी। इस बात से अमेरिका बुरी तरह चिढ़ा हुआ है। उसने एक बार फिर अपने करीब 300 इंजीनियरों को वापस बुला लिया है। ऐपल के लिए सबसे ज्यादा आईफोन बनाने वाली ताइवान की कंपनी फॉक्सकॉन की एक सहायक कंपनी यूजान टेक्नोलॉजी ने भारत में काम कर रहे लगभग 300 चीनी इंजीनियरों को वापस बुला लिया है।सूत्रों के अनुसार यह दूसरी बार है जब फॉक्सकॉन ग्रुप को ऐसा करना पड़ा है। यह ऐसे समय पर हो रहा है जब भारत और चीन के रिश्तों में कुछ सुधार देखने को मिल रहा है। इससे पहले पहले 2 जुलाई को खबर आई थी कि फॉक्सकॉन को भारत में आईफोन बनाने वाली अपनी फैक्ट्रियों से लगभग 300 चीनी इंजीनियरों और तकनीशियनों को वापस बुलाना पड़ा था।यूजान टेक्नोलॉजी तमिलनाडु में 13,180 करोड़ रुपये की लागत से डिस्प्ले मॉड्यूल असेंबली यूनिट लगा रही है। फॉक्सकॉन ने मई में शेयर बाजार को बताया था कि वह अपनी यूजान यूनिट में 1.5 बिलियन डॉलर का निवेश करेगी। कंपनी चीन से आईफोन का उत्पादन कम करके दूसरे देशों में ले जा रही है। अमेरिका और चीन के बीच कई साल से ट्रेड वॉर चल रहा है। साथ ही बहुराष्ट्रीय कंपनियां चाइना प्लस वन की पॉलिसी पर काम कर रही हैं।हाल के हफ्तों में चीन और भारत के बीच रिश्तों में कुछ सुधार हुआ है। अमेरिका इन दोनों पर ट्रेड और टैरिफ को लेकर दबाव बना रहा है जिसके चलते दोनों देश करीब आ रहे हैं। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक सूत्र ने बताया कि फॉक्सकॉन ने सरकार को बताया है कि यूजान टेक्नोलॉजी जिन चीनी कर्मचारियों को भारत में कंपोनेंट बनाने का काम शुरू करने और फैक्ट्री लगाने के लिए लाई थी, उन्हें तुरंत वापस भेजने के लिए कहा गया है। सूत्र ने आगे कहा कि कंपनी का कहना है कि उसे 300 इंजीनियरों को वापस भेजना पड़ा है। साथ ही 60 और इंजीनियर भारत आने वाले थे लेकिन उन्हें अभी आने के लिए मना कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार चीन ने फॉक्सकॉन के चेयरमैन यंग लियू को भारत में कंपनी के निवेश पर एक रिपोर्ट लिखने के लिए भी कहा है। इस मामले पर ऐपल, फॉक्सकॉन और इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मिनिस्ट्री से सवाल पूछे गए थे, लेकिन गुरुवार तक कोई जवाब नहीं मिला।

# एयरपोर्ट जैसी होगी रेलवे की लगेज पॉलिसी?

## जानिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने क्या कहा



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। हाल ही में कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया कि भारतीय रेलवे देश के प्रमुख स्टेशनों पर सामान (लगेज) को लेकर एक नई पॉलिसी लागू करने जा रही है. खबरों में कहा गया कि यह नई नीति एयर पोर्ट्स की तरह सख्त होगी और यात्रियों को तय सीमा से ज्यादा सामान ले जाने पर अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा. साथ ही कुछ रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया कि रेलवे इस बदलाव से स्टेशनों की आमदनी बढ़ाने की कोशिश कर रही है. रेलवे सिर्फ यात्रा का साधन नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता की जिंदगी का अहम हिस्सा है. आइए जानते हैं रेल मंत्री ने लगेज पॉलिसी की खबरों को लेकर क्या जानकारी दी है.

**क्या लगेज पॉलिसी में होगा बदलाव?**

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इन सभी खबरों को पूरी तरह गलत और फर्जी बताया है. एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा कि रेलवे में सामान से जुड़े जो नियम बताए जा रहे हैं वो कोई नई बात नहीं है. ये नियम दशकों से लागू हैं, लेकिन किसी ने पुराने नियमों को ही नई पॉलिसी की तरह पेश कर दिया.भारतीय रेलवे हर यात्री को उसकी यात्रा श्रेणी के अनुसार मुफ्त में कुछ सामान ले जाने की अनुमति देता है. एसी फर्स्ट क्लास के यात्री 70 किलो तक सामान मुफ्त ले जा सकते हैं. इसके अलावा 15 किलो अतिरिक्त सामान का मार्जिनल अलाउंस है. एसी सेकंड क्लास और फर्स्ट क्लास स्लीपर यात्रियों को 50 किलो का फ्री अलाउंस मिलता है और अधिकतम सीमा 100 किलो है. एसी थर्ड क्लास, स्लीपर क्लास, और चेयर कार में 40 किलो तक सामान मुफ्त है और 10 किलो अतिरिक्त अलाउंस है. इसके अलावा जनरल क्लास के यात्रियों को 35 किलो तक का सामान बिना किसी शुल्क के ले जाने की अनुमति है.अगर कोई यात्री तय सीमा से ज़्यादा सामान लेकर चलता है, तो उसे अतिरिक्त शुल्क देना पड़ सकता है. ये जुर्माना उस अतिरिक्त वजन पर लगाया जाता है और यह आमतौर पर टिकट दर से 1.5 गुना तक हो सकता है. लेकिन यह ध्यान देने वाली बात है कि यह नियम नया नहीं है, बल्कि बहुत पुराने से लागू है.

# छह दिन की तेजी के बाद बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 693 अंक टूटा, निफ्टी 24900 के नीचे

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। छह दिन की तेजी के बाद शेयर बाजार में ब्रेक लग गया। शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिली। निवेशकों का ध्यान जैक्सन होल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के आगामी वक्तव्यों की ओर भी गया। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से रुपया 27 पैसे गिरकर 87.52 (अनंतिम) पर बंद हुआ। हालांकि, विदेशी फंडों के प्रवाह और ब्रेंट क्रूड की कीमतों में गिरावट से घरेलू इकाई को निचले स्तर पर समर्थन मिला। बेंचमार्क सेंसेक्स और निफ्टी में करीब एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 693.86 अंक या 0.85 प्रतिशत गिरकर 81,306.85 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान यह 708.94 अंक या 0.86 प्रतिशत गिरकर 81,291.77 अंक पर आ गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 213.25 अंक या 0.85 प्रतिशत गिरकर 24,870.50 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा स्टील, आईटीसी, एचसीएल टेक, कोटक महिंद्रा बैंक, अडानी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से गिरावट में रहे। वहीं महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और सन फार्मा लाभ में रहे। अपोलो हॉस्पिटल्स के शेयरों को 1,489 करोड़ के ब्लॉक डील में बेचा गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार लगभग 19 लाख शेयर 7,850 प्रति शेयर के न्यूनतम मूल्य पर बेचे गए। यह मूल्य गुरुवार के बंद भाव से लगभग 1% कम है। शुक्रवार को बीएसई पर अपोलो के शेयर 0.05 प्रतिशत या 4.35 रुपये गिरकर 7920.75 रुपये पर बंद हुए। एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 सूचकांक, शंघाई का एसएसई कम्पोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार मध्य सत्र में हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार गिरावट के साथ बंद हुए।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत गिरकर 67.52 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 1,246.51 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। गुरुवार को सेंसेक्स 142.87 अंक या 0.17 प्रतिशत चढ़कर 82,000.71 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 33.20 अंक या 0.13 प्रतिशत बढ़कर 25,083.75 पर बंद हुआ।

# नाच-नाच कर शेयर ट्रेडिंग की क्लास लेने वाले फाइनेंशियल इंफ्लूएंसर अवधूत साठे पर सेबी का शिकंजा



मुंबई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। पुणे के मशहूर फाइनेंशियल इंफ्लूएंसर अवधूत साठे पर प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने एक बड़ी कार्रवाई की है। शेयर बाजार के नियामक एसईबीआई ने शहर के 'फिनफ्लूएंसर' के ठिकाने पर छापा मारा है। इस फिनफ्लूएंसर का नाम अवधूत साठे है। अवधूत साठे के यूट्यूब पर नौ लाख से ज़्यादा सब्सक्राइबर हैं। शेयर बाजार नियामक एसईबीआई को शिकायत मिली थी कि साठे पेनी स्टॉक्स के नाम पर कुछ ऐसे शेयरों को बढ़ावा दे रहे थे, जिनमें ज़्यादा जोखिम होता है। इसके बाद एसईबीआई ने यह कार्रवाई की। मीडिया में आई रिपोर्ट के अनुसार, एसईबीआई ने 20 अगस्त को साठे के कर्जत स्थित ट्रेडिंग एकेडमी पर छापा मारा। इस एकेडमी का नाम अवधूत साठे ट्रेडिंग एकेडमी है। एसईबीआई के अधिकारियों ने एकेडमी से डिजिटल डिइसेज और ट्रेडिंग डेटा जब्त किया है। एसईबीआई को शिकायत मिली थी कि साठे अपनी ट्रेनिंग क्लास में कुछ ऐसे 'पेनी स्टॉक' को बढ़ावा दे रहे थे, जिनमें काफ़ी रिस्क होता है। आरोप है कि साठे इन शेयरों को क्लास में उदाहरण के तौर पर पेश करते थे और छात्रों को इनमें निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उल्लेखनीय है कि पेनी स्टॉक बहुत ही कम कीमत वाले शेयर होते हैं, जिनमें रिस्क तो बहुत ज़्यादा होता है, पर उसमें मुनाफा भी खूब होता है। रिपोर्ट के मुताबिक, एसईबीआई की इस छापेमारी की तैयारी लंबे समय से चल रही थी। एसईबीआई के एक डिप्टी जनरल मैनेजर इस कार्रवाई का नेतृत्व कर रहे थे। पिछले कुछ महीनों में एसईबीआई ने उन फिनफ्लूएंसर और ट्रेडिंग कोच पर अपनी नज़रें कड़ी कर दी हैं, जो बिना रजिस्ट्रेशन के लोगों को शेयर बाजार में निवेश करने की सलाह दे रहे हैं। इनमें से कई लोग ऐसे कोर्स चलाते हैं, जिनमें निश्चित रिटर्न का वादा किया जाता है या बिना लाइसेंस के सलाह दी जाती है। साठे के ख़िलाफ़ कार्रवाई ऑनलाइन ट्रेडिंग सिखाने वाले लोगों के ख़िलाफ़ एसईबीआई की सबसे बड़ी कार्रवाई में से एक है। ईटीएनओडब्ल्यू के अनुसार, इस छापेमारी से पता चलता है कि एसईबीआई शेयर बाजार में गलत जानकारी देने वालों के ख़िलाफ़ और भी सख़्त कार्रवाई करेगा। 52 वर्षीय साठे भारत के जाने-माने ट्रेडिंग कोच हैं। वे टेक्निकल एनालिसिस को मज़ाकिया अंदाज़ में पेश करने के लिए जाने जाते हैं। टेक्निकल एनालिसिस एक ऐसी तकनीक है, जिसमें शेयरों के पुराने डेटा को देखकर यह अनुमान लगाया जाता है कि भविष्य में उनकी कीमत क्या होगी। साठे लेक्चर के बीच में ही नाचने लगते हैं और बड़े-बड़े स्क्रीन पर चार्ट दिखाते हैं। वे छात्रों को स्टेज पर बुलाकर उनके साथ डांस भी करते हैं। उन्होंने अब तक 18,000 से ज़्यादा लोगों को ट्रेनिंग दी है। इनमें से ज़्यादातर लोग मध्यम वर्ग के परिवारों से हैं। साठे हिंदी, मराठी और अंग्रेजी में कोर्स कराते हैं। साठे एक प्रोफेशनल इंजीनियर हैं। हालांकि, उन्हें शेयर बाजार में ट्रेडिंग का बहुत शौक है। वे ट्रेडिंग को एक आजीविका और राष्ट्रीय गौरव दोनों के रूप में देखते हैं। उनका कहना है कि वैश्विक वित्तीय प्रणाली एक युद्ध का मैदान है। उन्होंने 'द इकोनॉमिक टाइम्स' को बताया था, जानकारी के क्षेत्र में वित्तीय युद्ध लड़े जा रहे हैं, जहां ट्रेडिंग किसी का सबसे बड़ा हथियार हो सकता है। साठे का बचपन मुंबई के एक चॉल में बीता है।

# कमजोर मांग के बीच सोना हुआ सस्ता क्या हैं सर्राफा बाजार में आज के भाव

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। कमजोर वैश्विक मांग के बीच शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में सोने का भाव 250 रुपये गिरकर 1,00,370 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 150 रुपये गिरकर 1,00,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमतें 1,000 रुपये बढ़कर 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने इसकी पुष्टि की है।

**वैश्विक स्तर पर गिरे सोने-चांदी के दाम**

वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,330.48 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। हाजिर चांदी भी 0.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 37.96 डॉलर प्रति औंस पर आ गयी।

**फेडरल रिजर्व की गतिविधियों पर टिकी है नजर**

ऑग्मोंट की शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा कि सोने और चांदी की कीमतें सीमित दायरे में बनी हुई हैं। व्यापारी जैक्सन होल संगोष्ठी में अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल के भाषण की प्रत्याशा में महत्वपूर्ण उतार-चढ़ाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। यह मौद्रिक नीति के रुख की दिशा के बारे में संकेत दे सकता है। मिराए एसेट शेयरखान के कमोडिटीज एवं करेंसी प्रमुख प्रवीण सिंह के अनुसार, सितंबर में ब्याज दर में कटौती की पूरी संभावना है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर मिले-जुले संकेतों के कारण फेड चेयरमैन पॉवेल इसे आंकड़ों पर निर्भर बना सकते हैं।

# अमेरिका-चीन तनाव के बीच जेन्सेन हुआंग ताइवान में

## टीएसएमसी के साथ चिप निर्माण के लिए नई साझेदारी पर चर्चा



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)।एनवीडिया प्रमुख जेन्सेन हुआंग ने इस साल तीसरी बार ताइवान के दौरे पर हैं। उन्होंने वहां ताइव सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी) के अधिकारियों से मुलाकात की। यह दौरा उस समय हुआ जब अमेरिका और चीन के बीच एआई चिप्स के लेन-देन को लेकर तनाव बढ़ा हुआ है।

**हुआंग ने बताया बातचीत का उद्देश्य**

हुआंग ने बताया कि यह मुलाकात एनवीडिया के नवीनतम विकास की समीक्षा के लिए है। उम्मीद है कि यह बातचीत कंपनी के नए वर्चुअल रियलिटी-संबंधित चिप्स और स्पेक्ट्रस-एक्स फोनिक्स स्विच सहित आगामी उत्पादों पर केंद्रित होगी।

उन्होंने कहा कि टीएसएमसी मानवता के इतिहास की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है।

**हुआंग का यह दौरा क्यों है अहम?**

एनवीडिया ताइवानी चिप निर्माता के साथ छह नए चिप्स पर सहयोग कर रही है। इनमें एक ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) और एनवीडिया के अगली पीढ़ी के रुबिन-आर्किटेक्चर सुपरकंप्यूटरों के लिए एक सिलिकॉन फोटोनिक्स प्रोसेसर शामिल है। साथ ही एक सेंट्रल प्रोसेसिंग यूनिट (सीपीयू) और स्विच उत्पादन के लिए डिजाइन किए गए एनवीलिंक चिप्स भी शामिल हैं।

**टीएसएमसी को कई देशों से मिली सहायता**

इस महीने की शुरुआत में, टीएसएमसी को कई देशों में प्रमुख सरकारी सहायता मिलती रही। फोकस ताइवान की एक अलग रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी को 2025 की पहली छमाही के दौरान अमेरिका, जर्मनी, जापान और चीन से कुल 2.23 अरब डॉलर की सब्सिडी प्राप्त हुई। रिपोर्ट में बताया गया है कि टीएसएमसी को इस वर्ष की पहली तिमाही में 1.17 अरब डॉलर और दूसरी तिमाही में 1.06 अरब डॉलर की सहायता प्राप्त हुई। 2024 में प्राप्त 2.49 अरब डॉलर को मिलाकर, कंपनी ने पिछले 18 महीनों में चारों सरकारों से 4.7 अरब की सहायता प्राप्त की है।

**एरिजोना में टीएसएमसी के तीन उन्नत सेमीकंडक्टर संयंत्रों का हो रहा विस्तार**

अमेरिका में, टीएसएमसी की एरिजोना स्थित सहायक कंपनी 65 अरब डॉलर मूल्य के तीन उन्नत सेमीकंडक्टर संयंत्रों के साथ तेजी से विस्तार कर रही है। पहले प्लांट में 4-नैनोमीटर तकनीक का उपयोग करके 2024 के अंत में बड़े पैमाने पर उत्पादन शुरू हो जाएगा। दूसरे प्लांट का निर्माण पूरा हो चुका है और जल्द ही 3-नैनोमीटर चिप्स का उपयोग करके उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। तीसरे प्लांट पर भी काम चल रहा है, जहां कंपनी की अत्याधुनिक 2-नैनोमीटर और ए16 प्रक्रिया तकनीकें काम करेंगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 1.4 अरब बढ़कर 695.1 अरब डॉलर हुआ, आरबीआई ने जारी किए आंकड़े



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.488 अरब डॉलर बढ़कर 695.106 अरब डॉलर हो गया। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में समग्र भंडार 4.747 बिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 693.618 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया था।

आंकड़ों के अनुसार, 15 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.924 अरब डॉलर बढ़कर 585.903 अरब डॉलर हो गईं। विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की डॉलर की तुलना में मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है।आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 493 मिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 85.667 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 41 मिलियन अमरीकी डॉलर बढ़कर 18.782 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गए। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ में भारत की आरक्षित स्थिति 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 4.754 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गई।

# आरबीआई के केंद्रीय बोर्ड की बैठक हुई

## वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य का किया गया आकलन

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड ने शुक्रवार को भू-राजनीतिक और वित्तीय बाजार से जुड़े घटनाक्रम और चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान उभरते वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य का आकलन भी किया गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने एक बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 618वीं बैठक शुक्रवार को गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई। बोर्ड ने आरबीआई के चुनिंदा केंद्रीय कार्यालय विभागों और केंद्रीय बोर्ड की समितियों और लोकपाल योजना के कामकाज की भी समीक्षा की। आरबीआई ने कहा, बोर्ड ने कार्यकारी निदेशक इंद्रनील भट्टाचार्य को मौद्रिक नीति समिति के पदेन सदस्य के रूप में नामित करने को मंजूरी दे दी है। बैठक में उप-राज्यपाल एम राजेश्वर राव, टी रबी शंकर, स्वामीनाथन जे और पूनम गुप्ता शामिल हुए।

# मुंबई के जीएसबी सेवा मंडल को गणेश उत्सव के लिए 474.46 करोड़ रुपये का बीमा कवर मिला



मुंबई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। के प्रसिद्ध सामुदायिक गणेश संघ जीएसबी सेवा मंडल ने इस वर्ष अपने पांच दिवसीय गणपति उत्सव के लिए 474.46 करोड़ रुपये का बीमा कवर हासिल किया है। पिछले वर्ष मंडल के पास 400.58 करोड़ रुपये का बीमा कवर था। सायन के किंग्स सर्किल में आयोजित यह उत्सव 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी के साथ शुरू होगा और पांच दिनों तक चलेगा।जीएसबी सेवा मंडल के अध्यक्ष अमित पई ने एक बयान में कहा, गणेश की मूर्ति को 69 किलोग्राम से अधिक सोने के आभूषणों, 336 किलोग्राम से अधिक चांदी और भक्तों द्वारा दान की गई अन्य कीमती वस्तुओं से सजाया गया है। उन्होंने कहा कि देश का सबसे अमीर गणेश मंडल होने का दावा करने वाला यह मंडल इस बार अपना 71वां गणेशोत्सव मनाएगा।बयान में कहा गया है कि कुल कवर में से 67.03 करोड़ रुपये सोने, चांदी और अन्य आभूषणों के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसमें कहा गया है कि 375 करोड़ रुपये स्वयंसेवकों, रसोइयों, पुजारियों, फुटवियर स्टॉल कर्मचारियों, सेवकों और सुरक्षा गार्डों के लिए व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा से संबंधित हैं, जबकि 30 करोड़ रुपये सार्वजनिक देवता के लिए हैं, जिसमें पंडाल, स्टेडियम और श्रद्धालु शामिल हैं। इस पॉलिसी में आयोजन स्थल पर फर्नीचर, फिक्सचर, डिजिटल परिसंपत्तियों और अन्य सामग्रियों के लिए मानक अग्नि और विशेष जोखिम कवर भी शामिल है।

# दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**





शरद

पूर्व - अदरक खाकर घर से निकले

अमावस्या 11-36 तक उपरान्त शुक्ल प्रतिपदा

भाद्रपद कृष्ण ,शनिवार 23 August

मघा 00-54 तक उपरान्त पूर्वाफाल्गुनी

परिघ 13-19 तक शिव

चतुष्पाद 11-36 तक उप किंस्तुघ्न

देवकार्ये शनैश्चरी अमावस्या सती पूजा

कुशोत्पाटिनी पिठोरी अमावस्या

| | |
|---|---|
| सिंह | 05-38 बजे |
| कन्या | 07-45 बजे |
| तुला | 09-51 बजे |
| वृश्चिक | 12-01 बजे |
| धनु | 14-14 बजे |
| मकर | 16-21 बजे |
| कुंभ | 18-11 बजे |
| मीन | 19-49 बजे |
| मेष | 21-25 बजे |
| वृष | 23-10 बजे |
| मिथुन | 01-10 बजे |
| कर्क | 03-23 बजे |

**राहुकाल** 09-10 से 10-44 तक

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710**

| दिन का चौघडिया | | | रात का चौघडिया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 06-04 - 07-36 | शुभ | लाभ | 18-32 - 20-01 | शुभ |
| शुभ | 07-36 - 09-10 | अशुभ | उत्पात | 20-01 - 21-27 | अशुभ |
| रोग।। | 09-10 - 10-44 | अशुभ | शुभ | 21-27 - 22-53 | शुभ |
| उत्पात | 10-44 - 12-19 | शुभ | अमृत | 22-53 - 00-19 | शुभ |
| चंचल | 12-19 - 13-53 | शुभ | चंचल | 00-19 - 01-44 | शुभ |
| लाभ | 13-53 - 15-27 | शुभ | रोग | 01-44 - 03-10 | अशुभ |
| अमृत | 15-27 - 17-01 | अशुभ | काल | 03-10 - 04-35 | अशुभ |
| काल | 17-01 - 18-32 | शुभ | लाभ | 04-35 - 06-04 | शुभ |

# आपका राशिफल

**मेष** (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ,)
घर पर पवित्रता का वातावरण बना रहेगा और चिंताएं नही रहेंगी । इसीलिए अपने परिवार के साथ रहें और खुशियाँ बाँटें ।आपको जीवन में निराशा से दो दो हाथ करने का नया तरीका निकलना होगा ,जो आपके भीतर कई कारणों से भरी हुई है । आपकी भीतरी शक्ति समाधान तलाशने में मदद करेगी ।

**वृष** (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)
कोई लगातार पूरी वफादारी,सहायता और समर्थन से आपके साथ बना हुआ है ,आज आपके पास इसका बदला उतारने और उसका साथ देने का एक मौका आएगा । आपको उसका साथ देने में एक मुश्किल स्थिति से भी गुजरना पद सकता है,पर अंतत इससे आपका रिश्ता मजबूत ही होगा । आपको दया और कृतज्ञता दिखाते हुए बहादुर बने रहना होगा ।

**मिथुन** (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह,)
आज का दिन भावनात्मक रहेगा ।आपको अपने अंतरतम की भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति भी आ सकती है आप को इससे थोडा सा डर रहेगा क्योंकि आपने इससे पहले ऐसा कभी नही किया है । लेकिन अगर आप ऐसा करेंगे तो आपको भावनात्मक संतुष्टि मिलेगी ।

**कर्क** (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो,)
आपने किसी परियोजना में अपना काफी समय और प्रयास लगाये हैं और आपको अब इसका फल मिलना शुरू हो जाएगा । दूरदृष्टि के साथ साथ आपके दृढ संकल्प और प्रयास भी रंग लाये हैं । आप कुछ नए बदलाव करना चाह रहे हैं ,लेकिन वित्तीय बाधाएं हैं । आज आप सीमित साधनों से ही इन कामों को पूरा करने के सृजनात्मक तरीके खोज लेंगे ।

**सिंह** (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे,)
आज का दिन नई शुरुआत के लिए बिलकुल सही है । आप अपने आपको पीछे धकेलने वाली चीजों से आज मुक्त महसूस करेंगे । किसी नए अवसर में जिंदगी बदलने की क्षमता है लेकिन आपको उसे समय रहते पकड़ना होगा । समय रहते लिया गया निर्णयात्मक फैसला आपके लिए काफी महत्वपूरण एवं लाभकारी बदलाव ला सकता है ।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आप उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं और आज आपको इसके लिए कई अच्छी संस्थाओं से प्रस्ताव भी मिलेंगे । छात्रवृति भी मिल सकती है । कोई आपका फायदा उठाने की ताक में है, प्रारम्भिक व्यवस्था करते हुए और सूचनाएं एकत्र करने में सावधान रहें । स्वस्थ परिसंचरण को बढ़ावा देने वाले खाद्य पदार्थों पर ध्यान।

**तुला** (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते,)
आप बहुत अच्छे निर्णायक हैं और सब चीजों का आसानी से विश्लेष्ण कर लेते हैं । आज आपको अपनी इस विशेषता के लिए खूब तारीफ मिलेगी । लोग अच्छी तरह काम करने के लिए आपकी और देखेंगे और आपसे सीखेंगे । आपको किसी खतरनाक जगह पर यात्रा करने की जरूरत सम्बन्धी सूचना मिलेगी । घबराएं नही,यह यात्रा छोटी सी होगी ।

**वृश्चिक** (तो, ना, नी, ने, नू, नो, या, यी, यू,)
आज आप हर किसी पर विश्वास करने के मूड में रहेंगे । इसका नुक्सान यह है की आप किसी ऐसे आदमी के साथ भी अपनी बाते साझी कर सकते हैं जो दिल से आपका भला नही चाहता । इसीलिए पहले इस आदमियो के बारे सही से छानबीन कर लें । अगर आप पिछले कुछ समय से कार्यस्थल या घर पर किसी की बातो से असहमत हैं तो आज दोस्ती का हाथ बढाने के लिए अच्छा समय है।

**धनु** (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
आपको खुद पर बहुत यकीन है लेकिन अति आत्मविश्वास और अधिकार जताने की प्रवृति से बचें । दूसरों पर अपनी राय थोपने की आदत से आज आपको नुक्सान उठाना पड़ सकता है । केवल सही होना ही काफी नही है,आपको इसक अभी ध्यान रखना होगा कि आप दूसरों को नाराज न करें ।

**मकर** (भो, ज, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी)
आज आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा । पहचान और इज्जत भी मिलेगी ।वित्तीय स्थिति बेहतर होगी,ऑफिस में तारीफ़ मिलेगी । वेतन में बढ़ोतरी भी संभव है । सेल्स क्षेत्र वाले लोग भी लक्ष्य हासिल क्र पायेंगे । आज अपने परिधान में नीला रंग शामिल करें । इससे सकारात्मक ऊर्जा मिलेगी ।

**कुंभ** (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)
आपको आज बहुत सारी गलत जानकारी प्राप्त होंगी| इसीलिए औरों की सुनने और मानने की बजाय अपने आप सोच समझकर फैसले लेना अधिक उपयुक्त रहेगा । अपने तरीके और अपने नजरिये के आधार पर देखेंगे तो बिलकुल ठीक फैसला ले पायेंगे ।आपकी बहु प्रतीक्षित छुट्टी जल्द ही मिलने वाली है ।

**मीन** (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)
आपका दिमाग आज बहुत सक्रिय है ,आप उर्जा और प्रेरणा से भरे हैं । आपके दिमाग में नयी योजनायें आती रहेंगी जिन्हें आप आसानी से कार्यान्वित भी कर पायेंगे। आपकी समस्या आज यही रहेगी की आपके दिमाग में आज लगातार नए विचारों की बाढ़ सी आती रहेगी ।आप अपने आसपास के सभी लोगों को भी अधिक प्रेरित कर पायेंगे ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**



## दोषमुक्त होने पर सरकारी कर्मचारी को जेल अवधि का वेतन मिलेगा

**हाईकोर्ट ने रेप के आरोप में बरी हुए कांस्टेबल को वेतन-परिलाभ देने के आदेश दिए**

जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। अगर कोई सरकारी कर्मचारी किसी अपराध में बरी हो जाता है तो उस कर्मचारी को जेल में बिताई गई अवधि का वेतन और समस्त परिलाभ देय होंगे। यह आदेश राजस्थान हाईकोर्ट ने कांस्टेबल हरभजन सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

जस्टिस आनंद शर्मा की एकलपीठ ने कॉन्स्टेबल के रेप और एससी-एसटी एक्ट के मामले में बरी होने पर उसके न्यायिक अभिरक्षा में बिताए गए करीब 2 साल का वेतन और समस्त परिलाभ देने का आदेश दिया। वहीं इस अवधि का अवैतनिक अवकाश मानने के विभाग के आदेश को भी रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता के एडवोकेट सुनील समदड़िया ने अदालत को बताया कि कॉन्स्टेबल को 21 अगस्त 2000 को गिरफ्तार किया गया। वहीं उसी दिन विभाग ने उसे निलंबित कर दिया। मामले में चार्जशीट फाइल होने के बाद ट्रायल कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनकर उसे 1 अगस्त 2002 को बरी कर दिया।

# बाबा रामदेवजी का मेला, 2 लाख श्रद्धालु रोजाना कर रहे दर्शन

*> कतारों के ऊपर से बनाई पुलिया; कंधे पर घोड़ा*

*> कमर से झांकी की गाड़ी बांधकर ला रहे भक्त*





रामदेवरा, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जैसलमेर के रावदेवरा भाद्रपद शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि यानी 25 अगस्त से 641वें भादवा मेले विधिवत तौर पर आगाज होगा। लेकिन, भाद्रपद महीना शुरू होने के साथ ही यानी 10 अगस्त से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा की समाधि के दर्शनों के लिए आना शुरू हो गए। अभी रोजाना दो लाख श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर रहे हैं।

बाबा के दर्शन के लिए कोई पैदल तो कोई दंडवत धोक लगाते आ रहा है। किसी ने कंधे पर बाबा को चढ़ाने के लिए घोड़ा लिया है तो किसी ने हाथों में बाबा की नेजा (ध्वजा) थाम रखी है। डीजे पर नाचते श्रद्धालु बाबा के जयकारें लगाते हुए रामदेवरा पहुंच रहे हैं। समाधि समिति की माने तो 7 सितंबर तक चलने वाले मेले में करीब 60 लाख लोगों के आने की उम्मीद है। मेले में राजस्थान के साथ गुजरात, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, असम, बंगाल समेत अन्य राज्यों से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। गुजरात के बड़ोदरा से पहली बार रामदेवरा समाधि के दर्शन करने आई श्रद्धालु ममता सिसोदिया ने कहा-मंदिर में दर्शनों के लिए की गई व्यवस्था बहुत अच्छी है, लेकिन अभी गर्मी बहुत है। बाबा से कोई मन्नत नहीं मांगी, बस बाबा के दर्शन की इच्छा थी, बाबा ने बुलाया और हम दर्शन के लिए आ गए।

भादवा मेले के दौरान पंजाब के फ़जलिका से आए 280 सेवादार मेले में सफाई व्यवस्था का जिम्मा संभाल रहे है। इन सेवादारों को संभालने वाले अनिल ने बताया- मैं पिछले 11 साल से यहां आ रहा हूं। ये 12वां साल है। पंचायत ने सफाई के लिए एक जोन ठेकेदार को दिया है। बाकी हम सेवादार संभाल रहे हैं। हम यहां दिन में 3 समय सुबह, दोपहर और शाम को सफाई कर रहे हैं। हमारे साथ जो सेवादार है उनमें आधे, पुरुष और आधी महिलाएं है। जो बुजुर्ग महिलाएं है उनको रामसरोवर पर लगाया हुआ है। जवान सेवादारों को लाइनों के पास, वीआईपी रोड और पोकरण रोड़ पर लगाया हुआ है। हम 10 दिन के लिए सेवा करने आते है।

### 1200 किलोमीटर दूर से पैदल चलकर आए भक्त

बाबा को कपड़े से बना घोड़ा चढ़ाने झालावाड़ से आए श्रद्धालु कैलाश (50) ने बताया-मैं 700 किलोमीटर पैदल चलकर रामदवेरा पहुंचा हूं। घोड़े का वजन मुझे याद नहीं है। बाबा से कोई मन्नत नहीं मांगी है, बस बाबा की समाधि के दर्शन करने आया हूं। उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर जिले के रोसला गांव से बाबा की झांकी सजी गाड़ी कमर से बांधकर लाए श्रद्धालु राकेश राजपूत ने बताया-हम 26 जुलाई को बाबा की दूज पर घर से चले थे। 22 दिन पैदल चलकर 1200 किलोमीटर की दूरी तय की है। मेरे साथ दो लोग और है। हमने कोई मन्नत नहीं मांगी है, बस बाबा के दर्शन करने है। बाबा की कृपा से पूरा सफर सही से गुजरा। पैरों में छाले जैसी कुछ भी चीज नहीं हुई।

# आरजीएचएस में घोटाले पर सरकार का बड़ा एक्शन

**> 5 डॉक्टर्स व 9 कार्मिक निलंबित**

जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान सरकार ने राज्य की प्रमुख योजना राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) में अनियमितताओं के आरोप में बड़ी कार्रवाई करते हुए 9 कार्मिकों को निलंबित कर दिया है, जिनमें 5 चिकित्सक भी शामिल हैं।

साथ ही, एक निजी अस्पताल, एक मेडिकल स्टोर, तीन चिकित्सकों एवं एक कार्डधारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि विगत काफी समय से राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम में विभिन्न हितधारकों द्वारा विभिन्न स्तरों पर अनियमितता करने की शिकायतें सामने आ रही थीं। इन शिकायतों की गहनता के साथ जांच की गई। जांच के बाद सख्त कार्रवाई करते हुए 9 कार्मिकों को निलंबित किया गया है, इनमें दो आयुर्वेद चिकित्सक सहित 5 डॉक्टर शामिल हैं।

राजस्थान स्टेट हैल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजी लाल अटल ने बताया कि कार्रवाई के क्रम में आरजीएचएस में अनियमितता पर राजकीय आयुर्वेद डीबी सामान्य चिकित्सालय चूरू की आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. कविता धनखड़ एवं डॉ. पवन जांगिड़, सीएचसी बीबरानी, खैरथल—तिजारा की चिकित्सक डॉ. मनीषा, जिला चिकित्सालय अलवर के डॉ. नरसीलाल पचौरी, टीबीसी अलवर के डॉ. कपिल भारद्वाज, राजकीय आयुर्वेद औषधालय, नाहरी का नाका के कम्पाउण्डर मदन मोहन पाण्डे, आयुर्वेद औषधालय बालेटा अलवर के कम्पाउण्डर चंद्रशेखर जाटव, कार्यालय उप निदेशक आयुर्वेद विभाग जयपुर के परिचारक मोहसिन खान तथा जल संसाधन विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी महेश कुमार महावर को निलंबित किया गया है।

**एक ही कार्ड पर ओपीडी में 26 लाख का उपचार**

इसी प्रकार राजस्थान पेंशनर्स एसोसिएशन मेडिकल स्टोर, कम्पनी बाग रोड, अलवर, मित्तल हॉस्पिटल, चिकित्सकों एवं कार्ड धारी कार्मिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। प्रकरण में कार्मिक, चिकित्सकों एवं फार्मा स्टोर की मिलीभगत कर कूटरचित ओपीडी पर्चा तैयार किया जाता था। दवा के स्थान पर फार्मा स्टोर से अन्य सामग्री ली जाती थी।

## प्राइवेट हॉस्पिटलों ने आरजीएचएस सुविधा बंद करने की चेतावनी दी

**25 अगस्त से 700 हॉस्पिटलों में आईपीडी, ओपीडी और दवाइयों की सेवाएं बंद हो सकती हैं**

जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। प्राइवेट हॉस्पिटल मालिकों ने सरकार को चेतावनी देते हुए 25 अगस्त से आरजीएचएस की सुविधाएं बंद करने के लिए कहा है। अगर ऐसा होता है तो 700 प्राइवेट हॉस्पिटल में सरकारी कर्मचारियों को परेशान होना पड़ सकता है।

दरअसल, आज राजस्थान एलायंस ऑफ ऑल हॉस्पिटल एसोसिएशन ने 25 अगस्त से आरजीएचएस के तहत सेवाएं (आईपीडी, ओपीडी और दवाईयां देने) बंद करने की चेतावनी जारी की है। एसोसिएशन ने बताया- आरजीएचएस के तहत भुगतान में देरी, बेवजह बिलों में कटौतियों से प्राइवेट सेक्टर के हॉस्पिटल और फार्मा स्टोर संचालक परेशान है। इस संबंध में अब कई बार शिकायतें भी दे चुके है, लेकिन उस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही। इसके चलते हमने 25 अगस्त से आरजीएचएस के तहत सेवाएं बंद करने का निर्णय किया है।

नकली नोट कारोबार पर पुलिस का दूसरा बड़ा वार

## 42 हजार के जाली नोटों के साथ 2 युवक गिरफ्तार

जैसलमेर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जैसलमेर पुलिस ने नकली नोटों के खिलाफ लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। रामदेवरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दो युवकों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से 500-500 रुपये के कुल 84 जाली नोट बरामद किए। बरामद नोटों की कीमत 42 हजार रुपये है। जानकारी के अनुसार 20 अगस्त 2025 को रामदेवरा थानाधिकारी महादेव गोदारा को सूचना मिली कि कस्बे में एक युवक प्रसाद की दुकान पर नकली नोट चलाने की कोशिश कर रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार और वृत्ताधिकारी भवानी सिंह के सुपरविजन में कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी रामनिवास गोदारा (23) पुत्र गोवर्धनराम निवासी नापासर, बीकानेर को दबोचा। तलाशी में उसके पास से 500-500 रुपये के दो जाली नोट बरामद हुए। पूछताछ में रामनिवास ने बताया कि उसके साथी भजनाराम विश्नोई (35) पुत्र रामूराम निवासी मतोड़ा, फलौदी के पास और नकली नोट हैं।

*एक ही मकान से 700 मतदाता... ?*

# वोटिंग लिस्ट में बड़ा घोटाला उजागर, फिजिकल वेरिफिकेशन की मांग

उदयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जिले में मतदाता सूचियों में फर्जी नाम जुड़ने का बड़ा मामला सामने आया है। कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में कलेक्टर नमिता मेहता की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में यह शिकायत बड़गांव पंचायत के प्रशासक संजय शर्मा और पंचायत समिति सदस्य भुवनेश व्यास ने दर्ज करवाई है।




**एक ही मकान से सैकड़ों मतदाता दर्ज**

शिकायत में बताया गया कि गोगुन्दा विधानसभा क्षेत्र-149 की मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी है। बांडीनाल क्षेत्र के भाग संख्या 267 के मकान नंबर 111 में करीब 700 मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, जबकि वास्तविकता में वहां इतने लोग निवास ही नहीं करते। इसी तरह मकान नंबर 82 में भी लगभग 300 नाम जोड़े गए हैं।

**कई भागों में बोगस नाम**

दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि भाग संख्या 265 से 272 तक की मतदाता सूचियों में कई फर्जी नाम दर्ज हैं। इन लोगों का क्षेत्र से कोई संबंध नहीं है। उन्होंने मांग की कि इन लोगों का फिजिकल वेरिफिकेशन कर फर्जी नाम हटाए जाएं और संबंधित बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई हो।

**मतदान प्रतिशत ने खोला राज**

शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि हाल ही में हुए चुनाव में भाग संख्या 267-क का मतदान प्रतिशत मात्र 37.15 रहा, जो जिले में सबसे कम है। इससे साफ है कि सूची में फर्जी नाम जोड़ने से वास्तविक मतदाता संख्या कम हो गई और मतदान प्रतिशत प्रभावित हुआ।

जनसुनवाई में रखी गई इस गंभीर शिकायत के बाद प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है कि वह मतदाता सूचियों की जांच कर फर्जी नाम हटाए और आगामी चुनावों को निष्पक्ष व पारदर्शी बनाए।

## भरतपुर में बहनों से छेड़छाड़ फिर लाठी-सरियों से हमला

भरतपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भरतपुर में 2 बहनों के साथ छेड़छाड़ और फिर उन पर हमले का मामला सामने आया है। पीड़ितों ने बताया कि कुछ कार सवार बदमाश बीते 10 दिनों से उनका पीछा कर रहे थे। उन्होंने लाठी-सरियों से हमला कर दिया। मारपीट के बाद सड़क पर बेहोशी की हालत में छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें जिला हॉस्पिटल में एडमिट कराया है। हॉस्पिटल में होश आने पर उन्होंने परिवार को आपबीती बताई। घटना जिले के चिकसाना थाना क्षेत्र की है।

**नाबालिग ने बताया घेरकर हमला किया**

17 साल की छोटी बहन ने बताया कि मैं और मेरी बड़ी बहन भरतपुर पढ़ने आते हैं। कुछ लोग हमारा 10 दिनों से पीछा कर रहे थे। गुरुवार शाम करीब 4 बजे जब हम घूमने के लिए जा रहे थे तो, कुछ लोगों ने हमारे आगे गाड़ी लगा दी। फिर 2 से 3 लोग निकले और उन्होंने हम दोनों पर लाठी, सरियों से हमला कर दिया। नाबालिग ने बताया कि मैं हमलावरों के सामने आने पर उनकी पहचान कर लूंगी। मुझे इतना नहीं पता कि उनका नाम क्या है। उन्होंने मेरे पैर में लोहे के पाइप मारे हैं। बदमाश मेरी बड़ी बहन का फोन भी छीनकर ले गए।

# पूर्व-मंत्री रामलाल के समधी ने की 30-करोड़ की टैक्स चोरी

**18 करोड़ जमा नहीं कराए तो होगी गिरफ्तारी, भीलवाड़ा के ठिकानों पर छापेमारी**



भीलवाड़ा, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भीलवाड़ा में पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट के समधी शंकर लाल जाट के बिजनेस ठिकानों पर छापे मारे गए हैं। वे रत्नाकर ग्रुप के मालिक हैं। जयपुर जोनल के डायरेक्टोरेट जनरल जीएसटी इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की टीम ने रेड मारी थी। इस मामले में अब तक 30 करोड़ की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। जानकारी के अनुसार बिजनेसमैन को 18 करोड़ रुपए तुरंत जमा कराने होंगे, नहीं तो गिरफ्तारी भी संभव है।

**करीब 80 करोड़ की टैक्स चोरी का अनुमान**

डीजीजीआई की जांच में सामने आया कि रत्नाकर ग्रुप ने फर्जी चालानों के जरिए फर्जीवाड़ा किया है। उन्होंने इस घोटाले से सरकार को करोड़ों रुपए का नुकसान पहुंचाया है। इसका टैक्स करीब 75 से 80 करोड़ रुपए बनता है। टीम रत्नाकर ग्रुप से जुड़े कई लोगों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों को शक है कि फर्जी बिलिंग का नेटवर्क राजस्थान के कई जिलों में फैला हुआ है। जल्द ही कुछ और कारोबारी भी जांच के घेरे में आ सकते हैं।

**राजनीतिक गलियारों में मची खलबली**

अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में भीलवाड़ा के कुछ और व्यापारी और फर्मों पर कार्रवाई हो सकती है। पूर्व राजस्व मंत्री के रिश्तेदार के यहां छापेमारी से व्यापारियों में खलबली मच गई। कारोबारी इसे जीएसटी विभाग की सबसे बड़ी कार्रवाई मान रहे हैं। इधर इस कार्रवाई ने राजनीतिक गलियारों में भी खलबली मचा दी है। शुक्रवार को रत्नाकर ग्रुप के ठिकानों पर सर्च जारी है।

*हत्या के मामले में छह साल बाद*

## पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास प्रेम प्रसंग के चलते किया था कांड

बाड़मेर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या के मामले में छह साल बाद बाड़मेर अपर जिला एवं सेशन न्यायालय-2 ने फैसला सुनाते हुए आरोपी पत्नी दक्षा कंवर और उसके प्रेमी महेन्द्रसिंह दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। वर्ष 2019 में जिले के रामसर थाना क्षेत्र में कुल्हाड़ी और पाइप से वार करके महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति वीरसिंह की हत्या कर दी थी। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 02 पीयूष चौधरी ने इस मामले में सुनवाई करते हुए हत्या को दोषी मानते हुए दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास के साथ आर्थिक दंड से दंडित करने का आदेश दिया।

अपर लोक अभियोजक अनामिका सांदू ने बताया कि मामले की जांच में पुलिस ने महेन्द्रसिंह और दक्षा कंवर को आरोपी मानते हुए आरोप-पत्र प्रस्तुत किया था। सुनवाई के दौरान सरकार पक्ष ने कुल 26 गवाहों को परीक्षित कराया और संबंधित दस्तावेज एवं साक्ष्य प्रस्तुत किए। अपर लोक अभियोजक और परिवादी अधिवक्ता ने दलील दी कि महेन्द्रसिंह और दक्षा कंवर ने प्रेम प्रसंग को छिपाने के लिए वीरसिंह की क्रूरतापूर्वक हत्या की थी। आरोपी दक्षा और महेन्द्रसिंह के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध चल रहा था, जिस पर वीरसिंह ने आपत्ति जताई थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच तनाव चल रहा था और इस तनाव के कारण दक्षा ने अपने प्रेमी महेन्द्रसिंह के साथ मिलकर वीरसिंह की हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया।

# सीकर में सलवार-सूट गैंग को पुलिस ने दबोचा

*फिल्मी स्टाइल में गोली मारने वालों को सिखाया सबक*

सीकर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के सीकर जिले में 15 अगस्त को दिनदहाड़े हुई फायरिंग और हमले के तीन मुख्य आरोपियों को पुलिस ने महिला के कपड़े पहने हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने इन्हें उन्हीं कपड़ों में घटना स्थल पर ले जाकर मौका तस्दीक करवाई।



यह नजारा देख लोग हैरान रह गए और पूरे इलाके में चर्चा का विषय बन गया। दरअसल, सात दिन पहले बलारां-खेड़ी मार्ग पर हुई इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए उन्होंने सलवार-सूट पहनकर लड़कियों का भेष बनाया, ताकि पुलिस को चकमा दे सकें। लेकिन सीकर पुलिस की पैनी नजर से बचना आसान नहीं था। पुलिस कप्तान प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि 15 अगस्त को सुमेर उर्फ वसूली बैरास, रजनीश पूनियां, योगेश, विकास, बंटी और उनके साथियों ने थार गाड़ी रोककर हवाई फायरिंग की। विकास कुमार निवासी नरोदड़ा की रिपोर्ट के मुताबिक, सुमेर ने जानलेवा हमला करते हुए पैर पर गोली चलाई और गाड़ी को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। नरेंद्र और विकास पर लोहे की पाइप व पिस्टल से हमला किया गया। घटना के बाद आरोपी महिला कपड़े और मेकअप कर फरारी काट रहे थे। पुलिस ने नवीन कुमार (19), संदीप सिंह (24) और शाहरुख (21) को सलवार-सूट और चुन्नी में दबोचा। गिरफ्तारी के समय की तस्वीरें और वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों को उन्हीं कपड़ों में मौके पर ले जाकर तस्दीक करवाई। सैकड़ों लोग यह दृश्य देखने के लिए जमा हो गए।

## झील किनारे मिली हड्डी जैसी संरचना-जैसलमेर में फिर गूंजा सवाल, क्या यहीं थे डायनासोर के ठिकाने?

जैसलमेर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जैसलमेर जिले के फतेहगढ़ उपखंड के मेघा गांव में शनिवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने झील के किनारे खुदाई के दौरान हड्डी जैसी आकृति और जीवाश्म जैसे अवशेष देखे। सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और एसडीएम व तहसीलदार मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पत्थर और हड्डी के आकार जैसी संरचनाएं मिली हैं, जो किसी विशालकाय कंकाल की रीढ़ की हड्डी जैसी प्रतीत हो रही हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि ये अवशेष करोड़ों वर्ष पुराने हो सकते हैं और संभवतः डायनासोर काल से जुड़े हों।




भू-वैज्ञानिकों के अनुसार जैसलमेर की धरती भूगर्भीय दृष्टि से बेहद प्राचीन है। यहां की चट्टानी संरचनाएं लगभग 180 मिलियन वर्ष पुरानी बताई जाती हैं और जुरासिक युग से संबंध रखती हैं। यही कारण है कि वैज्ञानिक इस खोज को महज संयोग नहीं, बल्कि क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व का संकेत मान रहे हैं। प्रारंभिक जांच में विशेषज्ञों ने कहा कि मिले अवशेष करोड़ों वर्ष पुराने प्रतीत हो रहे हैं, हालांकि फिलहाल यह कहना जल्दबाजी होगी कि ये डायनासोर के ही हैं।

इनकी वास्तविकता वैज्ञानिक परीक्षण और विस्तृत अध्ययन के बाद ही सामने आएगी। गौरतलब है कि जैसलमेर और आसपास के क्षेत्रों में जीवाश्म मिलने की घटनाएं पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन इस बार मिली संरचना अलग तरह की है क्योंकि इसमें हड्डी जैसी आकृति साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि यह डायनासोर या किसी प्राचीन जीव का कंकाल साबित होता है तो यह खोज न केवल जैसलमेर, बल्कि पूरे भारत के लिए पुरातत्व की बड़ी उपलब्धि होगी।

## महिला चिकित्सालय में प्रसूता की मौत के बाद हंगामा

**अस्पताल अधीक्षक का लापरवाही भरा बयान**



जयपुर, 22 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर के महिला चिकित्सालय में एक प्रसूता की इलाज के अभाव में मौत ने एक बार फिर सरकारी अस्पतालों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मृतका के पति विनोद के अनुसार उनकी पत्नी को 19 तारीख की रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

सुबह डिलीवरी के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई लेकिन डॉक्टरों ने घंटों इंतजार कराया। आरोप है कि महिला पूरी रात तड़पती रही और स्टाफ ने इलाज करने के बजाय परिजनों को बाहर बैठाए रखा। रात 10 बजे हालत गंभीर होने के बावजूद डॉक्टरों की टीम सुबह सक्रिय हुई। तब तक स्थिति बिगड़ चुकी थी। ब्लीडिंग इतनी ज्यादा थी कि 20 यूनिट ब्लड चढ़ाना पड़ा और महिला की बच्चेदानी भी निकालनी पड़ी। इस सबके बावजूद प्रसूता की जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों का आरोप है कि एक तो डॉक्टरों ने समय पर इलाज नहीं किया और उल्टे उन्हें धमकाया गया। वहीं अस्पताल अधीक्षक आशा वर्मा ने सफाई देते हुए कहा कि अस्पताल में बहुत मरीज आते हैं, हर किसी को बचाना संभव नहीं है।

# भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध : रामचंदर राव



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन रामचंदर राव ने आज महिलाओं से आगामी चुनावों में भाजपा का समर्थन करने की अपील करते हुए कहा कि पार्टी महिला सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

रंगारेड्डी जिले के अलूर गांव में "महिला सम्मेलन" में एक सभा को संबोधित करते हुए, राव ने आरोप लगाया कि पिछली बीआरएस और वर्तमान कांग्रेस सरकारें, दोनों ही तेलंगाना में महिलाओं को लाभ पहुंचाने में विफल रही हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए केंद्र सरकार की कई योजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनमें "उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्टैंड अप इंडिया और स्टार्ट अप इंडिया" शामिल हैं। 2014 से पहले, बहुत कम महिलाओं के पास बैंक खाते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, लाखों महिलाओं को "जन धन योजना" का लाभ मिला। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भाजपा ने एक आदिवासी महिला (द्रौपदी मुर्मू) को भारत का राष्ट्रपति बनाया और दो महिलाओं को कैबिनेट मंत्री भी बनाया। राव ने कांग्रेस पर 2,500 रुपये मासिक सहायता, शादियों के लिए एक लाख रुपये और एक तोला सोना, युवतियों को मुफ्त स्कूटर आदि जैसे "झूठे वादों" से महिलाओं को गुमराह करने का आरोप लगाया।

इस अवसर पर, राव ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने ही महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया था। स्थानीय शिकायतों का हवाला देते हुए, उन्होंने कहा कि महिलाओं ने मुफ्त बस यात्रा की घोषणा के तुरंत बाद आरटीसी बस सेवाओं में कटौती की शिकायत की, जिससे ग्रामीण इलाकों में असुविधा हुई।

महिलाओं को आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा का समर्थन करने के लिए आगे आना चाहिए और 'एक... सत्तारूढ़ कांग्रेस को सबक सिखाओ।' इससे पहले दिन में, भाजपा नेता ने चेवेल्ला निर्वाचन क्षेत्र के खानपुर गांव में कपास किसानों से बातचीत की।

## चिन्ना रेड्डी ने हथकरघा क्षेत्र पर जीएसटी हटाने का आग्रह किया

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ.जी. चिन्ना रेड्डी ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भारत की पारंपरिक बुनाई संस्कृति की रक्षा के लिए हथकरघा क्षेत्र पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) हटाने का आग्रह किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और बोर्ड के उपाध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री को लिखे अपने पत्र में कहा कि हथकरघा उद्योग तेलंगाना में कृषि के बाद रोजगार का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत है और जीएसटी के बोझ ने हजारों आश्रित परिवारों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

उन्होंने ग्रामीण कारीगरों की आजीविका की रक्षा के लिए केंद्र से इस क्षेत्र को जीएसटी से पूरी तरह मुक्त करने की अपील की। अपने पत्र के साथ, डॉ. चिन्ना रेड्डी ने सेंटर फॉर मॉनिटरिंग रूरल इंडियन इकोनॉमी के अध्यक्ष जय प्रकाश नारायण रापोलू का एक ज्ञापन भी संलग्न किया, जिन्होंने इस मुद्दे पर उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया था।

# पावरग्रिड, दक्षिण क्षेत्र-I मुख्यालय, सिकंदराबाद में

## अंतर उपक्रम अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पावरग्रिड, दक्षिण क्षेत्र-I, मुख्यालय सिकंदराबाद द्वारा अंतर उपक्रम अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) हैदराबाद-सिकंदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), डॉ. राजनारायण अवस्थी, सदस्य सचिव, नराकास (उ) हैदराबाद-सिकंदराबाद सह प्रबन्धक (राजभाषा)-ईसीआईएल की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि अरुण कुमार ने पावरग्रिड द्वारा देश में स्थापित किए जा रहे विभिन्न कीर्तिमानों के बारे में बताते हुए एक राष्ट्र, एक ग्रिड, एक आवृत्ति, एक भाषा के संकल्प को सभी से साझा किया। प्रतियोगिता के माध्यम से हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं कार्यान्वयन हेतु निरंतर प्रयास करने हेतु अनुरोध भी किया।

डॉ. राजनारायण अवस्थी ने वर्ष-2025-26 के दौरान नराकास के सदस्य कार्यालयों द्वारा आयोजित की जा रही विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन संबंधी जानकारी दी।

उन्होंने उक्त अंताक्षरी प्रतियोगिता के माध्यम से हैदराबाद के सभी उपक्रम कार्यालयों को हिंदी के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु एक सूत्र में पिरोने की संकल्पना को समझाया। उपरोक्त प्रतियोगिता का संचालन श्रीमती एन. ललिता (क्विज मास्टर), नाबार्ड बैंक एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में नराकास(उ) हैदराबाद-सिकंदराबाद के कुल 20 सदस्य कार्यालयों के प्रतिनिधियों की 3-सदस्यों की टीमों ने प्रतिभागिता दर्ज की। अंताक्षरी प्रतियोगिता के दौरान कुल सात पीपीटी/चित्र/आडियो/विजुयल राउंड द्विभाषी रूप में संचालित किए गए, जिसके प्रश्न मुख्यता हिंदी गीतों पर आधारित रहे। विजयी टीमों में प्रथम- इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, द्वितीय- भारतीय खाद्य निगम, क्षेत्रीय कार्यालय, तृतीय- भारत डायनामिक्स लिमिटेड, रहीं।

# सामयिक का अर्थ है, समभाव में स्थित होना : साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्री



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साध्वी डॉ. गवेषणाश्री जी के मंगल सान्निध्य में राजा राजेश्वरी गार्डन, डायमंड पॉइंट में साध्वीश्री मेरुप्रभा जी द्वारा मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर गीतिका द्वारा किया गया एवं मंगलाचरण सुजानगढ़, छापर, पडीहारा, चाड़वास, टमकोर, चुरु के श्रावक श्राविकाओं द्वारा किया गया।

साध्वीश्री डॉ. गवेषणाश्री जी कहा- वर्तमान जनजीवन संतुलनहीन होता जा रहा है उसकी पूरी दिनचर्या अनियमित है जीवन शैली अस्त-व्यस्त हो गई है कोरी बौद्धिकता, ईर्ष्या, हृदयहीनता, आज की ज्वलंत समस्या है। इसका समाधान है सामायिक सामायिक कोरी अभिव्यक्ति नहीं भीतर की अनुभूति है। सामायिक प्रदर्शन नहीं समता की साधना है। सामायिक संवर और शोध दोनों की संयुक्त प्रक्रिया है इस अवधि में क्रियान्वक पाप रुकता है और कृत पापों का शोधन होता है जैन शास्त्रों के अनुसार कोई स्वर्ण और हीरो के ढेर से आकाश को छू ले तदापि सामायिक का मूल्य नहीं चुकाया जा सकता...

मयंक प्रभा जी ने कहा पानी की तीन विशेषता है पानी पीने से तृष्णा शांत 2. स्नान से शरीर का दाह शांत 3. पानी से शरीर का मैल साफ. वैसे ही जिनवाणी के श्रवण से कसाय का दाह शांत होता है विषयों की तृष्णा शांत होती है और कर्मों का मैल दूर होता है।

साध्वी दक्ष प्रभा जी ने कहा सामयिक का महत्व माला, पूंजनी, मुंह पट्टी, या आसान नहीं इसका महत्व है समत्वभाव से. इस क्रम में प्राचीन इतिहास में पूर्णिया श्रावक का नाम प्रचलित है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपस्थिति दर्ज की और साध्वी श्रीजी के प्रवचन से प्रेरणा प्राप्त की।

तेरापंथ प्रोफेशनल फॉर्म के अध्यक्ष वीरेंद्र घोषल टीपीएफ का बैनर अनावरण किया एवं टीपीएफ के कार्यकर्मों की जानकारी प्रदान की। सुश्री यशा बुच्चा ने 9 की तपस्या का प्रत्याख्यान किया। सभा सिकंदराबाद द्वारा उनकी तप की अनुमोदना की गई। सभा कार्यकारिणी सदस्य जिनेंद्र बैद ने सभी संस्थाओं की तरफ सूचना प्रेषित की एवं संजय कूचेरिया ने तेरापंथ सभा का आयाम तेरापंथ डिजिटल डायरेक्टरी की विस्तृत जानकारी दी। आभार मंत्री नीरज सुराणा द्वारा दिया गया। अंत में साध्वी श्री जी के मंगल पाठ से कार्यक्रम की समापन हुआ।



वनायक नगर स्थित जीएसआर गार्डन में मुलैवा परिवार द्वारा आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित आयोजक चेनाराम, बाबुलाल मुलैवा, प्रवीण-दीपिका सोलंकी, सीरवी समाज सलाहकार जसवन्त देवड़ा, महिला मंडल अध्यक्षा सुशीला देवड़ा, हिरालाल चोयल, चम्पालाल सोलंकी, गणेशराम बर्फा, खंगारराम मुलैवा, केसाराम खंडाला व समाज बन्धु।

# कल्पसूत्र का श्रवण जीवन के लिए महामंगलकारी

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर शुक्रवार को सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ कल्पसूत्र आगम और अंतकृत सूत्र आगम शास्त्रों की शोभायात्रा एग्जिबिशन ग्राउंड मुख्य द्वार से सत्संग पांडाल तक निकाली गई। इस अवसर पर राष्ट्र-संत चन्द्रप्रभ सागर ने कहा कि कल्पसूत्र शास्त्र महा मंगलकारी है, हजारों वर्षों से श्रद्धालुओं के बीच संतजन परायण करते रहे हैं। प्राचीन ज्ञान भण्डारों में हजारों हस्तलिखित प्रतियां इस शास्त्र की उपलब्ध होती है और सोने की स्याही में लिखे भी कल्पसूत्र कई प्राचीन भण्डारों में आज भी उपलब्ध हैं। कल्पसूत्र शास्त्र का भावभक्ति पूर्वक श्रवण करने से व्यक्ति की सातों नरक टल जाती है और वह शीघ्र ही शांति, सिद्धि और मुक्ति को प्राप्त करता है। कल्पसूत्र का विवेचन करते हुए संतश्री ने कहा कि पर्युषण पर्व में हमें गरिष्ठ भोजन का त्याग, पंचव्रतों का पालन, अनावश्यक परिग्रह पर अंकुश, पापों का प्रायश्चित, आत्मचिंतन, विनम्रता-क्षमा को धारणकर और अंतिम तीन दिन उपवास कर संवत्सरी का प्रतिक्रमण करना चाहिए।

संतश्री ने कहा कि आप संत नहीं बन सकते तो क्या हुआ, पर परिग्रह पर अंकुश तो लगा ही सकते हैं ना। आजकल हर संपन्न महिला के पास कम से कम सौ-दो सौ साडियां मिल जाएगी फिर भी वे नई साडियाँ खरीदती रहती हैं, हमें वस्त्रों की आसक्ति कम करनी चाहिए। चुटकी लेते हुए संतश्री ने कहा कि हर महिला महिने में एक नई साड़ी जरूर खरीदे यह धर्म होगा जब आप उससे पहले कोई पुरानी साड़ी किसी गरीब महिला को दान में देने का सौभाग्य ले लेंगे इससे आपके तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा, पर उस गरीब महिला के बहुत बड़ा फर्क पड़ जाएगा।

वे शुक्रवार को यहां लोक कल्याणकारी चातुर्मास समिति, त्रयनगर, हैदराबाद द्वारा नामपल्ली के एग्जिबिशन ग्राउंड में आयोजित 53 दिवसीय प्रवचनमाला में 48वें दिन कल्पसूत्र एवं अंतकृत सूत्र की महान शिक्षाएं विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री महावीर का चरित्र आज के युग के लिए और हम सभी के लिए आदर्श है।

उन्होंने कहा कि जैसे भगवान श्री महावीर ने स्वयं को पावरफुल बनाया वैसे ही हमें भी खुद को पावरफुल बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री महावीर ने हमें जीवन में तीन रत्न अपनाने की प्रेरणा दी है- सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र सम्यक दर्शन को आज की भाषा में सही नजरिया रखने को कहा जाता है। याद रखें, जीवन में स्मार्टनेस का मूल्य है, पर हर सफलता के पीछे स्मार्टनेस का मूल्य 30 प्रतिशत होता है, जबकि नज़रिये का मूल्य 70 प्रतिशत। सोचिए, हमें अपने जीवन में 30 प्रतिशत को मूल्य देना चाहिए या 70 प्रतिशत को। याद रखें, सकारात्मक नज़रिये के लोग विजयी टीम का हिस्सा होते हैं, जबकि घटिया नज़रिये के लोग टीम के हिस्से कर डालते हैं। उन्होंने कहा कि हम नज़रिये को बेहतर बना सकते हैं। सकारात्मक नज़रिये का व्यक्ति हमेशा समाधान का हिस्सा होता है, वहीं नकारात्मक नज़रिये का व्यक्ति समस्या का हिस्सा होता है। उन्होंने कहा कि अपने नज़रिये को सकारात्मक और उत्साहपूर्ण बनाएं। नकारात्मक और उदासीन नज़रिया घाटे का सौदा है। हम अपनी सोच बदलें और हमेशा अच्छाई देखें। जो गलतियां ढूंढने के आदी हैं, वे स्वर्ग में भी चले जाएं तो भी गलतियां ढूंढने से नहीं चूकते। कबाड़ी तो विवाह-मंडप में खड़ा होगा, तब भी अटाला ही ढूंढ़ेगा।

# साइबर धोखाधडी के प्रति एसबीआई का जागरूकता अभियान




हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के नागरिकों में साइबर धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता पैदा करने के एक भाग के रूप में, भारतीय स्टेट बैंक, हैदराबाद मंडल, पूरे तेलंगाना राज्य में विभिन्न स्थानों जैसे शैक्षणिक संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों, कार्यालयों, मॉल, मेट्रो स्टेशनों, पार्कों आदि पर विभिन्न डिजिटल धोखाधड़ी जागरूकता गतिविधियां आयोजित कर रहा है।

भारतीय रिज़र्व बैंक के सहयोग से, एसबीआई ने विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों के लक्षित समूह के साथ साइबर धोखाधड़ी जागरूकता पर एक टाउन हॉल बैठक आयोजित की। इसमें वीरनारी चकाली एलम्मा महिला विश्वविद्यालय (वीसीआईडब्ल्यूयू), सन इंटरनेशनल कॉलेज, पीडीएस कॉलेज ऑफ नर्सिंग, गुलाम अहमद कॉलेज ऑफ एजुकेशन आदि के लगभग 450 छात्रों ने भाग लिया। रवि कुमार वर्मा, महाप्रबंधक, एसबीआई, डॉ.एस. सुब्बैया, मुख्य महाप्रबंधक, आरबीआई एवं लोकपाल, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना, पी. कल्याण चक्रवर्ती, उप-महाप्रबंधक, आरबीआई एवं उप-लोकपाल, आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना, श्रीमती डॉ. लोका पावनी, प्राचार्य वीसीआईडब्ल्यूयू, बिपिन कुमार सिंह, डीजीएम एसबीआई, नवनीत कुमार डीजीएम एसबीआई ने भाग लिया।

एसबीआई ने विभिन्न प्रकार की साइबर धोखाधड़ी पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी और छात्रों को सावधान, सतर्क रहने और अपने समूह में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर के महत्व के साथ-साथ www.cyber-crime.gov.in के बारे में भी बताया गया।

# एक शाम वीर तेजाजी महाराज के नाम जागरण 1 को

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भोनगिरी स्थित डोलफिन होटल के पीछे वीर तेजाजी महाराज के मंदिर प्रांगण में भादव सुदी नवम् के पावन अवसर पर दो दिवसीय वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण सोमवार 1 सितंबर एवं मंगलवार 2 सितंबर पुजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम जाट समाज वीर तेजाजी नवयुवक मंडल समाज बन्धुओं व भक्तों के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा।

प्रेस विज्ञप्ति में नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष धर्माराम कड़वा व सहकोषाध्यक्ष मोहनलाल चांगल ने संयुक्त रूप से बताया कि हर वर्ष की भांति भादव सुदी नवम् पर वीर तेजाजी महाराज का भव्य जागरण समाज बन्धुओं के सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। वीर तेजाजी महाराज का विशेष श्रृंगारकर, पूजा-अर्चना व आरती के पश्चात् पधारे भक्तों एवं समाज बन्धुओं के लिए सायं 7 बजे से भोजन प्रसादी, रात्रि 9.15 बजे से जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमे वीर तेजाजी महाराज के भजनों की प्रमुख गायिका आकृती मिश्रा एवं कन्हैयालाल वैष्णव भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे।

मंगलवार 2 सितंबर प्रात: वेला में समाज बन्धु पुजा-अर्चना, दर्शन-वंदन, श्री तेजाजी महाराज के चरणों में श्रीफल व श्रद्धा के पुष्प अर्पितकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। प्रात: 11.30 बजे से जाट समाज बन्धुओं के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रहेगी। समाज बन्धुओं व भक्तों से निवेदन है उपरोक्त कार्यक्रम में समय पर सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

## भाग्य नगर गणेश उत्सव समिति के उपाध्यक्ष गोविंद राठी बने



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति की कार्यकारिणी की बैठक समिति के अध्यक्ष जी राघव रेड्डी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति के महामंत्री डॉक्टर रवि तुला शशिधर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि सीनियर सामाजिक कार्यकर्ता गोविंद राठी को समिति के अध्यक्ष राघव रेड्डी द्वारा उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष राम व्यास मंत्री आले भास्कर, महिपाल रेड्डी, रमेश, समिति के सदस्य संजय गंटा वेंकटेश तथा संजीव रेड्डी उपस्थित रहे।



भाजपा के 'चलो सचिवालय' विरोध मार्च का आयोजन में जामबाग पार्षद राकेश जायसवाल को पुलिस ने हिरासत में लिया। साथ में भाजपा कार्यकर्ता।

## किसानों ने बैल पोला मनाया

मदनूर, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मदनूर मंडल में श्रावण मास के अमावस्या के दिन किसान बैल पोला त्यौहार बड़ी भक्ति भाव से मनाने हैं। इस दिन सुबह किसान बैलों को स्नान कराते हैं और उनकी देखभाल करते हुए उन्हें गुड़ का शरबत पिलाते हैं। इसी के साथ बैलों के सींगों को रंगा जाता है और उन के मुख पर बीजिंग पीठ पर झुला व फूलों की माला चढ़ाई जाती है। किसान गाजा बाजा के साथ बैलों को गांव के पुराना हनुमान मंदिर के परिक्रमा कराने के बाद गोमाता की पूजा करते हैं। इसके बाद महादेव पार्वती का रूप मानकर पुरोहित के मंत्र उपच्यार व स्थानिक जनता के समक्ष विवाह करते हैं। उन्हें आरती उतरकर भोग चढ़ाया जाता है इस दिन बैलों को कृषि कार्य से विश्राम दिया जाता है। गांव में बैल जुलूस निकाला जाता है।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

दक्षिण मध्य रेलवे

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
(http://ireps.gov.in के माध्यम से)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेन्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित है।

क्रम संख्या:01, एनआयटी संख्या: सी/इ.29/टीआरडी/एससी/30/2025-26, कार्य विवरण: टेंडर नं. सी/इ.29/टीआरडी/एससी/30/2025-26,दि.13-08-2025, एससी डिवीजन: एससी डिवीजन में साइडिंग्स के रामगुण्डम यार्ड/लीड लाइन के ट्रामवे से कन्वेन्शनल ओएचइ में रूपांतरण या कन्वर्शन। अनुमानित मूल्य रू.2,98,55,167/- कार्य पूरा करने की अवधि: 180 दिन, बंद करने की तिथि: 12-09-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइट:http://ireps.gov.in पर लागिन करें। तत्संबंधित में निविदाकारों को, ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ही भाग लेना चाहिए तथा इस मामले में मैन्युएल आफर्स पर विचार नहीं किया जायेगा। सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि,निविदा प्रपत्र मूल्य तथा पूर्व धरोहर राशि-पूधरा को केवल आनलाइन पेमेन्ट्स द्वारा ही जमा करें। सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआयएन पहचान संख्या प्राप्त करें एवं उसे अपने अपने आफर्स के साथ प्रस्तुत करें। निविदादातागण किसी भी शुद्धिपत्र (केवल आनलाइन द्वारा जारी) को, निविदा प्रस्तुति की अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/सिकंदराबाद

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
(http://ireps.gov.in के माध्यम से)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेन्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित है।

क्रम संख्या:01, एनआयटी संख्या: सी/इ.29/टीआरडी/एससी/41/2025-26, कार्य विवरण: टेंडर नं. सी/इ.29/टीआरडी/एससी/41/2025-26, दि.13-08-2025, एससी डिवीजन: केजेडजे-डब्ल्यूडी सेक्शन में आपरेशन सेफ्टी के सुधार हेतु कामन लूप्स की सेपरेट आइसोलेशन व्यवस्था। अनुमानित मूल्य रू.3,35,81,978/- कार्य पूरा करने की अवधि: 180 दिन, बंद करने की तिथि: 15-09-2025 के 15.00 बजे

क्रम संख्या:02, एनआयटी संख्या: सी/इ.29/टीआरडी/एससी/42/2025-26, कार्य विवरण: टेंडर नं. सी/इ.29/टीआरडी/एससी/42/2025-26, दि.13-08-2025, एससी डिवीजन: केआय-बीपीक्यू सेक्शन में आपरेशन सेफ्टी के सुधार हेतु कामन लूप्स की सेपरेट आइसोलेशन व्यवस्था। अनुमानित मूल्य रू.3,32,%3,432/- कार्य पूरा करने की अवधि: 180 दिन, बंद करने की तिथि: 15-09-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइट:http://ireps.gov.in पर लागिन करें। तत्संबंधित में निविदाकारों को, ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ही भाग लेना चाहिए तथा इस मामले में मैन्युएल आफर्स पर विचार नहीं किया जायेगा। सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि,निविदा प्रपत्र मूल्य तथा पूर्व धरोहर राशि-पूधरा को केवल आनलाइन पेमेन्ट्स द्वारा ही जमा करें। सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआयएन पहचान संख्या प्राप्त करें एवं उसे अपने अपने आफर्स के साथ प्रस्तुत करें। निविदादातागण किसी भी शुद्धिपत्र (केवल आनलाइन द्वारा जारी) को, निविदा प्रस्तुति की अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/सिकंदराबाद

ई-निविदा आमंत्रण सूचना
(http://ireps.gov.in के माध्यम से)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन डिस्ट्रीब्यूशन, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यो हेतु सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेन्डरिंग के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित है।

क्रम संख्या:01, एनआयटी संख्या: सी/इ.29/टीआरडी/एससी/43/2025-26, कार्य विवरण: टेंडर नं. सी/इ.29/टीआरडी/एससी/43/2025-26, दि.13-08-2025, एससी डिवीजन: एससी डिवीजन के ट्रैक्शन सब-स्टेशन एवं स्वीचींग स्टेशनों पर ग्रैन्ट्री आइसोलेशन व्यवस्था का प्रावधान। अनुमानित मूल्य रू.2,82,97,788.80 कार्य पूरा करने की अवधि: 180 दिन, बंद करने की तिथि: 16-09-2025 के 15.00 बजे

बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइट:http://ireps.gov.in पर लागिन करें। तत्संबंधित में निविदाकारों को, ई-टेन्डरिंग के माध्यम से ही भाग लेना चाहिए तथा इस मामले में मैन्युएल आफर्स पर विचार नहीं किया जायेगा। सभी भावी निविदाकारों से अनुरोध है कि,निविदा प्रपत्र मूल्य तथा पूर्व धरोहर राशि-पूधरा को केवल आनलाइन पेमेन्ट्स द्वारा ही जमा करें। सभी भावी निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआयएन पहचान संख्या प्राप्त करें एवं उसे अपने अपने आफर्स के साथ प्रस्तुत करें। निविदादातागण किसी भी शुद्धिपत्र (केवल आनलाइन द्वारा जारी) को, निविदा प्रस्तुति की अवधि के प्रारंभिक तिथि तक ही अवलोकन कर सकते हैं।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/टीआरडी/सिकंदराबाद

ई-निविदा सूचना
सं.471/डीआरएम/डब्ल्यू/जीएनटी

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु दि.17-09-2025 के 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम संख्या:01, टेन्डर आयडी: 2805 एसआर डीइएन/डीइएन: पश्चिम, कार्य विवरण: एसडब्ल्यू-।-केसीसी-जीएनटी-एनडीएल सेक्शन: एडीइएन /पश्चिम/जीएनटी सेक्शन में खतरनाक ट्रेसपासिंग स्थानों पर बाउण्डरी वाल/बाड या फेन्सिंग का निर्माण कार्य। एसडब्ल्यू-।।-जीएनटी-एनडीएल सेक्शन: एडीइएन /एनडीएल सेक्शन में खतरनाक ट्रेसपासिंग स्थानों पर बाउण्डरी वाल/बाड या फेन्सिंग का निर्माण कार्य। एसडब्ल्यू-।।।-जीएनटी-एनडीकेडी सेक्शन: टाइप एनएचएआय एन्टि-क्रैश बैरीयर/ डब्ल्यू-बीम स्टील फेन्सिंग ट्रैक के चहुं ओर सेफ्टी फेन्सिंग या सुरक्षा बाड का प्रावधान। अनुमानित मूल्य रु.5,62,35,468/-बोली सुरक्षा राशि: रु.4,31,200/-

ई-बोली की आनलाइन प्रस्तुति की अंतिम तिथि दि.17-09-2025 के 15.30 बजे तक है। विस्तृत विवरण हेतु वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर लागआन करें। कोई भी अधिक संचार/शुद्धिपत्र को ई-पोर्टल: www.ireps.gov.in के माध्यम से सूचित किया जायेगा।

विभागीय रेल प्रबंधक(कार्य)/गुण्टूर

निविदा सं. सी_एसजी _36 _571 दि.7-8-2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, सिकंदराबाद डिवीजन, दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद द्वारा निम्न कार्यों हेतु निविदाओं के ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम संख्या: 01, टेंडर नं. व तिथि: सी_एसजी _36 _571 दि.7-8-2025, बंद करने की तिथि: 29-08-2025, कार्य विवरण: एससी डिवीजन के आयबीएस एण्ड एलसी गेट्स पर आटोमेटिक फ्यूज चेंजओवर का प्रावधान तथा डिजीटल इलेडीज के प्रावधान से संबंधित सिग्नल्लिंग व्यवस्था। अनुमानित मूल्य रू.4,83,49,791.00, बोली सुरक्षा /पूर्व धरोहर राशि रू.3,91,800.00

अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट:www.ireps.gov.in देखें। जीसीसी 2022 नुसार, बोली सुरक्षा /पूर्व धरोहर राशि का भुगतान करना चाहिए। आईआरएसजीसीसी -2022 नुसार, सभी निविदादाताओं को निःशुल्क रूप में ई-निविदा प्रपत्र जारी किए जाएंगे। (संदर्भ: आईआरजीसीसी -2022, भाग-1, खण्ड-3)

वरिष्ठ विभागीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता/को-आर्ड/सिकंदराबाद

निविदा सूचना संख्या: जी/इ.29/टीआर./टेंडर नोटिस/17/2025-26, दि.19-8-2025

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से व के लिए, वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता/ट्रैक्शन/गुण्टकल द्वारा निम्न कार्यो हेतु ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

निविदा संख्या: जीटीएल-टीआरडी-29-ईटीएन-35-2025-26, कार्य विवरण: गुण्टकल डिवीजन -- वायए/एसपी के दूर के छोर पर, लो वोल्टेज को कम करने के लिए, जम्मलमडुगु/एसएसपी का एसपी में रूपांतरण करना। अनुमानित मूल्य रू.1,37,51,636.00 पूर्व धरोहर राशि रू.2,18,800.00

निविदा बंद करने की तिथि व समय: 10-09-2025 के 15.00 बजे

टिप्पणी: निविदादातागण निविदा दस्तावेज को निःशुल्क रूप में वेबसाइट:www.ireps.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। टेंडर बिड्डींग तथा अन्य विवरण हेतु http://ireps.gov.in पर लागिन करें। शुद्धिपत्र यदि कोई हो तो, उसे आनलाइन पर ही जारी किया जायेगा।

वरिष्ठ विभागीय बिजली अभियंता, ट्रैक्शन, गुण्टकल

A1247

निविदा नियम शर्ते/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया वेबसाइट्स https://www.ireps.gov.in अथवा www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

पूर्व तट रेलवे

(1) सूचना सं.: eT-WAT-SOUTH-15-2025 दिनांक: 14.08.2025
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/ट्रैक/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2026 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए मेन लाइन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/वाल्टियर के अधीन में P.WAY जोनल कार्यों का जोनल ठेका।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,58,34,806.40, EMD: ₹ 2,29,200/-

(2) सूचना सं.: eT-WAT-SOUTH-16-2025 दिनांक: 14.08.2025
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/ट्रैक/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2026 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए मेन लाइन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/कोत्तवलसा के अधीन में P.WAY जोनल कार्यों का जोनल ठेका।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,58,63,364.35, EMD: ₹ 2,29,300/-

(3) सूचना सं.: eT-WAT-SOUTH-17-2025 दिनांक: 14.08.2025
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/MYD/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2026 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/MYD के अधीन में P.WAY जोनल कार्यों का जोनल ठेका।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,49,88,440.66, EMD: ₹ 2,25,000/-

(4) सूचना सं.: eT-WAT-SOUTH-18-2025 दिनांक: 14.08.2025
कार्य का नाम : सहायक मण्डल अभियन्ता/MYD/वाल्टियर के अधिकार क्षेत्र के अधीन 30.09.2026 तक समाप्त होने वाली समयावधि के लिए सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P/VSPS के अधीन में P.WAY जोनल कार्यों का जोनल ठेका।
कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,49,35,220.89, EMD: ₹ 2,24,700/-

कार्य पूरा होने की अवधि : 30.09.2026 (सभी क्रम सं. के लिए)।
निविदा बंद होने की तिथि व समय : 08.09.2025 को 1500 बजे (सभी निविदाओं के लिए)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक / कूरियर / फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।
उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।
द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुन: अवलोकन करें।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), वाल्टियर
PR-506/Q/25-26

# राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ऑनलाइन गेमिंग विधेयक बना कानून

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून का रूप ले चुका है। इस कानून के लागू होते ही भारत के ऑनलाइन गेमिंग परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ गया है।शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद से पारित इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। इससे पहले लोकसभा से गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा से पारित कर दिया गया था। वहीं, बुधवार को इस बिल को लोकसभा ने अपनी हरी झंडी दिखाई थी। इस कानून में ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को तो राहत दी गई है, लेकिन ऑनलाइन मनी गेम्स पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर गेमिंग उद्योग जगत और सरकार के मत बंटे हुए हैं। आइए इसके बारे में विस्तार से जानते हैं। ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग उन डिजिटल प्लेटफॉर्म को संदर्भित करता है जहां

## रीयल मनी गेम्स के दिन लदे




खिलाड़ी खेलों में भाग लेने के लिए भुगतान करते हैं और नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। इनमें नकद दांव और मौद्रिक जीत वाले सभी ऑनलाइन गेम शामिल हैं। सभी ऑनलाइन मनी गेम्स, चाहे वे स्किल पर आधारित हों या किस्मत पर। इसमें ऑनलाइन फैंटेसी स्पोर्ट्स और लॉटरी भी शामिल होंगे। ऐसे खेलों से जुड़े विज्ञापन, प्रमोशन और बैंक या पेमेंट ऐप्स के जरिए होने वाले लेन-देन पर भी प्रतिबंध है। ई-स्पोर्ट्स को वैध खेल का दर्जा मिलेगा। सरकार ट्रेनिंग अकादमियों, शोध और आधिकारिक प्रतियोगिताओं को सहयोग देगी। सामाजिक व शैक्षिक गेम्स को पंजीकृत कर बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि बच्चे और युवा सुरक्षित और उम्र के अनुसार खेलों के जरिए मनोरंजन और कौशल विकास कर सकें।

**नए कानून में सख्त सजा का प्रावधान**

मनी गेम्स ऑफर करने पर अधिकतम 3 साल की जेल और एक करोड़ रुपये तक जुर्माना। विज्ञापन करने पर 2 साल की जेल और 50 लाख रुपये जुर्माना। दोहराने पर 3 से 5 साल की जेल और दो करोड़ रुपये तक का जुर्माना। प्रमुख अपराधों को गंभीर और गैर-जमानती श्रेणी में रखा गया है। केंद्र सरकार या नए प्राधिकरण के निर्देशों का पालन न करने पर 10 लाख का जुर्माना, पंजीकरण निलंबन या रद्दीकरण, और संचालन पर प्रतिबंध लग सकता है। मेजबानी और वित्तीय सुविधा से संबंधित अपराधों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के तहत स्पष्ट रूप से संज्ञेय और गैर-जमानती घोषित किया गया है।

## 'पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय खेल संबंध नहीं रखना सही फैसला'

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि सरकार खेलों को प्रोत्साहित करना चाहती है लेकिन देश सबसे पहले आता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों के साथ द्विपक्षीय टूर्नामेंट की अनुमति देकर लोगों की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचाई जा सकती।

खेल मंत्रालय द्वारा भारत-पाकिस्तान द्विपक्षीय खेल टूर्नामेंट पर रोक लगाने और केवल बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं की अनुमति देने के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में खडसे ने पत्रकारों से कहा, ''इन दिनों हमारे संबंध जिस तरह के हैं, विशेषकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद से, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा फैसला है।'' उन्होंने कहा, 'हमारे लिए देश बहुत महत्वपूर्ण है।

# प्रज्ञानंद और गुकेश ने चौथे दौर की बाजी भी ड्रॉ खेली



सेंट लुई, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने यहां सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अमेरिका के सैमुअल सेवियन के साथ अंक बांटे जबकि विश्व चैंपियन डी गुकेश और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने दिन के एकमात्र निर्णायक गेम में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिस्तोफ के साथ तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटे।

अभी जबकि पांच दौर का खेल होना बाकी है तब कारुआना तीन अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद प्रज्ञानंद और अरोनियन का नंबर आता है जो 2.5-2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश दो-दो अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। डूडा उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि अब्दुसत्तोरोव आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

# बीसीसीआई का निर्देश–दलीप ट्रॉफी में इंटरनेशनल खिलाड़ियों को शामिल करें

## स्टेट एसोसिएशन को लिखा पत्र: साउथ जोन की टीम में सिराज-राहुल का भी नाम नहीं



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दलीप ट्रॉफी जैसे प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट में सेंट्रली-कॉन्ट्रैक्टेड खिलाड़ियों को शामिल करने का सख्त निर्देश जारी किया है। यह कदम तब उठाया गया जब साउथ जोन ने केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और साई सुदर्शन जैसे बड़े खिलाड़ियों को अपनी दलीप ट्रॉफी टीम में नहीं चुना। यह टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने वाला है।

**बीसीसीआई की ओर से भेजा गया पत्र**

पिछले हफ्ते, बीसीसीआई के जनरल मैनेजर (क्रिकेट ऑपरेशंस) अभय कुरुविला ने सभी राज्य क्रिकेट संघों को एक ईमेल भेजा। इसमें उन्होंने दलीप ट्रॉफी को सम्मान देने और इसकी प्रतिस्पर्धा को उच्च स्तर पर बनाए रखने की बात कही। कुरुविला ने लिखा, दलीप ट्रॉफी के रुतबे को बनाए रखने के लिए, सभी उपलब्ध भारतीय खिलाड़ियों को उनकी जोनल टीमों में चुना जाना जरूरी है। जोनल संयोजकों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी उपलब्ध भारतीय खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के लिए चुने जाएं।' पिछले साल बीसीसीआई ने यह नियम बनाया था कि सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में हिस्सा लेना अनिवार्य है। यह फैसला तब लिया गया जब कुछ खिलाड़ियों ने आईपीएल को प्राथमिकता दी थी। इस साल जनवरी में ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट दौरे के बाद भी बीसीसीआई ने इस नियम को दोहराया था। हालांकि, कई राज्य संघों का मानना है कि बड़े खिलाड़ियों को दलीप या देवघर ट्रॉफी की बजाय इंडिया-ए या बोर्ड प्रेसिडेंट इलेवन के लिए खेलना चाहिए। उनका तर्क है कि रणजी ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मौका नहीं मिलता, क्योंकि बड़े खिलाड़ी सीधे जोनल टीमों में शामिल हो जाते हैं।

# एलावेनिल वालारिवन का जलवा, एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता



शिमकेंट, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वालारिवान ने शुक्रवार को यहां 16वीं एशियाई चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है। चीन की शिनलू पेंग ने 253 अंक के साथ रजत पदक जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मेहुली घोष आठ निशानेबाजों के फाइनल में 208.9 अंक हासिल करके चौथे स्थान पर रहीं।

कौन हैं एलावेनिल?

एलावेनिल वालारिवान भारत की स्टार निशानेबाजों में से एक हैं। उन्होंने हाल के वर्षों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। वे विशेष रूप से 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में प्रतिस्पर्धा करती हैं। एलावेनिल का जन्म दो अगस्त 1999 को तमिलनाडु में हुआ था और उनका पालन-पोषण गुजरात में हुआ। उन्होंने बहुत कम उम्र में निशानेबाजी की ओर रुझान दिखाया और जल्द ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना शुरू किया।

उनकी सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है 2019 में आईएसएसएफ विश्व कप (म्यूनिख और रियो डी जनेरियो) में स्वर्ण पदक जीतना, जिससे वह इस इवेंट में शीर्ष भारतीय महिला शूटरों में शामिल हो गईं। इसके अलावा उन्होंने 2018 आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को कई पदक दिलाए। एलावेनिल ने 2021 टोक्यो ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रहीं। वे लगातार विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 शूटरों में बनी रही हैं और उनका शांत स्वभाव व अनुशासन उन्हें एक कुशल खिलाड़ी बनाता है।

## श्रीलंका के पास शानदार टीम, जो विपक्षी टीम को मजबूत चुनौती दे सकती है - थिसारा परेरा

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से होगी, जिसमें श्रीलंकाई टीम को ग्रुप-बी में रखा गया है। श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर थिसारा परेरा के मुताबिक इस टूर्नामेंट में श्रीलंकाई खेमा विपक्षियों को मजबूत चुनौती दे सकता है। थिसारा परेरा ने आईएएनएस से कहा, मुझे लगता है कि इस वक्त श्रीलंकाई टीम सही दिशा में है। उम्मीद करता हूं कि वह भविष्य में बेहतर करेंगे।

मैं उनको शुभकामनाएं देता हूं कि वह अपने देश के लिए शत प्रतिशत दें। मुझे लगता है कि हमारे पास शानदार टीम है, जो विपक्षी टीम को शानदार चुनौती दे सकती है। एशिया कप में श्रीलंका को ग्रुप-बी में रखा गया है। इस ग्रुप में श्रीलंका के साथ बांग्लादेश, हांगकांग और अफगानिस्तान की टीमें भी हैं।

## बीसीसीआई ने क्रिकेट सिलेक्शन कमेटी के लिए आवेदन मंगाया



स्पोर्ट्स डेस्क, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को मेंस सीनियर क्रिकेट टीम सिलेक्शन कमेटी के सदस्य के दो पद के लिए आवेदन मंगाए हैं। बीसीसीआई ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बीसीसीआई ने इकसे अलावा विमेंस टीम सिलेक्शन कमेटी के लिए चार और जूनियर मेंस के लिए एक पद के लिए आवेदन मंगाया हैं। आवेदन भरने की आखिरी तारीख 10 सितंबर है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा दिया है। फिलहाल, सिलेक्शन कमेटी में अगरकर, एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत शामिल हैं।

लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि सितंबर में होने वाली एनुअल जरनल बॉडी मीटिंग के बाद सीनियर सिलेक्शन कमेटी में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। शरत सितंबर 2021 में जूनियर सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष थे और जनवरी 2023 में सीनियर सिलेक्शन कमेटी में प्रमोट हुए थे।

# ऑस्ट्रेलिया बनाम दक्षिण अफ्रीका : लगातार दूसरे वनडे में फ्लॉप हुआ टी20 का सुपरस्टार

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज से पहले दोनों देशों के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज भी खेली गई थी। टी20 सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले डेवाल्ड ब्रेविस वनडे सीरीज में अपना प्रभाव छोड़ने में असफल रहे हैं।

डेवाल्ड ब्रेविस ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में तूफानी शतक लगाया था। मात्र 56 गेंदों में 12 चौके और 8 छक्के की मदद से नाबाद 125 रन की पारी उनके बल्ले से निकली थी। इसके बाद तीसरे टी20 में भी उन्होंने 26 गेंद पर 6 छक्के की मदद से 53 रन की पारी खेली। दो दमदार पारियों के बाद क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने डेवाल्ड ब्रेविस को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में डेब्यू का मौका दिया। ब्रेविस ने वनडे करियर की शुरुआत दमदार की पहले मैच की पहली ही गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन इसके अगले ही गेंद पर वह आउट हो गए। शुक्रवार को दूसरे वनडे में भी उनका बल्ला नहीं चला और 5 गेंद पर 1 रन बनाकर आउट हो गए। दोनों मैचों में उनके पास क्रीज पर रुकने और बड़ी पारी खेलने का समय था, लेकिन वे असफल रहे। डेवाल्ड ब्रेविस महज 22 साल के हैं। उनका नाम दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजी के भविष्य के रूप में लिया जाता है। उनमें फैंस एबी डिविलियर्स का अक्स भी देखते हैं। यही वजह है कि उन्हें 'बेबी एबी' भी कहा जाता है।

ब्रेविस ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 2 टेस्ट, 2 वनडे और 10 टी20 खेले हैं। टेस्ट में 1 अर्धशतक लगाते हुए 84, वनडे में 7 और टी20 में 1 शतक और 1 अर्धशतक लगाते हुए उन्होंने 318 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे की प्लेइंग इलेवन में अगर ब्रेविस को मौका मिलता है, तो उन्हें अच्छी पारी खेलनी होगी। नहीं तो, इस फॉर्मेट से उन्हें ड्रॉप किया जा सकता है।

# यूएस ओपन 2025 : सबालेंका को रायबाकिना से मिल सकती है चुनौती



नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। न्यूयॉर्क में होने वाले 2025 यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए विमेंस के सिंगल्स ड्रॉ की घोषणा की गई। मौजूदा चैंपियन एरीना सबालेंका को इस बार खिताब बचाने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि उनका ड्रॉ काफी मुश्किल दिख रहा है। पिछले साल सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को फाइनल में हराकर अपना पहला यूएस ओपन खिताब जीता था। इसके साथ ही वह आठ साल बाद पहली ऐसी महिला बनीं, जिन्होंने एक ही सीजन में दोनों हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम (ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन) जीते।

**सबालेंका को टूर्नामेंट में दूसरी सीड दी गई है**

बेलारूस सबालेंका को टूर्नामेंट में दूसरी सीड दी गई है। वह अपने खिताब बचाव की शुरुआत स्पेन की रेबेका मासारोवा के खिलाफ करेंगी। तीसरे राउंड में उनकी भिड़ंत 2021 की फाइनलिस्ट लेलाह फर्नांडिस से हो सकती है, जो हाल ही में सिटी ओपन में चैंपियन बनी थीं और 31वीं वरीयता प्राप्त हैं। अगर सबालेंका चौथे राउंड तक पहुंचती हैं, तो उनका सामना नौवीं वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना से हो सकता है। रायबाकिना ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में सबालेंका को सीधे सेटों में हराया था। क्वार्टर फाइनल पार करने पर सेमीफाइनल में सबालेंका की टक्कर फिर से जेसिका पेगुला से हो सकती है। पेगुला पहला राउंड मिस्र की मायार शरीफ के खिलाफ खेलेंगी और उनकी क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा से भिड़ंत हो सकती है।

गॉफ और स्विएटेक एक ही ग्रुप में कोको गॉफ और इगा स्विएटेक एक ही ग्रुप में हैं। दोनों ही यूएस ओपन का खिताब जीत चुकी हैं। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्विएटेक पहले राउंड में कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो से भिड़ेंगी। तीसरे राउंड में उनकी मुलाकात 29वीं वरीयता प्राप्त अन्ना कालिन्सकाया से हो सकती है, जबकि चौथे राउंड में 13वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा चुनौती पेश कर सकती हैं। अलेक्जेंड्रोवा ने पिछले साल मियामी ओपन में स्विएटेक को हराया था। क्वार्टर फाइनल में स्विएटेक का सामना विंबलडन फाइनलिस्ट और आठवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा से हो सकता है।

## एशिया कप में बिना स्पॉन्सर के खेलेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली, 22 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की सबसे बड़ी फैंटेसी गेमिंग कंपनी ड्रीम11 अपना रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) कारोबार बंद करने जा रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। यह फैसला भारत सरकार द्वारा हाल ही में पास किए गए ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के बाद लिया गया है। इस बिल के तहत ऑनलाइन रियल मनी गेम्स पर पूरी तरह से पाबंदी है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ड्रीम11 की पेरेंट कंपनी ड्रीम स्पोर्ट्स ने यह जानकारी अपने कर्मचारियों को 20 अगस्त को एक इंटरनल टाउनहॉल मीटिंग में दी। ड्रीम11 भारतीय क्रिकेट टीम और आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट्स का प्रमुख स्पॉन्सर रहा है। ऐसे में ये भी खबरें है कि टीम इंडिया एशिया कप में बिना स्पॉन्सर के खेलेगी। 21 अगस्त 2025 को राज्यसभा ने और उससे एक दिन पहले लोकसभा ने प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 को मंजूरी दी।

## राखी पहलवान का आमरण अनशन शुरू

# ससुरालियों ने घर से निकाला, विदेश भागा पति दरोगा ससुर ने भी किया बुरा व्यवहार



गाजियाबाद, 22 अगस्त (एजेंसियां)। महिला पहलवान राखी ने अपने और लाखों महिलाओं के लिए न्याय की मांग को लेकर आज से गाजियाबाद जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना और आमरण अनशन शुरू किया है। राखी ने अपने ससुराल वालों पर बिना किसी कारण के उन्हें घर से निकालने और उनके सम्मान व मेहनत का अपमान करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस और प्रशासन ने उनकी मदद करने के बजाय उन्हें और उनके बुजुर्ग माता-पिता को धमकियां दी हैं।

राखी पहलवान ने घोषणा की है कि जब तक उन्हें और उनके जैसी अन्य महिलाओं को पूर्ण न्याय नहीं मिलता, वे अनिश्चितकालीन धरना और आमरण अनशन जारी रखेंगी। उन्होंने कहा, यह अनशन मेरे लिए नहीं, बल्कि उन तमाम बहन-बेटियों के लिए है जो अपने हक के लिए लड़ रही हैं। उन्होंने समाज से अपील की है कि वे उनके साथ खड़े हों और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। राखी ने कहा, ₹हमारी ताकत हमारी एकता में है। मेरे साथ खड़े हों, ताकि हम एक ऐसा समाज बना सकें जहां हर महिला को सम्मान, सुरक्षा और समानता मिले।

राखी ने बताया कि उनकी शादी 9 जुलाई 2024 को गाजियाबाद के अवंतिका कॉलोनी निवासी भुवनेश कुमार से हुई थी। शुरू में सब ठीक था, लेकिन कुछ समय बाद ससुराल वालों का व्यवहार बदल गया। उनके पति, जो मुंबई में नौकरी करते हैं, ने उन्हें धोखा देकर विदेश चले गए और उनके नंबर ब्लॉक कर दिए। ससुर, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में दारोगा हैं, ने भी उनके साथ बुरा व्यवहार किया। राखी का कहना है कि ससुराल वालों ने उन्हें तलाक के लिए दबाव बनाया, लेकिन वे तलाक नहीं चाहतीं, बल्कि अपने ससुराल में सम्मान के साथ स्वीकार किया जाना चाहती हैं। राखी के इस आंदोलन को कई संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का समर्थन मिल रहा है। गाजियाबाद जिला मुख्यालय पर उनके धरने और अनशन को देखते हुए स्थानीय लोग और संगठन उनके समर्थन में जुट रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी उनकी मांगों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। अब तक प्रशासन और पुलिस की ओर से इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई की जानकारी सामने नहीं आई है। राखी ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे अपने अनशन को और तेज करेंगी। राखी ने अपने ससुराल वालों पर बिना किसी कारण के उन्हें घर से निकालने का आरोप लगाया है। वे मांग करती हैं कि घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत उनके मामले की तुरंत और निष्पक्ष सुनवाई हो और दोषियों को सजा दी जाए। साथ ही, यह स्पष्ट किया जाए कि उनके साथ ऐसा व्यवहार क्यों किया गया। राखी का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें और उनके परिवार को धमकाया है। वे मांग करती हैं कि यह जांच हो कि किसके आदेश पर उन्हें धमकियां दी गईं।

# यादाद्री विद्युत संयंत्र 15 जनवरी तक राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा : भट्टी

## यादाद्री पावर प्लांट की भूमि खोने वालों को मिला नियुक्ति पत्र

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क ने घोषणा की कि 4,000 मेगावाट क्षमता वाला यादाद्री विद्युत संयंत्र 15 जनवरी, 2026 तक राष्ट्र को समर्पित कर दिया जाएगा। उन्होंने इस बात पर रोष व्यक्त किया कि अक्टूबर 2022 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा पर्यावरणीय मंज़ूरियों पर रोक लगाने के बाद, तत्कालीन शासकों ने लगभग दो वर्षों तक यादाद्री विद्युत संयंत्र के कार्यों की पूरी तरह से अनदेखी की।

उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये के निवेश वाली इतनी बड़ी परियोजना में एक दिन की भी देरी से राज्य की जनता पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा। भट्टी विक्रमार्क ने बताया कि जनता के आशीर्वाद से, जब 7 दिसंबर, 2023 को प्रजा सरकार सत्ता में आई, तो उसने तुरंत फरवरी 2024 में एक और सार्वजनिक परामर्श आयोजित किया और पर्यावरणीय मंज़ूरियां प्राप्त कीं। तब से, परियोजना के कार्यों की प्रतिदिन निगरानी की जा रही है। कार्यों का एक साप्ताहिक कैलेंडर तैयार किया गया है, और उसके अनुसार प्रगति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया में दो इकाइयां पहले ही राष्ट्र को समर्पित की जा चुकी हैं। भट्टी विक्रमार्क शुक्रवार को प्रजा भवन में यदाद्री पावर प्लांट की भूमि खोने वालों के लिए नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हर हफ्ते, अगर निर्धारित कार्य पूरे नहीं होते हैं, तो अधिकारियों और इंजीनियरों से पूछताछ की जाती है और उन्हें जवाबदेह बनाया जाता है। इसके साथ ही, कोयला आपूर्ति के लिए रेलवे लाइन, कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए टाउनशिप जैसी व्यवस्थाएं तय समय पर पूरी की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि भेल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ समन्वय बनाए रखा जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) निधियों के माध्यम से यदाद्री पावर प्लांट के आसपास के गांवों में विश्वस्तरीय शिक्षा और कॉर्पोरेट स्तर की स्वास्थ्य सेवा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। प्लांट के आसपास के प्रत्येक मंडल के लिए एक एम्बुलेंस, सड़कों को



नुकसान से बचाने के लिए सीसी सड़कें और फ्लाईओवर, और सड़क निर्माण कार्यों के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु धनराशि स्वीकृत की गई है। भट्टी विक्रमार्क ने उन लोगों की आलोचना की जो यह गलत सूचना फैलाते हैं कि कांग्रेस का मतलब बिजली आपूर्ति नहीं है। उन्होंने कहा कांग्रेस का मतलब करंट है, करंट का मतलब कांग्रेस है। उन्होंने याद दिलाया कि 1978 में भी, तत्कालीन कांग्रेस सरकार के तहत, पंप स्टोरेज तकनीक का उपयोग करके बिजली उत्पादन के लिए जापान की मित्सुबिशी कंपनी से मशीनें आयात की जाती थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि कांग्रेस शासन के दौरान निर्मित जलविद्युत, तापीय, सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाएं आज भी सफलतापूर्वक काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में, प्रजा सरकार ने सभी जमीन गंवाने वालों को रोजगार प्रदान करने का एक महान मानवीय निर्णय लिया, जिससे 500 परिवारों को यदाद्री पावर प्लांट में रोजगार मिल सका। भट्टी विक्रमार्क ने आशा व्यक्त की कि ये परिवार सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रगति करेंगे और राज्य के विकास में योगदान देंगे।

# भद्राचलम में घट रही गोदावरी

## दूसरी चेतावनी ली गई वापस

कोत्तागुडेम, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भद्राचलम में गोदावरी नदी का जलस्तर घट रहा है और अधिकारियों ने शुक्रवार को पानी 48 फीट से नीचे चले जाने के बाद दूसरी चेतावनी का स्तर वापस ले लिया है। सुबह 7 बजे जलस्तर 48.8 फीट था और सुबह 9 बजे यह घटकर 47.9 फीट रह गया। दोपहर 1 बजे जलस्तर 46.20 फीट था और 10.59 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया था और नदी पहले चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही थी।

अधिकारियों ने बताया कि जैसे-जैसे नदी के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र से पानी का प्रवाह कम होगा, जलस्तर और कम होता जाएगा। नदी के किनारे बसे खेत और कई गांव अभी भी बाढ़ के पानी से घिरे हुए हैं। खम्मम में, पलेयर जलाशय में जलस्तर कम हो रहा है, जबकि लंका सागर और वायरा जलाशयों में जलस्तर स्थिर है। खम्मम के कलवोड्डु क्षेत्र में मुन्नेरू नदी का जलस्तर भी कम हो रहा है। ज़िले के 1061 तालाबों में से 310 तालाब अतिरिक्त जलस्तर पर हैं।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाना चाहिए गणेश उत्सव : नारायण रेड्डी

## गणेश चतुर्थी उत्सव की व्यवस्था को लेकर जिला कलेक्टर ने बैठक की



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। जिला कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी ने कहा कि गणेश उत्सव शांतिपूर्ण माहौल में और बिना किसी अप्रिय घटना के मनाया जाना चाहिए। शुक्रवार को एकीकृत जिला कार्यालय परिसर मीटिंग हॉल में गणेश चतुर्थी उत्सव की व्यवस्था पर डीसीपी, आरडीओ, नगर आयुक्तों, पुलिस अधिकारियों, गणेश उत्सव समिति के प्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के साथ जिला कलेक्टर सी. नारायण रेड्डी और अतिरिक्त कलेक्टर श्रीनिवास के साथ एक बैठक हुई।

इस अवसर पर बोलते हुए, कलेक्टर ने कहा कि चूंकि विनायक चतुर्थी उत्सव इस महीने की 27 तारीख से शुरू होगा और 6 सितंबर को विसर्जित किया जाएगा, इसलिए भक्तों और विनायक मंडपों के आयोजकों को सुरक्षित वातावरण में भक्ति और देखभाल के साथ त्योहार मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडपों के आयोजकों को सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए और उचित सावधानी बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गणेश जुलूस के मार्ग में गड्ढों वाली सड़कें, पैचवर्क मरम्मत कार्य, क्रेन, बैरिकेड्स और गणेश विसर्जन स्थलों पर मंच व्यवस्था का कार्य नगर निगम और आरएंडबी विभाग के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि अधिकारी पहले से योजना बनाकर समन्वय से कार्य करें ताकि लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। विशेष रूप से, बिना बिजली की रुकावट के निरंतर बिजली आपूर्ति बनाए रखी जाए, जिन स्थानों पर सबसे अधिक समस्याएं हैं, वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जाए, कड़ी सुरक्षा, चिकित्सा, सफाई, नियंत्रण कक्ष आदि की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि क्रमांकित मंडपों के पास सफाई रखी जाए, मंडपों के पास विशेष कर्मचारी तैनात किए जाएं, फॉगिंग और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, जहां आवश्यक हो वहां बिजली लगाई जाए और नीचे लटके तारों को ठीक किया जाए। उन्होंने कहा कि मूर्तियों के जुलूस के दौरान वाहनों में कोई यांत्रिक समस्या उत्पन्न न हो, विसर्जन के दौरान लटके हुए तार, झुके हुए पेड़ आदि हटाए जाएं। उन्होंने सुझाव दिया कि तालाबों के पास क्रेन लगाई जाए और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सावधानी बरती जाए। उन्होंने सुझाव दिया कि तालाबों के पास चिकित्सा शिविर लगाए जाने चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए नगर निगम के अधिकारी और पुलिस अधिकारी समन्वय से काम करें। भाग्यनगर गणेश उत्सव समिति के महासचिव शशिधर ने कहा कि कलेक्टर से अनुरोध किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि गणेश उत्सव को भव्य रूप से आयोजित करने के लिए सभी विभाग समन्वय से काम करें, विसर्जन के दौरान तालाबों पर आवश्यक क्रेन स्थापित करें, बिना किसी रुकावट के बिजली की आपूर्ति करें और ऐसी व्यवस्था करें जिससे कोई कठिनाई न हो। बैठक में जिला अतिरिक्त कलेक्टर श्रीनिवास, जिला राजस्व अधिकारी संगीता, महेश्वरम डीसीपी सुनीता रेड्डी, एलबी नगर डीसीपी प्रवीण कुमार, शमशाबाद अतिरिक्त डीसीपी के. रामकुमार, माधापुर अतिरिक्त डीसीपी साईराम, आरडीओ अनंत रेड्डी, चंद्रकला, सरिता, जगदीश्वर रेड्डी, नगर आयुक्त, पुलिस अधिकारी, आरएंडबी अधिकारी, गणेश उत्सव समिति के सदस्य, संबंधित अधिकारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्राथमिक विद्यालय में बंदर के हमले में कक्षा 5 की छात्रा घायल



राजन्ना सिरसिल्ला, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कोनराहुपेट मंडल के बावुसाइपेट में शुक्रवार को बंदरों के एक समूह के हमले में कक्षा पांच की छात्रा शेख रेशमा घायल हो गई। बावुसैपेट प्राथमिक विद्यालय के छात्रों पर बंदरों के एक झुंड ने हमला कर दिया। रेशमा के दाहिने हाथ में चोट आई है। स्कूल स्टाफ ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। पिछले कुछ महीनों से बंदरों के स्कूल परिसर में डेरा डालने के कारण विद्यार्थियों के साथ-साथ मध्याह्न भोजन कर्मचारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। प्रधानाध्यापक श्रीधर ने बताया कि स्कूल परिसर में बंदरों के घूमने से कक्षाएं जारी रखना मुश्किल हो गया है। दोपहर के भोजन के समय तो समस्या और भी गंभीर हो जाती है, इसलिए अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजने से डरते हैं। स्कूल परिसर में एक आंगनवाड़ी केंद्र है। गर्भवती महिलाएं और बच्चे अक्सर वहां आते थे। उन्हें भी बंदरों से परेशानी हो रही थी। इसलिए, ग्रामीण चाहते थे कि प्रशासन बंदरों की समस्या का समाधान करे।

# सचिवालय घेरने की भाजपा नेताओं की कोशिश से तनाव

## सचिवालय के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। ग्रेटर हैदराबाद सीमा के भीतर मुद्दों के समाधान की मांग कर रहे भाजपा के कई राज्य नेताओं और समर्थकों ने शुक्रवार दोपहर हैदराबाद बचाओ बैनर तले तेलंगाना सचिवालय की घेराबंदी करने की कोशिश की, जिससे हल्का तनाव पैदा हो गया। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने सचिवालय के आसपास कड़ी सुरक्षा व्यवस्था तैनात कर दी है। इस घेराव में छह जिलों के भाजपा जिला अध्यक्षों और पार्षदों के शामिल होने की उम्मीद है।

कई प्रदर्शनकारियों को एहतियातन हिरासत में ले लिया गया और स्थानीय पुलिस थानों में स्थानांतरित कर दिया गया। हालांकि, संभावित तनाव की आशंका को देखते हुए पुलिस ने एहतियाती कदम उठाए हैं और सिकंदराबाद से बी श्याम सुंदर गौड़ सहित ग्रेटर हैदराबाद के कई भाजपा नेताओं को पहले ही नजरबंद कर दिया है। इससे पहले, तेलंगाना क्रांति दल के अध्यक्ष संगमरेड्डी पृथ्वीराज (जो 'मारवाड़ी वापस जाओ' अभियान के आरंभकर्ताओं में से एक थे) को भी हिरासत में ले लिया गया।

# बहस के बिना कालेश्वरम रिपोर्ट प्रकाशन अनुचित

## सार्वजनिक डोमेन से हटाए सरकार : हाई कोर्ट

हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को विधानसभा में चर्चा से पहले, कालेश्वरम परियोजना पर पीसी घोष आयोग की रिपोर्ट को सार्वजनिक करने के लिए राज्य सरकार की आलोचना की। राज्य सरकार को निर्देश दिया गया है कि चवह आधिकारिक रिपोर्ट या उसका सारांश सार्वजनिक डोमेन से हटा ले। न्यायालय ने मामले की सुनवाई पांच हफ़्ते बाद तय की है। मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह और न्यायमूर्ति जीएम मोइनुद्दीन की उच्च न्यायालय की खंडपीठ बीआरएस प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव तथा पूर्व मंत्री टी हरीश राव द्वारा दायर रिट याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें तेलंगाना सरकार को कालेश्वरम परियोजना रिपोर्ट पर कार्रवाई न करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।

बहस के दौरान, महाधिवक्ता ए. सुदर्शन रेड्डी ने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत नहीं की जाती और उस पर चर्चा नहीं हो जाती, तब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी, जैसा कि जांच आयोग अधिनियम के तहत अनिवार्य है। राज्य सरकार के लिखित तर्क के मद्देनजर, पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं की तत्काल कार्रवाई की आशंकाएं निराधार हैं। पीठ ने कहा कि इस स्तर पर किसी अंतरिम निर्देश की आवश्यकता नहीं है। अदालत ने कहा कि सरकार ने विधानसभा में बहस के लिए रिपोर्ट स्वीकार कर ली थी, इसलिए इसे आधिकारिक वेबसाइटों पर अपलोड करना अनुचित और अस्वीकार्य है, और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। पीठ ने कहा कि जब सरकार ने रिपोर्ट स्वीकार करने और उसे विधानसभा के समक्ष रखने का फैसला किया है, तो उसे या उसके सारांश को आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया जाना चाहिए था। अगर इसे किसी आधिकारिक वेबसाइट पर डाला गया है, तो उसे हटा दिया जाना चाहिए। राज्य सरकार को तीन सप्ताह के भीतर विस्तृत प्रति रिट याचिकाएं दायर करने का निर्देश दिया गया है, जबकि बीआरएस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव और पूर्व मंत्री टी हरीश राव को अपना जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया गया है।

# विधायक को स्थानीय लोगों के गुस्से का करना पड़ा सामना

करीमनगर, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मनकोंदूर के विधायक कव्वमपल्ली सत्यनारायण को शुक्रवार को तिम्मापुर मंडल के बलैयापल्ली में स्थानीय लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बलैयापल्ली के बजाय बलैयापल्ली और साहेबपल्ली गांवों के बीच ग्राम पंचायत भवन बनाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। विधायक जब गांव पहुंचे, तो स्थानीय लोग हाथों में तख्तियां लिए उनकी गाड़ी की ओर दौड़ पड़े और उन्हें उतरने से रोक दिया और उनके खिलाफ नारे लगाने लगे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सरकार बलैयापल्ली में ग्राम पंचायत कार्यालय बनाकर दूसरे गांव के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने ज़िला कलेक्टर से अपनी अपील पर विचार करने का अनुरोध करते हुए सरकार से दोनों गांवों के बीच ग्राम पंचायत कार्यालय बनवाने की मांग की। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की और प्रदर्शनकारी लोगों को शांत कराया।

# राजा बहादुर वेंकटराम रेड्डी ने कई सामाजिक बुराइयों को मिटाने का अथक प्रयास किया : सीवी आनंद

## राजा बहादुर की 156वीं जयंती समारोह में भाग लिया



हैदराबाद, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राजा बहादुर वेंकटराम रेड्डी एजुकेशनल सोसाइटी ने वाईएमसीए एक्स-रोड, नारायणगुडा, हैदराबाद में राजा बहादुर वेंकटराम रेड्डी की 156वीं जयंती समारोह का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीजी, पुलिस आयुक्त, हैदराबाद सी.वी. आनंद थे, जिन्होंने स्वर्गीय राजा बहादुर वेंकटराम रेड्डी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर बोलते हुए सी.वी. आनंद ने निज़ाम काल में 14वें कोतवाल के रूप में कार्यरत राजा बहादुर वेंकटराम रेड्डी की उल्लेखनीय सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने 1891 में सूबेदार (एसआई) के रूप में अपनी सेवाएं शुरू कीं और ईमानदारी व निष्ठा से काम किया। यहां तक कि निज़ाम ने भी उन्हें मान्यता दी और 1920 में उन्हें सीपी (कोतवाल) नियुक्त किया। अपनी 14 साल की सेवा के दौरान, उन्होंने उस समय प्रचलित कई सामाजिक बुराइयों, महिला शिक्षा, सशक्तिकरण, विधवा पुनर्विवाह आदि को मिटाने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने नागरिक और पुलिस दोनों कर्तव्यों को बहुत अच्छी तरह से निभाया। उन्होंने कई शैक्षणिक संस्थान भी स्थापित किए, जिनसे उनके अपने पिता और पत्नी जैसे लोगों को मदद मिली, जिन्होंने उनमें अध्ययन किया।

सी.वी. आनंद ने समुदाय के प्रति उनकी सेवा के लिए राजा बहादुर वेंकटराम रेड्डी एजुकेशनल सोसाइटी की भी सराहना की। इस अवसर पर सी.वी. आनंद ने राजा बहादुर वेंकटराम रेड्डी एजुकेशनल सोसाइटी की ओर से कई अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। उन्हें स्वर्ण पदक और 5,000 नकद प्रदान किए गए। सम्मानित होने वालों में के. सतीश रेड्डी, इंस्पेक्टर, साइबर अपराध, हैदराबाद, एस. सुरेश, एसआई, साइबर अपराध, हैदराबाद, एस. वेंकटेश्वरलू, डीआई, शादनगर, साइबराबाद पुलिस आयुक्तालय से है।

कार्यक्रम में बी. बालास्वामी, डीसीपी पूर्वी क्षेत्र, सचिव तीगला मोहन रेड्डी, अध्यक्ष एम.वी. रंगा रेड्डी, उपाध्यक्ष ए. सुकन्या रेड्डी, संयुक्त सचिव वासुदेव रेड्डी और राजा बहादुर एजुकेशनल सोसाइटी के कोषाध्यक्ष जी. कृष्ण रेड्डी उपस्थित थे। शहर के अन्य पुलिस अधिकारी और सोसाइटी के सदस्य भी उपस्थित थे।

# यूरिया की कमी से किसानों को हो रही परेशानी

राजन्ना सिरसिला, 22 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य में उर्वरक की आपूर्ति में अत्यधिक देरी के कारण कृषि संकट की आशंका शुक्रवार को भी जारी रही और किसान यूरिया खरीदने के लिए लंबी-लंबी कतारों में खड़े रहे। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को गंभीरावपेट मंडल के कोत्तापल्ली प्राथमिक कृषि सहकारी समिति से सामने आया। उर्वरक की कमी के चलते किसान सुबह-सुबह ही पैक्स गोदामों की ओर दौड़ पड़े और गोदाम खुलने से पहले ही कतारों में 147खड़े हो गए। किसानों ने बताया कि यूरिया की पर्याप्त आपूर्ति न होने से उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।












Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.